* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 121

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

सभी धर्म-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करेंगे : चंपाई सोरेन

समाज सेवा की प्रतिमूर्ति जितेंद्र सिंह ने थामा आजसू का हाथ

समर्पण से आगे बढ़ेंगे तो सफलता करेगी सलाम: जितेंद्र सिंह

रांची। समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध जेके ग्रुप ऑफ कंपनी के डायरेक्टर और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ने बीते 18 फरवरी को अरगोड़ा मैदान में आजसू का हाथ थाम लिया। 18 फरवरी को अरगोड़ा मैदान में मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने जितेंद्र सिंह को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आजसू के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान आजसू के कार्यकर्ता उत्साहित नजर आये। इससे पूर्व जितेंद्र सिंह ने आजसू वैन को शहर भ्रमण के लिए भी रवाना किया था।

आजसू पार्टी में शामिल होने पर प्रश्न पूछे जाने पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि जेके ग्रुप का जो स्लोगन है 'अध्ययन, अनुशासन, अध्यात्म और आत्मविश्वास' इन चारों स्तंभों को लेकर सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में शानदार प्रगति की जा सकती है। उन्होंने कहा कि आजसू से हमारा जुड़ाव महिलाओं, युवाओं, खिलाड़ियों, आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए है।

उन्होंने कहा कि आजसू से जुड़ने के पश्चात उनका नया जन्म हुआ है, जिसे सार्थक बनाने के लिए वह प्रतिबद्ध हैं। बकौल जितेंद्र सिंह पिछले 24 वर्षों से जेके ग्रुप ने झारखंड, विशेषकर रांची के विकास के लिए खूब कार्य किया है और आ आजसू के साथ जुड़ कर सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में झारखंड के लोगों की समृद्धि और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन और मेहनत से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सुदेश जी विकास पुरुष माने जाते हैं और जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज उनके कंधों को मजबूत करने का काम करेगी।

क्षेत्र के विकास और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित

समाजसेवी जितेंद्र सिंह समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह क्षेत्र के लोगों को शुद्ध जल, भोजन और गुणवत्तायुक्त चिकित्सा और शिक्षा आदि उपलब्ध कराने के लिए हर वक्त प्रयासरत रहते हैं। वह समाज को बेहतर बनाने के लिए कृत्संकल्पित हैं। जरूरतमंद लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके खुशहाल जीवन के लिए जितेंद्र सिंह बेहद सक्रिय नजर आते हैं। आ आजसू पार्टी के साथ जुड़कर वह इस कार्य को वृहद स्तर पर ले जाने का कार्य करेंगे।

जितेंद्र सिंह ताते हैं कि वह लगभग 24 सालों से झारखंड खासकर रांची के लोगों की सेवा में रत हैं। आजसू से गठजोड़ के बाद जितेंद्र सिंह बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेरोजगारों को रोजगार दिलाने, खेल के क्षेत्र में युवाओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर खास ध्यान देंगे। बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना उनका मुख्य उद्देश्य है। समाजसेवी जितेंद्र सिंह का कहना है कि बच्चे जा शिक्षित होंगे, तभी विकास होगा।

समर्पण की भावना से सभी करें कदमताल

जितेंद्र सिंह ने खुद को मानवता के लिए समर्पित कर दिया है। उनका कहना है कि आपके काम से आपकी प्रतिष्ठा जुड़ी है। आपका सम्मान और नाम जुड़ा हुआ है। बेहतर काम कर के ही आप यश, प्रतिष्ठा के सही मायनों में हकदार बनेंगे। जा आप समर्पण की भावना से आगे बढ़ेंगे, तभी सफलता-तरक्की आपको सलाम करेगी।

कोरोना काल में सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनायी

बहुत से समाज सेवी कोरोना काल में आगे आये और कोरोना योद्धा के रूप में इस महामारी से प्रभावित लोगों की सेवा और सहायता का कार्य किया। ऐसे ही एक समाज सेवी हैं जितेंद्र सिंह। जितेंद्र सिंह की सेवा भावना की बानगी कोरोना काल में दिखी, जा वर्ष 2020 में चहुंओर खौफ का माहौल पैदा करने वाली कोरोना महामारी का प्रकोप कहर बनकर बरस रहा था। उस वक्त जितेंद्र सिंह हजारों बेसहारा लोगों के फरिश्ते बन गये। इन्होंने लोगों के भोजन, घर, कपड़े, दवाइयों आदि की व्यवस्था की। जगह-जगह मास्क-सेनेटाइजर का वितरण किया। आर्थिक रूप से सहायता की और पूरे समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया।

सेवा ही हमारा लक्ष्य: जितेंद्र सिंह

जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए आजसू पार्टी में शामिल हुआ

आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड की प्रगति के प्रति सुदेश जी की सोच और उनके कार्यों से प्रभावित होकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आजसू पार्टी में शामिल हुआ। अध्ययन, अनुशासन, आध्यत्म और आत्मविश्वास इन चार चीजों के साथ सुदेश जी के नेतृत्व में जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र आज पूरे राज्य में विकास का

आइना है। बाकी विधानसभा में हुए कार्य एक तरफ और सिल्ली विधानसभा में सुदेश जी के द्वारा किये गये कार्य एक तरफ हैं। सिल्ली पढ़ाई, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी राज्य ही नहीं पूरे देश में विकास की मिसाल है।

बच्चे शिक्षित होंगे, तभी विकास होगा

जितेंद्र सिंह कहते हैं कि बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना उनका मुख्य उद्देश्य है। बच्चे जा शिक्षित होंगे, तभी विकास होगा। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना उनका सासे पहला और बड़ा लक्ष्य है। जितेंद्र सिंह कहते हैं कि राजनीति शुरू करने और अब आजसू पार्टी से जुड़ने का मुख्य उद्देश्य है कि झारखंड में अधिकतम विकास हो। सुदेश कुमार महतो के व्यक्तित्व से मुझे प्रेरणा मिलती है। उन्होंने स्पोर्ट्स के क्षेत्र में शानदार कार्य किया है। राज्य के युवाओं को एक सुनहरा भविष्य दिया है। उनके नेतृत्व में तीरंदाजी में जिस तरह से हमारे युवा परचम लहरा रहे हैं, वह प्रेरित करने वाला है। मुख्य रूप से शिक्षा और खेल क्षेत्र में विकास के लिए हम आजसू पार्टी से जुड़े हैं।

जितेंद्र सिंह ने जनता की सेवा के लिए पार्टी का दामन थामा: सुदेश महतो

आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा- गरीबों के चेहरों पर हंसी लाना मेरा लक्ष्य

आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने समाजसेवी जितेंद्र सिंह का पार्टी में स्वागत किया। कहा कि राजनीति काफी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। इस चुनौती को स्वीकारते हुए जितेंद्र सिंह जी जनता की सेवा के उद्देश्य से पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विभिन्न माध्यमों के जरिये सामज की सेवा पहले भी की है। वे पार्टी से जुड़कर लोकहित के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि शहर की चकाचौंध में शहर की मूलभूत आवश्यकताएं छिप जाती हैं। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब के बेटे के भविष्य को भी सुरक्षित करना होगा। गरीबों के चेहरों पर हंसी लाना मेरा लक्ष्य। शहरी परिवेश को स्मार्ट बनाने की जरूरत है।

आजसू युवाओं की पार्टी है, साथ ही हर वर्ग के लोग, हर धर्म, हर संप्रदाय के लोग इस पार्टी को पसंद करते हैं। सुदेश जी विकास पुरुष माने जाते हैं और पार्टी से जुड़कर जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज और मैं उनके कंधों को मजबूत करने हेतु कृतसंकल्पित हैं।

-जितेंद्र सिंह
समाजसेवी सह डायरेक्टर
जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज

मीडिया इनिशिएटिव

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,200 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in

दुमका में मुद्दों की कमी नहीं, पर कोई बात तो करे

■ पलायन, भ्रष्टाचार और पिछड़ेपन जैसे बड़े मुद्दों से होगा प्रत्याशियों का सामना

■ 2019 में ध्वस्त हो चुके गढ़ को फिर हासिल करने की है झामुमो को चुनौती

■ भाजपा के लिए आसान नहीं है इस सीट को फिर से अपनी झोली में ले आना

■ बड़ा सवाल : क्या इस बार सोरेन परिवार का कोई नया सदस्य मैदान में उतरेगा

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की उप राजधानी दुमका का संसदीय क्षेत्र प्रशासनिक रूप से जितना पिछड़ा है, राजनीतिक रूप से उतना ही संवेदनशील है। झारखंड के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक इस संसदीय क्षेत्र में जामताड़ा, दुमका और देवघर जिले के विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है। यहां पर खनन में प्राप्त पाषाणकालीन औजार इस क्षेत्र की ऐतिहासिकता की गवाही देते हैं। राजमहल की पहाड़ियों से घिरे होने के कारण यह क्षेत्र बेहद दुर्गम रहा है। यही 'दुर्गम' शब्द आगे चल कर 'दुमका' हो गया। 1539 में चौसा के युद्ध में शेरशाह सूरी की जीत के बाद यह क्षेत्र अफगानों के कब्जे में आ गया। बाद में यह इलाका मुगल सम्राट अकबर के प्रभुत्व में आ गया। बासुकिनाथ धाम यहीं पर है। भगवान भोलेनाथ धाम के नाम से इसे पूरे देश में जाना जाता है। सावन महीने में यहां पूरे देश से हिंदू धर्म के लोग कांवर लेकर पहुंचते हैं। दुमका सीट को झामुमो का गढ़ कहा जाता है, लेकिन 2019 में यह गढ़ ध्वस्त हो गया। झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक शख्सियत शिबू सोरेन की कर्मभूमि पर वह भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोरेन से पराजित हो गये। हालांकि यह पहली बार नहीं था। दुमका में झामुमो की जीत का पहिया लगातार घूमता रहा है। 1998 में भी भाजपा के बाबूलाल मरांडी ने जेएमएम के इस गढ़ को भेदा था। वर्ष 2002 के मध्यावधि चुनाव से 2014 तक शिबू सोरेन ने इस सीट पर लगातार चार बार जीत हासिल की। दुमका सीट से जीत-हार की राजनीति का गणित बदलता रहा है। इस बार यहां पलायन और भ्रष्टाचार के अलावा पिछड़ेपन जैसे गंभीर मुद्दे तो हैं, लेकिन इनकी बात नहीं हो रही। लोग इसी चर्चा में व्यस्त हैं कि क्या इस बार झारखंड के पहले राजनीतिक परिवार का कोई नया सदस्य यहां उनकी नुमाइंदगी करने के लिए मैदान में उतरेगा। क्या है दुमका संसदीय सीट का इतिहास और 2024 में क्या हो सकते हैं मुद्दे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

जल, जंगल और जमीन, आदिवासी इलाकों की बुनियाद इन्हीं तीन पैमानों पर टिकी होती है। झारखंड का दुमका एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है। दुमका यानी विशाल पहाड़ियों और जंगल के अंदर स्थित जगह, जो प्राकृतिक संसाधनों के मामले में काफी समृद्ध है। दामिन-ए-कोह की पहाड़ियों के ऊपर बसा यह क्षेत्र कई पर्वत, नदियों और घाटियों से भरा हुआ है। वर्ष 2000 में नये झारखंड राज्य के गठन के बाद दुमका जिले को विभाजित किया गया और जमताड़ा उप-डिवीजन को अलग जिले के रूप में अपग्रेड किया गया। अपने पश्चिम में धार्मिक नगरी देवघर (शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बैद्यनाथ धाम) से सटे दुमका की सियासत के केंद्र में 'गुरुजी' रहे हैं। गुरुजी यानी शिबू सोरेन, जो पिछले चार चुनावों से यहां अजेय बने हुए थे। 1980 में पहली बार चुनाव जीतने वाले शिबू सोरेन का इस आदिवासी बहुल इलाके में मजबूत जनाधार है। पिछले चार दशक से यहां की सियासत उन्हीं के आगे-पीछे घूमती रही है। यहां तक की 2014 की मोदी लहर में भी गुरुजी का किला उनके पास बरकरार रहा। हां 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने शिकस्त दी। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

दुमका सीट की खासियत

खनिजों की मौजूदगी से दुमका देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान दे रहा है। इसके अलावा भवन निर्माण सामग्री यहां प्रचुर मात्रा में मिल रही है, जो औद्योगिक दृष्टिकोण से प्रमुख भूमिका निभा सकती है। जिले का 30 फीसदी से अधिक वन क्षेत्र है और यह औषधीय पौधों और पेड़ों से भरा हुआ है। जंगल आधारित उद्योगों के लिए लंबे बांस के पेड़ बड़ा जरिया बन सकते हैं। यह जिला धार्मिक दृष्टिकोण से काफी अहम है। बाबा बासुकीनाथ मंदिर और मलूटी मंदिर श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं।

दुमका की सीट झारखंड की राजनीति और बड़े नेताओं की साख से जुड़ी रही है। यह झारखंड की राजनीति का रुख बदलनेवाली सीट रही है। 80 के दशक में झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने झामुमो का खूंटा संताल परगना में इसी सीट के सहारे गाड़ा था। यहां से शिबू सोरेन ने आठ बार चुनाव जीत कर इस सीट को झामुमो का अभेद्य किला बनाया था। वर्ष 1989, 1991 और 1996 के तीन चुनाव में शिबू सोरेन की लगातार जीत हुई। इस सीट पर झामुमो की जीत का पहिया लगातार घूमता रहा है। वर्ष 2002 के मध्यावधि चुनाव से 2019 तक शिबू सोरेन ने इस सीट पर लगातार चार बार जीत हासिल की। दुमका सीट से जीत-हार की राजनीति का गणित बदलता रहा है। 1998-99 में पहली बार भाजपा ने बाबूलाल मरांडी के सहारे इस सीट पर जीत का झंडा गाड़ा और शिबू सोरेन को शिकस्त देनेवाले बाबूलाल भाजपा का बड़ा चेहरा बन कर उभरे। तब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में वन और पर्यावरण राज्यमंत्री बनाये गये। भाजपा के लिए यह जीत संताल परगना में पैर पसारने की जगह तैयार करनेवाली थी।

क्या है वर्तमान स्थिति

दुमका संसदीय सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें आती हैं। शिकारीपाड़ा (एसटी), जामताड़ा, दुमका (एसटी), नाला, सारथ और जामा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र इसके तहत आते हैं। दुमका लोकसभा सीट पर आदिवासी मतदाता ही तुरुप का इक्का रहे हैं। 1980 में जब सोरेन पहली बार जीते थे, तो अंतर चार हजार से भी कम था, लेकिन आदिवासियों में मजबूत पकड़ की बदौलत गुरुजी की जीत का अंतर 1989 में 1.10 लाख तक पहुंच गया। 1996 में कांटे के मुकाबले में उन्होंने बाबूलाल मरांडी को करीब साढ़े पांच हजार वोटों से शिकस्त दी थी। अगले दो लोकसभा चुनाव को छोड़ कर 2002 के उपचुनाव के बाद से 2019 तक यह सीट लगातार शिबू सोरेन के पास ही रही।

दुमका संसदीय क्षेत्र का जातीय गणित

2011 की जनगणना के मुताबिक दुमका जिले की आबादी 13 लाख 21 हजार 442 है। इसमें से 6.68 लाख से अधिक पुरुष और 6.52 लाख से अधिक महिलाएं हैं। जिले की 93.18 फीसदी आबादी ग्रामीण इलाकों में रहती है, वहीं शहरी इलाकों में रहनेवालों की तादाद 6.82 फीसदी है। दुमका आदिवासी बहुल जिला है और यहां उनकी जनसंख्या 5.71 लाख यानी 43.21 फीसदी है। इसके अलावा जिले में 1.06 लाख (8.09 प्रतिशत) मुस्लिम और 86 हजार (6.54 प्रतिशत) इसाई आबादी निवास करती है।

दुमका का सियासी समीकरण

पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोरेन ने शिबू सोरेन को हराया था। इस बार के चुनाव में स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन के मैदान में उतरने की संभावना कम है, लेकिन झामुमो के लिए इसे दोबारा जीतना आसान नहीं होगा। पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार और पलायन जैसे मुद्दे भाजपा से अधिक झामुमो के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। दुमका में जीत-हार आदिवासी मतदाताओं पर निर्भर है, लेकिन इसके अलावा करीब 14.5 प्रतिशत मुस्लिम और इसाई वोट बैंक भी जीत-हार में निर्णायक हो सकता है।

जहां तक 2024 के चुनाव में सीट की दावेदारी का सवाल है, दुमका में विपक्षी गठबंधन में तस्वीर एकदम साफ है। इस सीट पर झामुमो का स्वाभाविक दावा है। झामुमो इस सीट पर शिबू सोरेन को उतारता रहा है। इस बार परिस्थिति बदलने के संकेत मिल रहे हैं। शिबू सोरेन की अस्वस्थता को देखते हुए सोरेन परिवार से किसी नये सदस्य के चुनाव लड़ने की चर्चा क्षेत्र में है। बहरहाल झामुमो ने इसको लेकर कोई संकेत फिलहाल नहीं दिये हैं, लेकिन दुमका का चुनावी रोमांच बढ़ गया है।

भाजपा के लिए भी यह अहम सीट

आनेवाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा और झामुमो की राजनीतिक ताकत इस सीट से तौली जायेगी। पिछले चुनाव में झामुमो के दिग्गज नेता शिबू सोरेन को मात देकर भाजपा के सुनील सोरेन चुनाव जीते थे। सुनील सोरेन के सामने पार्टी के अंदर और चुनावी जमीन पर कई चुनौतियां हैं। सुनील सोरेन की सक्रियता को लेकर पार्टी के अंदर सवाल उठते रहे हैं। कार्यकर्ताओं के एक वर्ग के नाराज होने की बात भी कही जा रही है। ऐसे में एक बार फिर दावेदारी को लेकर सुनील सोरेन को मशक्कत करनी पड़ सकती है। वहीं रघुवर सरकार में मंत्री रहीं लुइस मरांडी भी इस सीट से दावेदार बतायी जाती हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में टिकट के लिए लुइस मरांडी ने अपनी ताकत लगायी थी। इस सीट पर जिलाध्यक्ष पारितोष सोरेन और जामा विधानसभा से चुनाव लड़नेवाले सुरेश मुर्मू भी समय-समय पर अपनी दावेदारी करते रहे हैं।

छह सीटों में चार पर झामुमो का कब्जा

दुमका संसदीय सीट में छह विधानसभा सीटें हैं। इसमें शिकारीपाड़ा, नाला, दुमका और जामा में झामुमो का कब्जा है। वहीं जामताड़ा कांग्रेस के पास है और सारठ से भाजपा जीत कर आयी है। दुमका संसदीय क्षेत्र की विधानसभा सीटों पर झामुमो का लंबे समय से बेहतर प्रदर्शन रहा है। आनेवाले चुनाव में भी भाजपा के सामने ये चुनौतियां होंगी।

दुमका के अब तक के सांसद

1957: देबी सोरेन (जेएचपी)
1962: सत्य चंद्र बेसरा (कांग्रेस)
1967: सत्य चंद्र बेसरा (कांग्रेस)
1971: सत्य चंद्र बेसरा (कांग्रेस)
1977: बटेश्वर हेमरम (भारतीय लोकदल)
1980: शिबू सोरेन (निर्दलीय)
1984: पृथ्वी चंद किस्कू (कांग्रेस)
1989: शिबू सोरेन (जेएमएम)
1991: शिबू सोरेन (जेएमएम)
1996: शिबू सोरेन (जेएमएम)
1998: बाबूलाल मरांडी (बीजेपी)
1999: बाबूलाल मरांडी (बीजेपी)
2002 उपचुनाव: शिबू सोरेन (जेएमएम)
2004: शिबू सोरेन (जेएमएम)
2009: शिबू सोरेन (जेएमएम)
2014: शिबू सोरेन (जेएमएम)

2019 का चुनाव परिणाम

नाम	पार्टी	प्राप्त मत
सुनील सोरेन	भाजपा	484923
शिबू सोरेन	झामुमो	437333
डॉ श्रीलाल किस्कू (निर्दलीय)		16562

भाजपा में शामिल होने के बाद पाक-साफ हो जा रहे हैं ट्रायल फेस कर रहे सांसद, विधायक: सुप्रियो

जेएमएम महासचिव ने कसा तंज, कहा- भाजपा कहती है कि हमारे लिए आदिवासी सम्मान सर्वोच्च

लेकिन आदिवासी सीएम नहीं चाहिए, आदिवासी सीएम होगा तो उसका स्थान जेल में होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव और आदिवासियों के हक अधिकार को लेकर झामुमो ने भाजपा पर जम कर हमला किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि देश में सैकड़ों सांसद, विधायक और नेता मुकदमे का ट्रायल फेस कर रहे थे, लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद साफ-पाक हो गये। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि देश के 704 विधायक, सांसद भाजपा में शामिल हुए और उन पर कानूनी कार्रवाई भी हुई, लेकिन आज वे सभी लोग उनकी अंगुली के नगीने हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा बोलती है कि हमारे लिए आदिवासी सम्मान सर्वोच्च है, लेकिन आदिवासी सीएम नहीं चाहिए, आदिवासी सीएम होगा, तो उसका स्थान जेल में होगा।

आदिवासी राष्ट्रपति रायसीना में कैद

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आदिवासी राष्ट्रपति को रायसीना में कैद कर के रख दिया गया है। वर्तमान आदिवासी राष्ट्रपति को संसद के उद्घाटन से दूर रखा गया। चुनाव आयोग सिर्फ चुनाव की तिथि बतायेगा, इडी इलेक्शन डिपार्टमेंट का काम है चुनाव कराना। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन पर बर्बरता की जा रही है। पीएम दलहन उगाने और खरीदने की अगर बात कर रहे हैं, तो वह भी अडाणी के लिए। कपास उगाने की बात हो रही है, वो भी अंबानी के लिए। पीएम के पास विदेश का निमंत्रण आ रहा है, तो पूरे देश से हेमंत सोरेन के लोगों का निमंत्रण आ रहा है।

देश में बहुत कुछ बदल गया

भट्टाचार्य ने कहा कि विगत दस साल के शासन में पीएम मोदी ने कई चीजों की परिभाषा बदल डाली। 2014 में मोदी ने कहा, हमारे आने के बाद देश में बहुत कुछ नया होगा। देश बदल जायेगा। 2019 में कहा था कि क्या खाना, क्या नहीं खाना है। क्या पहनना है, क्या नहीं पहनना है। क्या पढ़ना है, क्या नहीं पढ़ना है। क्या सुनना है क्या नही सुनना है। विपक्ष मतलब भ्रष्टाचारी और जो भाजपा में है सदाचारी। जो शासन के हां में हां मिलाये वह राष्ट्रवादी। जो शासन का विरोध करे वह देशद्रोही। जो भाजपा के साथ चल जाये और डिप्टी सीएम, मंत्री और जो उनके साथ न जाये उसकी जगह जेल।

बिक चुके हैं दिल्ली में जमे कांग्रेसी विधायक : एनोस

रांची। झारखंड पार्टी के प्रमुख और पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने दिल्ली में जमे कांग्रेसी विधायकों को निशाने पर लिया है। सिमडेगा में सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं संग आयोजित एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते कांग्रेस विधायकों पर चुटकी ली। कहा कि जो भी कांग्रेस के विधायक सरकार से नाराज हैं, वे भाजपा के हाथों बिक चुके हैं। कांग्रेसी विधायक भी यही चाहते हैं कि यहां का कंट्रोल दिल्ली से ही होता रहे। अभी तो ऐसा लगता है कि वे बीजेपी के हाथों बिक गये हैं। प्रदेश सरकार को अस्थिर करने में लगे हैं। उनका ध्यान क्षेत्र के लोगों के विकास और उनकी भावनाओं पर नहीं है। इस क्षेत्र की जनता कांग्रेस, झामुमो से ऊब चुकी है। भ्रष्टाचार चरम पर है। अब जनता बदलाव का मन बना चुकी है।

पश्चिमी सिंहभूम में पीएलएफआइ उग्रवादियों का उत्पात

पोकलेन को किया आग के हवाले बैनर लगा कर ली हमले की जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। झारखेड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र के रेंगालबेड़ा में पीएलएफआइ उग्रवादियों ने तालाब निर्माण कार्य में लगे पोकलेन में आग लगा दी। घटना रविवार आधी रात की बतायी जा रही है। घटना के बाद मजदूरों में दहशत है। वे निर्माण स्थल से डर कर भाग गये हैं। जानकारी के अनुसार, पीएलएफआइ उग्रवादियों का एक समूह तालाब निर्माण स्थल पर पहुंचा और पोकलेन में आग लगा दी। इससे पोकलेन पूरी तरह जल गया है। पोकलेन मशीन में आग लगायक जाने की सूचना पुलिस को दी गयी, जिसके बाद सोमवार सुबह पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस घटना के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पोकलेन जलाने के बाद पीएलएफआइ उग्रवादियों ने घटना स्थल पर एक बैनर भी छोड़ा है। इस बैनर के जरिए पीएलएफआइ उग्रवादियों ने घटना की जिम्मेदारी ली है। उसमें लिखा है कि संगठन से संपर्क किये बिना कोई भी काम किया गया तो फौजी कार्रवाई होगी। इस घटना के बाद लोग डरे हुए हैं। तालाब निर्माण कार्य में लगे मजदूर भी भाग गये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लेवी मांगने के लिए ही पीएलएफआइ उग्रवादियों ने पोकलेन में आग लगायी है और फिर बैनर लगाया है। इस क्षेत्र में काम करने के नाम पर चाहे भाकपा माओवादी हों या पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन, दोनों लेवी चाहते हैं। लेवी नहीं देने के कारण पहले भी संगठन द्वारा निर्माण कार्य में लगे वाहनों और मशीनों को आग के हवाले किया जा चुका है।

www.epaper.azadsipahi.in

20 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 121

न्यूज रील्स

राहुल की यात्रा में अखिलेश नहीं

लखनऊ (आजाद सिपाही)। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को अमेठी पहुंची। इसमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को भी शामिल होना था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता राहुल गांधी की यात्रा में तब तक शामिल नहीं होंगे, जब तक सीट शेयरिंग पर फैसला नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस के साथ कई दौर की बातचीत हो चुकी है। कई सूचियां उधर से आयी हैं और कई इधर से भी गयी हैं, लेकिन, कोई नतीजा नहीं निकला। उधर, सपा ने कांग्रेस को प्रदेश की 11 सीटें ऑफर की हैं। हालांकि ये कौन सी सीटें होंगी, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आयी है।

मौर्य ने नयी पार्टी का एलान किया

लखनऊ (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने नयी पार्टी का एलान किया है। उनकी पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी है। सोमवार को मौर्य ने पार्टी का झंडा लांच किया। नीला, लाल और हरे रंग की पट्टी वाले इस झंडे में बीच में आरएसएसपी लिखा हुआ है। स्वामी प्रसाद ने 13 फरवरी को सपा के महासचिव पद से इस्तीफा दिया था। सात दिन बाद ही उन्होंने पार्टी का एलान कर दिया। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी साहेब सिंह धनगर की है। मौर्य ने इसे री-लॉन्च किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर मंगाये

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव दोबारा कराये जाने की जगह नयी व्यवस्था दी। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा बैलट पेपर्स की गिनती कर चंडीगढ़ मेयर का चुनाव किया जाये। बैलट पेपर्स पर अगर पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने कोई निशान लगाये हैं तो उन्हें नजरअंदाज करके काउंटिंग की जाये। सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर्स कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिये हैं।

सीएम ने किया तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

सभी धर्म-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित करेंगे: चंपाई

- चतरा जिला के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की
- झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की

आजाद सिपाही संवाददाता

इटखोरी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि समाज के अंदर सबसे ज्यादा देवी मां की ही पूजा-अर्चना की जाती है। संसार में मां का अलग और महत्वपूर्ण स्थान है, चाहे वो भगवान रूपी देवी मां हों या मनुष्य को जन्म देनेवाली मां हों। मां सदैव पूजनीय एवं वंदनीय होती हैं। मनुष्य जीवन को अत्याचार और दुराचार से बचाने के लिए ही देवी मां का अवतरण होता है। मां ही हम सभी की दशा-दिशा तय करती हैं। हम सभी लोग विद्या, ज्ञान के लिए सरस्वती माता की वंदना करते हैं, वहीं सुख समृद्धि और वैभव के लिए लक्ष्मी मां की पूजा-अर्चना करते हैं। इसी प्रकार मां भद्रकाली के पूजन से हम सभी लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मुख्यमंत्री सोमवार को चतरा जिला के तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर मैं पूरे राज्यवासियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

हेमंत ने जो दीया जलाया, बुझने नहीं देंगे

चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड के आदिवासी, दलित, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे-बच्चियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ हमारी सरकार दे रही है। अब हमारे बच्चों की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन सभी वर्गों के बच्चों-बच्चों के लिए शिक्षा का जो 'दीया' जलाने का कार्य कर दिखाया है, उसे कभी बुझने नहीं दिया जायेगा। हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को निरंतर सुदृढ़ करने हेतु प्रयासरत है। शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य का निर्माण किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने पहले से ही यह तय कर रखा है कि राज्य के भीतर सभी धर्म-समुदाय के धार्मिक स्थलों को संरक्षित किया जायेगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही हमारी सरकार शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी वर्ग समुदाय के धार्मिक स्थलों का सुंदरीकरण कार्य करते हुए संरक्षित करने का काम कर रही है।

राजकीय इटखोरी महोत्सव के अवसर पर विभिन्न वर्ग-समुदायों के धर्मगुरु भी यहां उपस्थित हैं। आज बहुत उमंग और खुशी का दिन है। हम सभी लोग आज माता रानी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों को उनकी धार्मिक आस्था पर कोई ठेस न पहुंचे, इस हेतु हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। इटखोरी देश और दुनिया में एक बड़े धार्मिक स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। आनेवाले समय में इटखोरी एक जाना-पहचाना धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित हो, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

वर्ष 2027 तक 20 लाख परिवारों को देंगे पक्का मकान : मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवासविहीन परिवार को पक्का मकान देगी। जो लोग आज मिट्टी के कच्चे घरों में या झुग्गी-झोंपड़ियों पर रहने को विवश हैं, उन्हें प्राथमिकता के तौर पर हम पक्का मकान देने का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आधुनिक युग में देश और दुनिया जब इतनी रफ्तार से विकास कर रही है, तब हम झारखंड को किसी भी हाल में पीछे नही रहने देंगे। झारखंड हमेशा से खनिज संपदाओं वाला राज्य माना जाता है, परंतु विडंबना है कि हमारी खनिज संपदाओं का सबसे ज्यादा लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने लिया है। हमारी सरकार हर हाल में इस स्थिति को बदलेगी। यहां के मूलवासी और आदिवासी समाज को हम सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाने पर काम करेंगे। हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ाते हुए राज्य को हर क्षेत्र में प्रगति की ओर ले जाना है।

कार्यक्रम में थे मौजूद : इस अवसर पर मंत्री सत्यनानंद भोक्ता, बादल और विधायक किशुन कुमार दास के अलावा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, बौद्ध धर्म गुरु स्वामी रविंद्र कीर्ति जी, धर्म गुरु नांगजेय दोरजे जी, प्रधान पुजारी नागेश्वर जी, दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल हुए प्रधानमंत्री

यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल : नरेंद्र मोदी

10 लाख करोड़ के 14619 प्रोजेक्ट का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तरप्रदेश को नयी परिभाषा दी है। यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल है। उन्होंने कहा कि जितना किसान को फायदा होगा, उतने फायदे का बिजनेस होगा। हर हिंदुस्तानी को गर्व होता है, यूपी को एक ट्रिलियन की इकोनॉमी बनायेंगे, बाकी राज्य भी सीखें। उम्मीद है कि इससे 33.5 लाख से ज्यादा रोजगार मिल सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने 10 लाख करोड़ की 14619 योजनाओं का शुभारंभ किया।

कांग्रेस को भारत रत्न देना पसंद नहीं आया : प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तरप्रदेश की धरती के बेटे चौधरी चरण को भारत रत्न दिया। ये बात कांग्रेस को पसंद नहीं आयी। उनका नाम लेकर राजनीति करनेवाले कई दलों ने उनकी बातों को नहीं माना। उन्होंने छोटे किसानों के लिए जो किया, वह देश कभी नहीं भूल सकता। कांग्रेस गरीब, मजदूर, किसान, पिछड़ों का सम्मान नहीं करती है।

मैं वेडिंग इन इंडिया के लिए कहता हूं : मोदी ने कहा कि जब आप घूमने जा रहे हैं, तब वहां जो भी कुछ खास बनता हो, उसे खरीदने के लिए 10 फीसदी रकम जरूर रखें। इससे एमएसएमइ को बढ़ावा मिलेगा। अमीरी का फैशन चल पड़ा है। शादी विदेश में करो। इतना बड़ा

देश, क्या यहां शादी नहीं कर सकते हैं। मैं वेडिंग इन इंडिया कहता हूं। देश के लिए काम करके भी उसकी सेवा होती है।

तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनायेंगे : प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत के हर वासी को उसका हक मिले। चाहे पक्का घर हो, मुफ्त इलाज हो। साथियों मोदी आज उनको भी पूछ रहा है, जिन्हें पहले किसी ने नहीं पूछा। हमने गरीबों के लिए चार करोड़ मकान बनाये। दस हजार बहनों को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ा है। अभी तक एक करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाकर रहेंगे।

मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा है : प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आप दुनिया में कहीं भी जायें, भारत को लेकर अभूतपूर्व पॉजीटिविटी दिख रही है। चार-पांच दिन पहले कतर की विदेश यात्रा से लौटा हूं। हर देश भारत की ग्रोथ स्टोरी को लेकर पॉजीटिविटी से भरा हुआ है। आज देश में मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा है। लेकिन पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है।

यूपी में बिजनेस कल्चर डेवलप हुआ : मोदी ने कहा कि उत्तरप्रदेश में क्राइम कम हुआ है, बिजनेस कल्चर का विस्तार हुआ। बीते सात साल में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना। बदलाव की सबकी नियत है, तब उसे कोई रोक नहीं सकता है। बीते कुछ साल में यूपी से होनेवाले एक्सपोर्ट अब दो गुना हो चुका है। आज यूपी वो राज्य है, जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे हैं। जहां सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। जहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है।

उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनने जा रहा है : योगी

लखनऊ (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज छह साल के अंदर हम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन हो रहा है। औद्योगिक निवेश के बारे में कौटिल्य ने कहा था कि आर्थिक समृद्धि के लिए भूमि, पूंजी पर ध्यान देना होगा। मुझे कहते हुए अच्छा लग रहा है कि यह सब यूपी में मौजूद है। शुरुआती चरण में उद्यमियों ने हम पर भरोसा जताया था। निवेश परियोजनाओं में लाखों नौजवानों को जॉब मिली। कोविड के बावजूद तीसरा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की गयी। 80 हजार करोड़ के निवेश आये। 10-12 फरवरी 2023 में ग्लोबल इंवेस्टर समिट में आप सभी सहभागी रहे हैं। देश-दुनिया के उद्यमियों ने हम पर भरोसा जताया। 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव हमें मिल चुके हैं। उत्तरप्रदेश उत्तम प्रदेश बन कर अब उद्यम प्रदेश बनने जा रहा है।

रामगढ़ के वेस्ट बोकारो में कोयला तस्करों का दुस्साहस

छापामारी करने पहुंची पुलिस टीम पर जानलेवा हमला

- अवैध कोयला के विरुद्ध कार्रवाई करने पहुंचे जवान जान बचा कर भागे
- दौड़ा कर तस्करों ने फिर हमला किया
- अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर छुड़ा कर ले भागे

बीरु कुमार

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में कोयला तस्करों ने डीआइजी की टीम पर हमला किया और इस क्रम में अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर छुड़ा कर ले भागे। तस्करों ने जानलेवा हमला कर सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस टीम ने जब भागने का प्रयास किया, तो उस पर पथराव भी किया गया। पथराव से बचने के लिए टीम में शामिल अधिकारी और कर्मियों ने वाहन में छुप कर अपनी जान बचायी। इधर पुलिस ने नामजद सहित अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हजारीबाग डीआइजी सुनील भास्कर को रविवार की देर शाम गुप्त सूचना मिली कि वेस्ट बोकारो (घाटो) ओपी क्षेत्र के लइयो, केदला, गोसी से अवैध कोयले का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। सूचना पर श्री भास्कर ने एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसके बाद टीम का नेतृत्व कर रहे सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार पासवान अपनी टीम के साथ केदला के कलाली मोड़ के निकट पहुंचे। इसी बीच अवैध कोयला लेकर आ रहे ट्रैक्टर को रुकने का इशारा किया, जिसके बाद ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को रोक दिया। टीम में शामिल अधिकारी ट्रैक्टर को जब्त कर आगे बढ़ने लगे। इसी बीच कोयला कारोबारी जानकी अपने 50-60 सहयोगियों के साथ हरवे हथियार से लैस होकर पहुंचे और टीम पर हमला कर जब्त ट्रैक्टर को छुड़ा कर ले गये। इस दौरान टीम में शामिल अधिकारी घटनास्थल से भाग कर चोपड़ा मोड़ पहुंचे। लेकिन कोयला तस्करों ने दुबारा पीछा कर उन पर हमला कर दिया, जिससे कई पुलिसकर्मियों को चोट भी लगी। हमले में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। अधिकारी किसी तरह जान बचा कर भागने में कामयाब रहे, जिसके बाद वेस्ट बोकारो ओपी पहुंच कर जानकी और 30-40 अज्ञात के विरुद्ध आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

मामला दर्ज कर लिया गया है: डीआइजी

इस संबंध में हजारीबाग डीआइजी सुनील भास्कर ने बताया कि घटना घटी है। मेरी स्पेशल टीम पर तस्करों ने हमला किया है। वेस्ट बोकारो ओपी में मामला दर्ज करा दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।



तीन दिन से दिल्ली में टिके हैं कांग्रेस के बागी विधायक

- पार्टी अध्यक्ष से मुलाकात की मांग पर हैं अड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/नयी दिल्ली। झारखंड कांग्रेस के बागी विधायक तीसरे दिन भी दिल्ली में टिके रहे। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने के लिए अड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि जब तक राष्ट्रीय नेतृत्व से नहीं मिलेंगे, रांची नहीं लौटेंगे। वे बजट सत्र में भी शामिल नहीं होंगे। उधर, सोमवार शाम तक पार्टी नेतृत्व से मिलने का समय तय नहीं हो पाया था। चर्चा यह भी है कि विधायक अब दिल्ली से दूसरी जगह कूच करने के मूड में हैं। गौरतलब है कि चंपाई सरकार में कांग्रेस कोटे के पुराने मंत्रियों को फिर से जगह देने से कांग्रेस के 12 विधायक नाराज हैं। उन्होंने बागी तेवर अपना लिया है। प्रदेश स्तर पर उन्हें मनाने की पूरी कोशिश की गयी, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद शनिवार रात 12 में आठ विधायक दिल्ली चले गये। नाराज विधायकों से बातचीत करने की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार को दी गयी थी। रविवार रात रविवार को सिंघार ने विधायकों से मुलाकात की थी। उनके साथ झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी मौजूद थे। दोनों नेताओं से नाराज कांग्रेस विधायकों की वन-टू-वन बात हुई। हालांकि इस बैठक का कोई फलाफल नहीं निकला। वे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिल कर अपनी बात रखना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी मांग नहीं मानी गयी, तो वे 23 फरवरी से आयोजित होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं होंगे।

सरकार का प्रस्ताव किसानों को नामंजूर

- केंद्र को आज तक का समय, 21 को दिल्ली कूच तय

आजाद सिपाही संवाददाता

चंडीगढ़। एमएसपी की कानूनी गारंटी पर रविवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच चौथे दौर की बैठक हुई। इसमें केंद्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार हो गयी है। केंद्र के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद किसान नेताओं ने कहा कि वह सभी संगठनों से बात कर इस पर अंतिम फैसला बतायेंगे। वहीं हरियाणा के बॉर्डर पर किसान डटे हुए हैं।

उधर, राजस्थान के ग्रामीण किसान मजदूर समिति के मीडिया प्रभारी रणजीत राजू ने बताया कि सरकार के प्रस्ताव पर किसानों की सहमति नहीं बन सकी है। सभी फोरमों में बात करने के बाद अब किसान नेताओं ने फैसला लिया है कि 21 फरवरी को दिल्ली के लिए कूच करेंगे। सरकार अपने प्रस्ताव के जरिये सिर्फ हरियाणा पंजाब के किसानों को देख रही है, जबकि आंदोलन देशभर के किसानों की विभिन्न फसलों के लिए है। वहीं धान पर सरकार एमएसपी देने के लिए राजी हुई है, मगर पैदावार अपने हिसाब से कराना चाहती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in

हजारीबाग, रामगढ़, चतरा और कोडरमा के 28 हजार 295 लाभुकों को चंपाई सोरेन ने सौंपा स्वीकृति पत्र

हमारी सरकार आश्वासन देने में नहीं, काम में विश्वास करती है: सीएम

बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त के रूप में 84 करोड़ 88 लाख 50 हजार का किया हस्तांतरण

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हजारीबाग में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की बुनियादी जरूरत है। राज्य का कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रही है। 20 लाख से ज्यादा लाभुकों को हरा राशन कार्ड के जरिये मुफ्त अनाज दे रहे हैं। गरीबों को वर्ष में दो बार धोती, साड़ी और लुंगी दिया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख आवास विहीन, गरीब और जरूरतमंद को तीन कमरों का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में हमारी सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। वर्ष 2027 तक इस राज्य में कोई भी व्यक्ति टूटे - फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी का अपना पक्का मकान होगा।

हेमंत सोरेन के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में हमारी सरकार को पांच वर्षों के लिए जनादेश मिला था। हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला। पिछले 4 वर्षों से वे अपने कुशल नेतृत्व में राज्य के विकास को नयी दिशा देने का काम कर रहे थे। उन्होंने पिछले 4 वर्षों में जनता के हित में जो नीतियां और योजनाएं बनायी, उसे ही हम आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि हेमंत सोरेन की सोच और विजन के अनुरूप झारखंड को एक नयी दिशा दे सकें।

हम जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन नहीं देती है। हम जो कहते हैं उसे निश्चित तौर पर पूरा करते हैं। पिछले 4 वर्षों में सरकार की ओर से जो भी योजनाएं बनी है, वह जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। खनिज-संपदा से भरपूर फिर भी यहां के लोग पिछड़ते गये मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जल- और खनिज संपदा से संपन्न राज्य है। यहां के खनिजों से देश- दुनिया जगमग कर रही है लेकिन, अफसोस की बात है कि यहां के आदिवासी-मूलवासी लगातार पिछड़ते गये। यहां के लोगों की किसी ने सुध नहीं ली। ना तो उनकी रोजगार की किसी को चिंता रही और ना ही स्वाभिमान की।

आपके दरवाजे पर पहुंच रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार आपके दरवाजे पर सीधे पहुंच रही है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये आपकी समस्याओं का समाधान और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आपको अपने घर पर देने का काम हमारी सरकार ने किया।

खेतों में पानी उद्योगों को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आज भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का काम तीव्र गति से चल रहा है। हमारा प्रयास है कि हर खेत में सिंचाई की सुविधा हो ताकि किसान सालों भर खेती कर सकें।

हर परिवार और समुदाय को सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार व्यक्ति, परिवार और समाज को सम्मान दे रही है। लोगों को पूरे मान सम्मान के साथ उनका हक- अधिकार दिया जा रहा है। सभी के साथ न्याय हो रहा है।

पढ़ाई में पैसे की तंगी नहीं बनेगी बाधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गरीबों का बच्चा भी इंजीनियर डॉक्टर और अधिकारी बनेगा। बच्चों की पढ़ाई में अब पैसे की तंगी बाधा नहीं बनेगी। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं का लाभ अब तक 9 लाख छात्राओं को मिल चुका है।

लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र

सीएम ने इस अवसर पर कुल 28 हजार 295 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के साथ उनके बैंक खाते में पहली किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से 84 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपये हस्तांतरित किये। इनमें हजारीबाग के 11648 रामगढ़ के 4236 चतरा के 7820 और कोडरमा के 4591 लाभार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख, फागू बेसरा (राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त), विधायक विनोद कुमार सिंह, अमित कुमार यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, डीसी नैंसी सहाय, झामुमो नेता डॉ कमल नयन सिंह, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता: रामेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। वित्त, वाणिज्यकर, खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में कामकाज संभाला। मंत्रालय में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कराना उनका लक्ष्य है। इस वित्तीय वर्ष की बजट की राशि समय पर खर्च की जाये, इसके लिए जल्द ही सारे विभागों के साथ वे बैठक भी करेंगे। सभी को राशन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता सूची में शामिल है। वित्त मंत्री ने अगामी बजट सत्र की तैयारी की भी समीक्षा की।

सरला बिरला के छात्रों का कैंप एनएएसटीए में शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेंपरामेंट एंड एप्टीट्यूड कैंप 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। एनएएसटीए उन प्राथमिक पहलों में से एक है, जिसे प्राथमिक से मध्य विद्यालय के छात्रों के लिए डिजाइन विकसित किया गया है। कक्षा 7वीं की अरीबा इरम फातिमा और कक्षा 10वीं के मोहम्मद अम्मार अहमद ने असेसमेंट में पहली रैंक हासिल कर स्टेट टॉपर बने। उन्होंने वैज्ञानिक स्वभाव और वैज्ञानिक ज्ञान, तर्क और वैज्ञानिक सिद्धांतों को वास्तविक जीवन की स्थितियों में लागू करने की क्षमता का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें शानदार सफलता मिली। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि की सराहना की।

जीतेंद्र सिंह ने मिलन समारोह के सफल आयोजन के लिए जताया आभार

आजसू में शामिल होना गर्व का विषय: जीतेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू नेता जीतेंद्र सिंह ने मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता की सेवा और उनके हित-अधिकार के लिए सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में कार्य करना है। आजसू ने झारखंड आंदोलन को लक्ष्य तक पहुंचाया। आंदोलन से उपजी पार्टी है आजसू। आंदोलनकारियों की पार्टी आजसू में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। रविवार को अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह में सुदेश महतो की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुआ। यह मेरे जीवन के सबसे अनमोल पलों में से एक है। मिलन समारोह में मुझ पर भरोसा दिखाकर मेरे साथ पार्टी में शामिल हुए हजारों लोगों का धन्यवाद। कार्यक्रम के दौरान राज्य की कला, संस्कृति की अद्भुत पेशकश करनेवाले सभी प्रतिभावान कलाकारों का भी धन्यवाद। इस ऐतिहासिक मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए इस आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी लोगों को आभार।

शिबू सोरेन ने दिल्ली हाइकोर्ट के आदेश को दी चुनौती

रांची। दिल्ली हाइकोर्ट की एकल पीठ के आदेश के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबू सोरेन ने लेटेस्ट पेटेंट अपील दायर की है। याचिका के माध्यम से शिबू सोरेन ने दिल्ली हाइकोर्ट के सिंगल बेंच के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हाइकोर्ट ने लोकपाल में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने से इनकार करते हुए शिबू सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। उम्मीद की जा रही है कि इस याचिका पर दिल्ली हाइकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ मंगलवार को सुनवाई करेगी। बता दें कि राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन ने अधिकार क्षेत्र के आधार पर सीबीआइ को प्रारंभिक जांच की कार्यवाही और आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की अदालत ने 23 जनवरी को अपना फैसला सुनाते हुए शिबू सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी।

संत जेवियर्स कॉलेज एनुअल स्पोर्ट्स मीट

बेस्ट एथलिट का खिताब प्रवीण-जेनिस के नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के शारीरिक शिक्षा-खेल विभाग की ओर से वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। आठ फरवरी से शुरू हुए इस खेल आयोजन में खिलाड़ियों ने खूब पसीना बहाया।

अजयनाथ शाहदेव ने विद्यार्थियों से अपील की कि खुद को मानसिक रूप से अगर स्वस्थ रहना है, तो शारीरिक कसरत जरूरी है। यह कॉलेज कई वर्षों से बहुत से खिलाड़ियों का जन्मदाता रहा है। वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब प्रवीण कुमार और जेनिस टोप्पो के नाम रहा। इस दौरान कॉलेज के डॉ अलेक्स एक्का, डॉ फादर नबोर लकड़ा, डॉ रोबर्ट प्रदीप कुजूर, डॉ अजय मिंज, बीके सिन्हा, डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ती, डॉ केनेडी सोरेंग, रवि कुजूर, राम मुर्मू समेत अन्य मौजूद थे।

महत्वपूर्ण खबरें

संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग में ऑनलाइन कक्षाएं

रांची(आजाद सिपाही)। संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग तुपुदाना के विद्यार्थियों को एनाटॉमी एंड फिजियोलॉजी की ऑनलाइन कक्षाएं वैश्विक स्तर के विशेषज्ञ अतिथि शिक्षकों के द्वारा दी जा रही हैं। इस अवसर पर सिएटल, अमेरिका से प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ ऐश्वर्या ने एनाटॉमी एंड फिजियोलॉजी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को रेस्पीरेटरी, डाइजेस्टिव, लिंफेटिक, मस्कुलर, रिनल रिप्रोडक्टिव और नर्वस सिस्टम के बारे में उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। संस्थान की निदेशिक डॉ रश्मि ने कहा कि वैश्विक स्तर के विशेषज्ञ अतिथि शिक्षकों से अंतः क्रिया करके विद्यार्थियों के लिए सीखने का अवसर सृजित किया जा रहा है।

बोरिंग गाड़ी की दर में बढ़ोतरी 25 फरवरी से

रांची(आजाद सिपाही)। रिंग ऑनर एसोसिएशन की बैठक तिलता चौक के पास रविवार को की गयी, जिसमें संस्था का रजिस्ट्रेशन करने की बात कही गयी। साथ ही महंगाई को देखते हुए बोरिंग गाड़ी दर में बढ़ोतरी की गयी, जो 25 फरवरी से लागू की जायेगी। मीटिंग में 58 गाड़ी ऑनर उपस्थित रहे। इसकी अध्यक्षता सुनील तिवारी ने की। बैठक में गगन शर्मा, कयूम अंसारी, महेश चंद्र, विनोद वर्मा, मीटु सोनी, मंटू सिंह, प्रदीप सिंह, दीपक भाई, सेंथिल महली, राजेश कुमार, सिकंदर कुमार, सुभाष सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

परीक्षा को लेकर टेंशन नहीं पालें छात्र: आलोक दुबे



रांची(आजाद सिपाही)। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने सीबीएसइ, आइसीएसइ और जैक बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो रहे 10-12वीं के बच्चों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चे सकारात्मक मानसिकता के साथ परीक्षा हॉल में प्रवेश करें और अच्छे से तनाव मुक्त होकर परीक्षा को पूर्ण करें। आलोक दुबे ने कहा कि बोर्ड की परीक्षा सिर्फ शैक्षणिक योग्यता की परीक्षा नहीं है, बल्कि यह शांत, स्थिरता और साहस की भी परीक्षा है। 21वीं शताब्दी के बच्चे काफी तेज हैं। ऐसे में अभिभावकों से विशेष आग्रह है कि परीक्षा को लेकर बच्चों को किसी प्रकार का दवाब ना दें। परीक्षा को एक पर्व और उत्सव के रूप में लेने की जरूरत है, ताकि निराशा और दबाव बच्चों के ऊपर हावी ना हो सके।

संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित हो: अहमद

रांची(आजाद सिपाही)। कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआइ के अमन अहमद ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नाम सोमवार को ज्ञापन दिया। अमन अहमद ने बताया कि जूनियर इंजीनियर की नियुक्ति से संबंधित डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में करीब 1560 पदों पर जूनियर इंजीनियर की नियुक्ति 2021 में ही संपन्न होनी वाली थी। पहली बार यह परीक्षा पेपर लीक की वजह से रद्द हो गयी। दोबारा नियोजन नीति के कारण परीक्षा रद्द हो गयी। यह परीक्षा पुनः 20 अक्टूबर 2023 में संपन्न हुई । डिप्लोमा अभ्यर्थी मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं और लगातार तीन बार अभ्यर्थी परीक्षा दे चुके हैं और लगभग चार माह बीत चुका है, मगर अभी तक रिजल्ट प्रकाशित नहीं हुआ है। छात्रहित को देखते हुए इस मामले को संज्ञान में लें और जल्द से जल्द अभ्यर्थियों का रिजल्ट प्रकाशित करवाने की कृपा करें, ताकि आचार संहिता लागू होने से पहले बहाली प्रक्रिया हो सके।

महासंघ का अधिकार सम्मेलन : मदरसा शिक्षाकर्मियों को पूरा वेतनमान मिले : मुस्तफा

मदरसा शिक्षकों की मांगें जायज, सीएम करेंगे निदान: शमशेर

बिहार की तर्ज पर 46 मदरसा के शिक्षकों को वेतन मद में अनुदान दें: कासमी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मदरसा शिक्षक महासंघ झारखंड का अधिकार सम्मेलन सोमवार को अंजुमन प्लाजा सभागार में हुआ। इसमें प्रस्वीकृत 46 मदरसा और 38 संस्कृत विद्यालय में कार्यरत शिक्षाकर्मियों को वेतनमान में अनुदान देने की मांग की गयी। अध्यक्ष मौलाना मुस्तफा कासमी ने कहा कि संयुक्त बिहार के समय में संचालित 46 मदरसा और संस्कृत के 38 विद्यालयों को झारखंड सरकार ने स्वीकृति दी थी। मदरसा-संस्कृत विद्यालय को प्रति वर्ष एक लाख 80 हजार से तीन लाख 60 हजार अनुदान मिलता है। शिक्षकतर कर्मियों को प्रतिमाह दो से तीन हजार ही अनुदान मिल पाता है। मांग है कि मदरसा शिक्षाकर्मियों को पूरा वेतनमान दिया जाये। कहा की बिहार की तर्ज पर नियमावली 1980 के अनुसार प्रस्वीकृत के बाद अनुदान मिले।

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि मदरसा शिक्षक की जितनी भी समस्याएं हैं, उसको लेकर विभाग के स्तर पर बात कर समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। मांग जायज है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पास मांग को रखूंगा। हक और अधिकार को दिला कर रहूंगा। इस मौके पर इस्लामिया के सदर मुख्तार अहमद ने कहा कि मदरसा के शिक्षक और कर्मियों की समस्या को झारखंड सरकार दूर करने का काम करे। मौके पर गुलाम मुस्तफा कासमी, मौलाना सिराज, मौलाना मंसूर, कारी शाहिद जमाल, हाफिज साजिद, मोहम्मद असादुल्लाह, मौलाना मुश्ताक, जुल्फिकार कादिर, फजरुल कादिर, अब्दुल वहाब, मौलाना शमीम, तय्यब अली, मौलाना शमसुद्दीन, कारी वसीम, कारी कमरूजमा समेत अन्य जिलों के शिक्षाकर्मी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in

आर्यभट्ट सभागार में दीदियों का स्नातक समारोह

जीवन बेहतर बनाने के लिए मिल कर कार्य करें : गवर्नर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड राज्य अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। इन संसाधनों से लोगों का जीवन बेहतर बन सके, इसके लिए सभी को मिल कर कार्य करने की जरूरत है। राज्यपाल सोमवार को रांची के आर्यभट्ट सभागार में दीदियों के स्नातक समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि दीदियों ने तीन वर्ष पूर्व इंड अल्ट्रा पॉवर्टी कार्यक्रम के तहत विविध आजीविका के माध्यम से एक सम्मानजनक जीवन जीने के लिए छात्रा के रूप में यात्रा शुरू की थी। तीन साल के पश्चात वे स्नातक के रूप में उभरी हैं और उनकी उपलब्धियां प्रेरणास्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों सहित कई आदिवासी परिवारों को गरीबी से ऊपर उठाने के लिए वित्तीय समावेशन, आजीविका संवर्धन और सामाजिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे दीदियों के जीवन में ठोस बदलाव आया है। राज्यपाल ने कहा कि इंड अल्ट्रा पॉवर्टी कार्यक्रम विकास के लिए की गयी विभिन्न पहलों में से एक है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आजीविका में विविधता लाने और वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने का प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। पशुपालन-कृषि कार्य का भी प्रशिक्षण प्राप्त होता है। इनसे उनकी आमदनी लगातार बढ़ रही है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, एकलव्य विद्यालय के माध्यम से शिक्षा का भी प्रसार हो रहा है। उन्होंने दीदियों और संस्था के सदस्यों को सम्मानित भी किया।

छत्रपति शिवाजी की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। छत्रपति शिवाजी सेना की ओर से बूटी मोड़ में छत्रपति शिवाजी महराज की 393वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इसमें सांसद संजय सेठ, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो, संरक्षक पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक समरी लाल, उमाकांत रजक, भाजपा नेता उपेंद्र रजक, जीतेंद्र पटेल, अरूण साहू, रूद्र नारायन महतो, रणधीर महतो, टिंकू महतो, मंटू दुबे उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियों ने छत्रपति शिवाजी महराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन-संघर्षों पर विचार रखे। कहा कि छत्रपति शिवाजी महराज हिंद स्वराज के संस्थापक थे।

कार्यक्रम में देवशरण भगत, अध्यक्ष विकास कुमार, प्रदीप कुमार, राजन श्रीवास्तव, अविजीत, समीर चौधरी, चंदन, शुभम, अंश, बिपुल उपस्थित थे।

शिवाजी स्वाभिमान, साहस और वीरता के प्रतिमूर्ति: सुदेश

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि शिवाजी महाराज स्वाभिमान, साहस, वीरता और शौर्य की प्रतिमूर्ति है। उनके कुशल नेतृत्व को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। भले ही अब वह समय न हो, लेकिन जीवन हमें अपने-अपने क्षेत्र में शिवाजी बनने का मौका अवश्य देता है। इस चरित्र को युवाओं को अपने क्षेत्र में अपनाने की जरूरत है। उनका अपनी माटी और अपने लोगों के प्रति प्रेम और उनके प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जम कर मारपीट

पुलिस बनी रही मूकदर्शक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में जमीन कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस के सामने ही जम कर मारपीट हो रही है और पुलिस मूकदर्शक बन कर देखते रह रही है। ताजा मामला खेलगांव ओपी इलाके के खटंगा बस्ती का है। यहां पर जमीन कारोबारी और स्थानीय लोगों के बीच मारपीट हुई। हालांकि घटनास्थल पर पुलिस की मौजूदगी रही, लेकिन पुलिस मारपीट को रोकने में नाकाम दिखायी दी। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि इस दौरान मारपीट में कई लोगों को चोटें भी आयी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार भू-माफिया नंदलाल मुंडा उर्फ नंदा, जुगेश मुंडा, अजय द्वारा सैकड़ों की संख्या में लड़कों को बुला कर आदिवासी जमीन को हड़पने का प्रयास किया गया था, लेकिन ग्रामीणों ने खदेड़ कर भगा दिया। इस मामले को लेकर खेलगांव ओपी प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों को थाना में बुलाया गया है और मामले की जांच की जायेगी।

रवि मिश्रा गोलीकांड में शामिल अपराधी गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के संस्कृत कॉलेज के पास बीते 11 फरवरी की रात अपराधियों ने रविशंकर मिश्रा नाम के युवक को गोली मारी थी। रांची पुलिस ने इस गोलीकांड में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। घटना के पीछे आपसी विवाद का मामला सामने आ रहा है। दरअसल 11 फरवरी की रात रवि मिश्रा किसी से मिल कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्ठा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी और मौके से फरार हो गये।

रांचीवासियों पर चढ़ा क्रिकेट का बुखार

भारत-इंग्लैंड मैच के लिए टिकट की बिक्री आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजकोट टेस्ट में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत मिलने के बाद राजधानी रांची में अब क्रिकेट का बुखार चढ़ गया है। यह मुकाबला भारत के लिए निर्णायक होने के कारण क्रिकेट प्रेमी इसे मिस नहीं करना चाहते हैं। जेएससीए स्टेडियम में 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट खेला जायेगा, जिसके लिए ऑनलाइन टिकटों की बिक्री 16 फरवरी से शुरू हो गयी है। वहीं टिकटों की ऑफलाइन बिक्री 20 फरवरी से शुरू होगी।

ऑनलाइन खरीदे गये टिकट 20 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से स्टेडियम के पश्चिमी गेट पर जाकर भौतिक रूप में लेना होगा। मैच के दिन स्टेडियम में प्रवेश के लिए भौतिक रूप से टिकट अनिवार्य होगा। एक व्यक्ति अधिकतम छह टिकट खरीद सकता है और काउंटर से टिकट लेते समय उसी व्यक्ति का फोटो पहचान पत्र जरूरी है, जिसने टिकट बुक किया है।

वहीं ऑफलाइन टिकट पश्चिमी गेट पर बने टिकट काउंटर पर 20 से 22 फरवरी तक सुबह 9.30 बजे से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो बजे से शाम 4.30 बजे तक उपलब्ध होगा, जिसमें चार काउंटर चालू होंगे। 23 से 27 फरवरी तक मैच के दौरान भी प्रशंसक टिकट ले सकते हैं। टिकटों की खरीद के लिए एक काउंटर चालू होगा।

टिकटों की कीमत

विंग लोअर-400 रुपये प्रतिदिन
विंग लोअर टियर-400 रुपये प्रतिदिन
बी विंग- 500 रुपये प्रतिदिन
सी विंग लोअर टियर- 400 रुपये प्रतिदिन
डी विंग लोअर टियर- 400 रुपये प्रतिदिन
अमिताभ चौधरी पवेलियन- 700 रु. प्रतिदिन
प्रेसिडेंट एंक्लोजर-2000 रुपये प्रतिदिन
हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक-1500 रुपये प्रतिदिन
कॉरपोरेट लाउंज- 1200 रुपये प्रतिदिन
एमएस धोनी पवेलियन लग्जरी-2500 रुपये प्रतिदिन हॉस्पिटैलिटी के साथ

सीबीआइ की जांच में खुलासा, केंद्र को सौंपी रिपोर्ट

फर्जी दस्तावेज के आधार पर बनाये जा रहे आवासीय-जन्म प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। इसका खुलासा सीबीआइ जांच में हुआ है। अधिकारियों और बच्चों के अभिभावक, ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और वार्ड पार्षद की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। उनमें अधिकतर राज्य से बाहर के लोग हैं। इस आपसी गठजोड़ में बड़े रैकेट के शामिल होने की संभावना है।

जांच में यह भी पता चला है कि प्रबंधन की आंख में भी धूल झोंक कर फर्जी डोमेसाइल और जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर प्रतिष्ठित स्कूल और सैनिक स्कूल तिलैया में बड़े पैमाने पर झारखंड कोटे से नामांकन प्राप्त किया है। सीबीआइ ने इन दस्तावेजों के आधार पर प्रतिष्ठित स्कूल-कॉलेज में नामांकन कराये जाने की जांच रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपी है। रिपोर्ट में है कि फर्जी दस्तावेज से प्रमाण पत्र बनवाने से योग्य बच्चे ऐसे स्कूलों में एडमिशन से वंचित हो जा रहे हैं। क्योंकि बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा होने से झारखंड कोटे की सीट भर जा रही है।

हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो का उपवास

विकास को बाधित करने का केंद्र सरकार ने किया प्रयास: भूषण तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को गुमला के झामुमो कार्यकर्ताओं ने उपवास रखा। मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम विधायक भूषण तिर्की की अध्यक्षता में हुआ। इसमें रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची की टीम भी शामिल हुई। विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि जिस प्रकार राज्य में हेमंत सोरेन विकास कार्य कर रहे थे, इससे पहले किसी नेता ने झारखंडी हितों को देखते हुए इस तरह के विकास कार्यों को रफ्तार नहीं दिया था। इसी कारण केंद्र की मोदी सरकार ने झूठे केस में फंसा कर विकास को बाधित किया है। गांव-गांव, पंचायत स्तर पर भी न्याय यात्रा के माध्यम से सभी कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं।

मुस्ताक आलम ने कहा कि अन्याय के खिलाफ पंचायत स्तर पर न्याय यात्रा निकाली जा रही है। इस तानाशाह सरकार को आनेवाले दिनों मे जनता का जवाब मिलेगा। कार्यक्रम में नंदकिशोर मेहता, समनूर मंसूरी, सुशीला एक्का, पवन जेडिया, अमर टोप्पो, चिंतामणी सांगा, डॉ हेमलाल मेहता, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, रामशरण तिर्की, अंतु तिर्की, अरुण वर्मा, आफताब आलम, लालजी रमण, आदिल इमाम, अरविंद सिंह देवल समेत अन्य मौजूद थे।

गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को दिया सुझाव, कहा

डीजीपी नियुक्ति में निर्देशों का करें पालन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में डीजीपी नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करने और कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त करने से परहेज करने का निर्देश दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि योग्य पुलिस अधिकारी उपलब्ध होने के बावजूद कई राज्यों द्वारा अस्थायी डीजीपी की नियुक्ति की जाती है। इसे लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने का आग्रह किया है।

केंद्रीय गृह सचिव के कार्यालय से भेजे गये पत्र में डीजीपी की नियुक्ति के संबंध में प्रकाश सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर जोर दिया गया है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया कि अस्थायी या कार्यवाहक डीजीपी को केवल असाधारण परिस्थितियों में ही नियुक्त किया जाना चाहिए और राज्यों से शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार दो साल के कार्यकाल के लिए नियमित डीजीपी नियुक्त करने का आग्रह किया गया है।

अपमानित करने के इरादे के बिना विवाद या हमला एससी-एसटी एक्ट अपराध की श्रेणी में नहीं: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक केस की सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने यह माना है कि जब तक किसी मामले में अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्ति पर अपमानित करने के इरादे से विवाद या हमला नहीं किया गया हो, तब तक उस अपराध को एससी-एसटी एक्ट के दायरे में नहीं माना जायेगा। दरअसल दुमका सिविल कोर्ट ने बैजनाथ सिंह और नावेद सिंह को एससी-एसटी केस में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनायी थी, जिसके खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। दोषियों की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि एससी-एसटी अधिनियम की धारा के तहत अपराध स्थापित करने के लिए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपमान या धमकी प्रदर्शित करना आवश्यक है। किसी भी मामले में एससी-एसटी अधिनियम के तहत तब तक अपराध नहीं बनता है, जब तक कि इसका उद्देश्य विशेष रूप से पीड़ित को उनकी जाति के आधार पर अपमानित करना न हो।

अभाविप का राजभवन के समक्ष छात्र हुंकार धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को राजभवन के सामने छात्र हुंकार धरना दिया। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के नेतृत्व में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्र धरने में शामिल हुए।

मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में व्याप्त शैक्षिक कुव्यवस्था को दूर करने के लिए छात्र हुंकार धरना दिया गया। इस दौरान छात्रों ने हाथों में पोस्टर ले रखे थे।

पोस्टर में छात्र संघ चुनाव बहाल करने, जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच कराने, समय पर सेशन कराने, राजभवन के पदाधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप की जांच करने और झारखंड के विश्वविद्यालय में आउटसोर्सिंग को बंद करने संबंधित मांग की गयी थी। धरना खत्म होने के बाद राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया।

वैवाहिक विवाद में पति के रिश्तेदारों को फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ रही: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण टिप्पणी की। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवाद के मामलों में पति के रिश्तेदारों को केस में फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। दरअसल दहेज की मांग के लिए मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक पत्नी ने अपने पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ गढ़वा जिले में प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। इस पर सीजेएम ने संज्ञान लिया था। सीजेएम द्वारा लिये गये संज्ञान और पूरी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने के लिए पति के रिश्तेदारों नीरज कुमार, उमेश कुमार और शिवा सिंह ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने सभी के खिलाफ आपराधिक कर्रवाई निरस्त करने का आदेश दिया है।

हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ सामान्य आरोप लगाये गये हैं। अदालत ने माना कि पत्नी ने पति और उसके माता-पिता के खिलाफ मानसिक रूप से परेशान और दहेज की मांग करने का आरोप लगाया था, लेकिन याचिकाकर्ताओं में से किसी को भी उनके खिलाफ लगाये गये सामान्य आरोप को आगे बढ़ाने में कोई विशिष्ट भूमिका नहीं दी गयी।

E-mail-mdjscb@jscb.gov.in Ph.No. 0651-2913111
JHARKHAND STATE COOPERATIVE BANK LIMITED, RANCHI
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi-834001
Ref.:-3548 Date: 19.02.2024
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites tender from interested bidders for selection of Security Agency for supply of **Security Guards (Armed)** for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of Quotations: **11.03.2024 till 3.00 PM.**
For eligibility criteria and other details, please visit website: **http://www.jscb.gov.in**
Sd/- CEO, JSCB, Ranchi

महत्वपूर्ण खबरें

डॉ मुंजल टीइएफआइ इवेंट में जज नियुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ ख्याति मुंजल को झारखंड वाणिज्य मंडल की ओर से आयोजित टेक्सटाइल इंडस्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया के जज के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने गारमेंट कंस्ट्रक्शन प्रतियोगिता में अपने व्यापक ज्ञान और अनुभव के साथ युवा डिजाइनर्स को सहायता की और उन्हें प्रेरित किया। डॉ मुंजल ने युवा डिजाइनर्स को मार्गदर्शन प्रदान किया। ख्याति मुंजल ने उन उभरते हुए डिजाइनरों की रचनात्मकता और प्रतिभा को देखने का अनुभव किया।

राजभवन में आप्त सचिव के दो पद सृजित

रांची (आजाद सिपाही)। राजभवन में दो नये पद सृजित किये गये हैं और पूर्व के सृजित पदों को सरेंडर किया गया है। पूर्व में सिर्फ राज्यपाल के आप्त सचिव के दो पद सृजित थे, जिसे अब बदल दिया गया है। इस संबंध में सोमवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है।

थड़पखना प्रीमियर लीग 2024 का आगाज 22 से

रांची (आजाद सिपाही)। थारपखना ऑर्फ़िस क्लब एवं फाइट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में थड़पखना प्रीमियर लीग का आयोजन 22 फरवरी से किया जा रहा है। थड़पखना प्रीमियर लीग 2024 का पहला मैच 22 फरवरी को खेला जायेगा। वहीं लीग का फाइनल मुकाबला 24 फरवरी को खेला जायेगा। थड़पखना प्रीमियर लीग 2024 का मैच एचबी रोड थड़पखना उर्दू स्कूल मैदान में खेला जायेगा। जितने वाली टीम को नगद 12000 रुपये नगद इनाम व पुरुस्कार और उप विजेता टीम को 6000 रुपये इनाम एवं पुरुस्कार दिया जायेगा। टूर्नामेंट की इंट्री फीस 2100 रुपये रखी गयी है। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तौशी से संपर्क करे।

आदिवासी छात्र संघ ने छात्रवृत्ति राशि में कटौती के विरुद्ध आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय घेरा

रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी छात्र संघ ने छात्रवृत्ति राशि में कटौती के विरुद्ध आदिवासी कल्याण आयुक्त का मोरहाबादी कल्याण कॉम्प्लेक्स में घेराव किया गया। सोमवार को हजारों छात्र छात्राएं आदिवासी कल्याण आयुक्त के घेराव के लिए पहुंचे थे। इसके बाद आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव से संपर्क कर वार्ता के लिए छात्र संघ के एक प्रतिनिधिमंडल को प्रोजेक्ट भवन स्थित आदिवासी कल्याण आयुक्त ऑफिस में बुलाया। प्रतिनिधिमंडल की बातों को और तथ्यों को सुनने के पश्चात आदिवासी कल्याण आयुक्त ने तत्काल अधिसूचना जारी करने की बात कही। कल्याण आयुक्त ने कहा कि 2021-22 की छात्रवृत्ति के विषय पर भी आज ही अध्यादेश जारी कर दी जाएगी और सारे छात्रों को एक महीने में छात्रवृत्ति का भुगतान हो जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव, केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव, पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी परमेश्वर भगत, शिवम बड़ाईक, संतोष उरांव व शशि उरांव शामिल थे। घेराव कार्यक्रम में अमित उरांव, विनोद उरांव, कार्तिक उरांव, मदन उरांव, संगीता उरांव, सुनीता उरांव, रीता टोप्पो सहित छात्रावास के छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना 29 को

रांची (आजाद सिपाही)। अब वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना 29 फरवरी को होगा। पहले यह कार्यक्रम 20 फरवरी को होना था, लेकिन विधानसभा सत्र की तिथि में बदलाव के कारण उक्त निर्णय लिया गया। इस चेतावनी महाधरना कार्यक्रम की तैयारी के लिए पांच सदस्यीय तैयारी-व्यवस्था समिति का गठन किया गया है। इसमें हीरानाथ साहू, संजीव चौधरी, उपेंद्र प्रसाद, गुड्डू साहा, रोहित कुमार साहू शामिल हैं।

इ-कल्याण स्कॉलरशिप के छात्रों ने दिया धरना

रांची (आजाद सिपाही)। इ-कल्याण स्कॉलरशिप के छात्रों ने प्रोजेक्ट भवन के बाहर सोमवार को धरना दिया। पिछले दस महीने से पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप की राशि नहीं मिलने से छात्र नाराज हैं। इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर, इंजीनियरिंग समेत अन्य कोर्स शामिल हैं। छात्रों ने बताया कि स्कॉलरशिप की राशि भुगतान के लिए जिला से लेकर राज्य स्तर के अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। सभी ने केवल आश्वासन ही दिया है। किसी ने भी इसका समाधन नहीं किया। उन्होंने बताया कि रांची जिला कल्याण पदाधिकारी और कल्याण आयुक्त से कई बार मुलाकात की। बातों को रखा, लेकिन हर बार आश्वासन ही देते रहे। इस बीच कुछ छात्रों की स्कॉलरशिप की राशि का भुगतान कर दिया गया है।

रिम्स का सर्वर डाउन, मरीज बेहाल

रांची (आजाद सिपाही)। रिम्स का सर्वर सोमवार को डाउन हो गया। इस कारण सारा ऑनलाइन काम ठप हो गया। इस दौरान मरीज परेशान रहे। सर्वर डाउन होने की वजह से पर्ची नहीं कटी। पर्ची नहीं कटने के कारण मरीज डॉक्टर के पास नहीं जा पाये। रिम्स का सर्वर दिल्ली से ऑपरेट होता है। रिम्स में झारखंड के अलग-अलग हिस्से से मरीज इलाज कराने के लिए हर दिन आते हैं। सर्वर डाउन होने के कारण काउंटर पर लंबी-लंबी कतारें लग रही। इधर, लाइन में खड़े मरीजों ने मांग की कि जब सर्वर डाउन हो, तो उस वक्त मैनुअल ही पर्ची काटी जाये। कर्मचारियों का कहना था कि रजिस्ट्रेशन के लिए जो पैसे लगते हैं, उसका हिसाब रखने में दिक्कत होगी। ऑनलाइन पर्ची कटने से इंट्री हो जाती है, जिससे हिसाब रखने में कोई परेशानी नहीं होती है।

हमसफर एक्सप्रेस 21-22 फरवरी को रद्द

रांची (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से ट्रेन संख्या 20828 हमसफर एक्सप्रेस का परिचालन रद्द किया गया है। इस संबध में दक्षिण पूर्व रेलवे की आरे से जानकारी दी गयी है, जिसमें बताया गया है कि बिलासपुर सेक्शन के घुंघुति सेक्शन के अनूपपुर और न्यू कटनी स्टेशन के बीच थर्ड लाइन का काम होना है। ऐसे में सांतरागाछी से चलकर टाटानगर होते हुए जबलपुर को जाने वाली 20828 हमसफर एक्सप्रेस 21 फरवरी को रद्द रहेगी, जबकि डाउन ट्रेन 22 फरवरी को रद्द रहेगी।

लोकतंत्र का जज्बा

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे प्रबल विरोधी माने जाने वाले अलेक्सी नवलनी की पिछले हफ्ते जेल में संदिग्ध हालात में हुई मौत को कम से कम हैरान करने वाला तो नहीं माना जा सकता। विदेश में जहर देकर मारने के प्रयासों से बचने के बाद 2021 में वह रूस लौटे। उसके बाद देश-विदेश में उनके समर्थकों और प्रशंसकों को आशंका थी कि कभी भी उनकी जान जाने की खबर आ सकती है। हालांकि दुनिया भर में उठ रहे सवालों के बावजूद रूस में पुतिन के शासन को किसी तरह का खतरा नहीं माना जा रहा। इसकी एक वजह तो यह है कि नवलनी की मौत के बाद वह धुरी समाप्त हो गयी है, जिसके इर्द-गिर्द पुतिन विरोधी तत्वों के इकट्ठा होने की सबसे ज्यादा संभावना थी। दूसरी बात यह कि यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भी राष्ट्रपति पुतिन अभी बेहद मजबूत स्थिति में दिख रहे हैं। पूर्वी यूक्रेनी शहर अवदीवका से यूक्रेनी सेना की वापसी की शनिवार को हुई घोषणा, पिछले करीब एक साल में रूस को मिली सबसे बड़ी कामयाबी के रूप में देखी जा रही है। सच तो यह है कि रूस के अंदर जो भी थोड़ा बहुत विरोध पुतिन का हो रहा था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। एक-एक कर उनके सारे प्रमुख विरोधी नेता या तो मर चुके हैं या जेल में डाल दिये गये हैं या फिर निर्वासित हैं। इसका ताजा उदाहरण हैं कम चर्चित लिबरल नेता बोरिस नादेज्दीन, जिनके युद्ध विरोधी मंच के हस्ताक्षर अभियान को हजारों रूसियों का समर्थन मिल रहा था। इसी महीने उनके राष्ट्रपति चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गयी। राष्ट्रपति चुनाव पुतिन तो क्या रूस में कभी भी किसी भी राष्ट्रपति के लिए चुनौती नहीं साबित हुए हैं। ऐसे में अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को एक औपचारिकता ही माना जा रहा है, जिसमें पुतिन की जीत लगभग तय है। फिर भी सांकेतिक रूप में ही सही, मत प्रतिशत कम होने जैसी किसी स्थिति की भी उम्मीद अगर विरोधी कर रहे थे, तो उसकी संभावना अब शून्य मानी जा रही है। मगर नवलनी की जेल में हुई मौत ने दुनिया भर के लोकतंत्र समर्थकों के बीच उन्हें शहीद का दर्जा जरूर दे दिया है। रूसी समाज के लिहाज से भी यह एक बड़ी घटना इसलिए मानी जा रही है, क्योंकि आधुनिक और समकालीन दौर में वहां ऐसे प्रेरक व्यक्तित्वों की कमी रही है, जिनसे लोकतांत्रिक संघर्षों को बल मिले। साफ है कि तात्कालिक तौर पर रूस में इसका कोई असर चाहे न दिखे, लेकिन नवलनी की मौत ने दुनिया की लोकतांत्रिक और मानवाधिकारवादी चेतना को झकझोरा है।

सच तो यह है कि रूस के अंदर जो भी थोड़ा बहुत विरोध पुतिन का हो रहा था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। एक-एक कर उनके सारे प्रमुख विरोधी नेता या तो मर चुके हैं या जेल में डाल दिये गये हैं या फिर निर्वासित हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

इंडिया स्टैक एक गेम चेंजर रहा है, क्योंकि सुविधा, गति और दक्षता के लिए व्यक्ति व उद्यम, दोनों ही इसका लाभ उठाते हैं, जिनके संयोजन से व्यापार में और अधिक तेजी आयेगी। जैसे-जैसे भारत (और दुनिया) डिजिटल की ओर बढ़ रहा है, इस अंतर्निहित, सक्षम डिजिटल अवसंरचना का वैसा ही प्रभाव हो रहा है, जैसा औद्योगिक क्रांति के बाद रेलमार्गों पर पड़ा था। इसने अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को तेजी से और व्यापक रूप से प्रभावित किया है तथा नागरिकों के लिए अवसरों के द्वार खोले हैं।

भारत का डिजिटल मिशन हमारे 2047 लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है

वसंत राव

हाल के वर्षों में नये भारत के विचार ने सभी भारतीयों के मन में काफी आत्मविश्वास और आशावाद का संचार किया है। वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास से भरे व स्वतंत्र रुख अपनाने, असाधारण खेल उपलब्धियां (ओलंपिक सहित) दर्ज करने, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक (वैश्विक पहली) लैंडिंग करने आदि हमारे लिए इस बात को मानने के कुछ कारण हैं कि आखिरकार एक नया भारत उभर रहा है। वर्तमान में जारी भारत का आर्थिक परिवर्तन, बड़े पैमाने पर हो रहे डिजिटलीकरण से संचालित हो रहा है तथा यह भी उभरते नये भारत का एक और शानदार उदाहरण है।

कोविड ने दुनिया भर के देशों और संगठनों को डिजिटल होने के लिए मजबूर किया, लेकिन इससे बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने सक्रिय रूप से डिजिटल अर्थव्यवस्था (और डिजिटल डिलीवरी मॉडल) को अपनाने पर जोर दिया था। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में लॉन्च किया गया था और भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में एक क्रांति देखी गयी। सरकार ने इंडिया स्टैक की भी शुरुआत की, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों के लिए विकास का लाभ उठाने का एक विशिष्ट मंच है। इस मिशन ने कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में नये व्यवसाय प्रारूप की शुरुआत की- ये सभी क्षेत्र मूलभूत परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। इस डिजिटलीकरण ने प्रणाली में मौजूद हेरा-फेरी को कम कर दिया और अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने में सक्षम बनाया। जीएसटी पंजीकरण और कर-संग्रह में वृद्धि इसकी सफलता के अच्छे मानक के रूप में देखे जा सकते हैं।

केंद्रीय आइटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने हाल ही में कहा है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक भारत की जीडीपी में 20 प्रतिशत का योगदान देगी।

इंडिया स्टैक एक गेम चेंजर रहा है, क्योंकि सुविधा, गति और दक्षता के लिए व्यक्ति व उद्यम, दोनों ही इसका लाभ उठाते हैं, जिनके संयोजन से व्यापार में और अधिक तेजी आयेगी। जैसे-जैसे भारत (और दुनिया) डिजिटल की ओर बढ़ रहा है, इस अंतर्निहित, सक्षम डिजिटल अवसंरचना का वैसा ही प्रभाव हो रहा है, जैसा औद्योगिक क्रांति के बाद रेलमार्गों पर पड़ा था। इसने अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को तेजी से और व्यापक रूप से प्रभावित किया है तथा नागरिकों के लिए अवसरों के द्वार खोले हैं। जन धन योजना, को-विन, यूपीआइ और ओएनडीसी बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण प्रणाली के दुनिया के कुछ अग्रणी उदाहरण हैं। व्यापक वित्तीय इकोसिस्टम में वित्तीय संस्थानों और संगठनों ने संभवतः इंडिया स्टैक को सबसे तेजी से अपनाया है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है और वित्तीय उत्पादों को अपनाना आसान हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाइ) के तहत बैंक-खातों की संख्या मार्च 2015 के 147.2 मिलियन से तीन गुना बढ़ कर अगस्त 2022 में 462.5 मिलियन हो गयी है, जिससे बैंकिंग-सुविधा से वंचित आबादी का एक बड़ा हिस्सा भी इस सुविधा में शामिल हो गया है।

डिजिटलीकरण द्वारा प्रदान किये गये अवसरों के अनुरूप, हम विशेष रूप से बी2सी डोमेन में उद्यमों द्वारा इंडिया स्टैक का व्यापक उपयोग देख रहे हैं। यह भारतीय नागरिकों को मिलने वाले अपार लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में, डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना प्रभावशाली रहा है कि भारत में इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन के हाल में किये गये डिजिटल व्यापार सर्वेक्षण (अगस्त 2023) के अनुसार, 25 प्रतिशत मध्यम से बड़े उद्यमों का कहना है कि उनका डिजिटल बिजनेस मॉडल अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक- डिजिटलीकरण पर सरकार का जोर- था।

आइडीसी एक डिजिटल व्यवसाय को इस रूप में परिभाषित करता है- जहां मूल्य सृजन डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है, जिसमें आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। एक संगठन ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकर्ताओं एवं भागीदारों के साथ कैसे जुड़ता है। यह कर्मचारियों को कैसे आकर्षित करता है, प्रबंधित करता है और बनाये रखता है तथा यह कौन से उत्पाद, सेवाएं और अनुभव प्रदान करता है।

यह जानना उत्साहजनक है कि भारतीय उद्यम डिजिटल अपनाने में अपने समकक्षों से ज्यादा पीछे नहीं हैं तथा इसके लिए हमारे मजबूत डेवलपर समुदाय और आइटी सेवाओं में पारंपरिक ताकत को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। आइडीसी का डिजिटल व्यापार सर्वेक्षण यह भी बताता है कि सीइओ आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में डिजिटल रणनीति को प्रेरित करते हैं। डिजिटल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए, अन्य 25 प्रतिशत भारतीय उद्यमों ने पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी और मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद स्थापित किये हैं। उद्यम मानते हैं कि डिजिटल बिजनेस मॉडल परिचालन दक्षता बढ़ाने, बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाने, प्रतिस्पर्धा-आधारित लाभ बढ़ाने और सबसे महत्वपूर्ण, ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

हालांकि डिजिटल प्रारूप केवल उद्यमों तक सीमित नहीं है, भारतीय उपभोक्ता ने भी इसे उत्साहपूर्वक अपनाया है। 850 मिलियन इंटरनेट ग्राहकों, 1.1 बिलियन मोबाइल ग्राहकों (जिनमें से 630+ मिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं) और 398 मिलियन सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के साथ- भारत में पहले से ही संचार व इंटरनेट सेवाओं से जुड़ी आबादी मौजूद है। यह आबादी डिजिटल मॉडल को अपना रही है- डिजीलॉकर के 137 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता हैं, यूपीआइ में 300 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और को-विन में 1.1 बिलियन पंजीकृत व्यक्ति हैं।

उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा सक्रिय रूप से डिजिटल अपनाने से, यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल रूप में बदलाव वास्तविक, अपरिवर्तनीय और व्यापक है। केंद्रीय आइटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने हाल ही में कहा है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक भारत की जीडीपी में 20 प्रतिशत का योगदान देगी। आइडीसी भी भारत की डिजिटल संभावनाओं के बारे में समान रूप से उत्साहित है। दो साल पहले, 34.8 प्रतिशत भारतीय व्यवसायों ने आइडीसी को बताया था कि उनका 50 प्रतिशत या अधिक राजस्व डिजिटल बिजनेस मॉडल से आता है। आज, यह संख्या 50 प्रतिशत है और तीन वर्षों में आइडीसी को उम्मीद है कि 62 प्रतिशत भारतीय उद्यम अपने राजस्व का 50 प्रतिशत से अधिक डिजिटल बिजनेस मॉडल से प्राप्त करेंगे। इन कारणों से नये भारत का भविष्य डिजिटल होने के साथ उज्ज्वल भी है!

(लेखक : प्रबंध निदेशक, आइडीसी, भारत और दक्षिण एशिया हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

कांग्रेस कमिटी की नुक्कड़ सभा, मोदी सरकार के खिलाफ फूंका बिगुल

आजाद सिपाही संवाददाता

पोटका। जिला कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देश पर पोटका प्रखंड कांग्रेस के तत्वावधान में पोटका बाजार में प्रखंड अध्यक्ष सौरभ चटर्जी की अध्यक्षता में नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव राकेश तिवारी शामिल हुए। मौके पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से मोदी सरकार के खिलाफ अपने बातों को रखा। प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से महंगाई का बोझ आम जनता पर पड़ने लगा है। गैस 450 से बढकर 942 रू कर दिया गया, खाद्य पदार्थ पर जीएसटी लगा दिया, सरकारी उपक्रमों को औने पौने दामों में अपने मित्रों को बेच दिया। रेलवे की वैकेंसी को रोक दिया, बैंक को आपस में मर्ज कर वहां पर रोजगार को खत्म कर दिया। सेना के बहाली को चार साल का करके नौजवानों की भविष्य को अंधकार कर दिया। आज व्यापारी में माध्यम वर्ग के लघु उद्योग व्यवसाय त्राहिमान है। शिक्षा और स्वास्थ्य इतना महंगा हो गया कि आम आदमी उसके लाभ उठाने से लगातार वंचित हो रहे हैं। पढ़ाई के क्षेत्र को चार गुना से लेकर 10 गुना तक महंगा बना दिया गया। उन्होंने कहा यही है नरेंद्र मोदी मॉडल और भाजपा का मॉडल। इसका बहिष्कार आम जनता को बड़े पैमाने पर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा 2024 में लोकसभा चुनाव अब हमारे सर पर आ चुका है। आम जनता को अब जाग जाने की जरूरत है। ताकि भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब दे सके। उन्होंने कहा राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से महिलाओं को न्याय दिलाने की बात, सामाजिक समरसता की बात, किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ न्याय दिलाने का लगातार मांग कर रहे हैं। आज संपूर्ण भारत में लोग लाखों करोड़ों की संख्या में राहुल गांधी से जुड़ रहे हैं। अब परिवर्तन लाने में हम लोगों को भी साथ देने की आवश्यकता है। अन्यथा भारत काफी कमजोर हो जायेगा। नौजवान का भविष्य चौपट हो जायेगा। उन्होंने कहा जब भारत में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो 56 लाख करोड का कर्ज देश पर था। आज 176 000 करोड़ का बोझ आ गया है। इससे पता चलता है भारत देश लगातार कमजोर होरहा है। अब आम जनता और शिक्षित युवा को इस पर सोचना पड़ेगा। लोकतंत्र लगातार कमजोर हो रहा है। ईडी, सीबीआई और अन्य सरकारी संस्थाओं का उपयोग करके लोगों को डराने, धमकाने, जेल में डालने जैसे कुकृत्य को लगातार कराया जा रहा है। यह घोर अन्याय है। यह पाप है, ये सारे अन्याय और पाप मोदी जी के देखरेख में किया जा रहा हैं। झारखंड में आदिवासी परिवार के मुख्यमंत्री आम जनता के भलाई का काम दिन रात कर रहे थे। उन्हें भी झूठे केस में फंसा कर जेल में डाल दिया गया। इस अवसर पर वक्ता सुबोध सिंह सरदार, संजय सिंह आजाद, अजय मंडल, प्रखण्ड संगठन प्रभारी रामदरस चौधरी, जयराम हांसदा, सुरेश धारी, सोमेन मंडल, सुरज मुण्डा,सनातन मुण्डा ने संबोधित करते हुए मोदी सरकार के अत्याचार और दमनात्मक रवैया का विरोध किया। नुक्कड सभा में मण्डल अध्यक्ष लासा मुर्मू, प्रेम मुखी, सीताराम सोरेन, मनबोध गोप, लालटू दास, चंदन मदीना सहित अन्य शामिल रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए विधायक

पटमदा (आजाद सिपाही)। पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में सरस्वती पूजा के उपलक्ष में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी मुख्य अथिति शामिल होकर ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाया। विधायक ने पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र ओड़िया पंचायत के बोड़डीह टोला में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आयोजित मेला,कांकु गांव में भानसिंह पूजा के उपलक्ष्य पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। मौके पर विधायक ने भानसिंह देवता के समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। वही विधायक ने बांगुड़दा गांव के नामोपाड़ा में सरस्वती पूजा के अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा बंगला जात्रा ₹दादा भगवान भाई शैतान₹ के आयोजक कमेटी से मिलकर उनका मनोबल बढ़ाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टूडु, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, मानिक महतो, रफीक अंसारी, मंटू महतो, ऊषा सहिस, निर्मल मुर्मु, महेंद्र महतो, मुरारी मोहन पाल, प्रदीप सिंह, अबोध महतो, बबलु महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

डीसी ने पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर की समीक्षा बैठक

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर एक समीक्षा बैठक की गई। सोमवार को बैठक के दौरान उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपना नाम मतदाता सूची में निश्चित रूप से निबंधित कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी ने कहा अनिवार्य सेवायुक्त कर्मियों में अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग का नाम मतदाता सूची में निबंधित होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि किसी पदाधिकारी व कर्मचारी का नाम उनके निवास स्थान से भिन्न स्थान पर मतदाता सूची में निबंधित है। तो वे निवास स्थान के नजदीकी मतदान केंद्र में अपना नाम स्थानांतरित कराना सुनिश्चित करें। डीसी ने पोस्टल बैलेट में मतदान करने वाले अनिवार्य सेवायुक्त कर्मियों की सूची मंगलवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी से आग्रह किया वे आगामी लोकसभा चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लें। अपने परिवार एवं परिजनों को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी एवं कर्मी का सुनियोजित ढंग से रोस्टर तैयार करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कर्मी मतदान कर पाएं। उन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों एवं वृद्धजनों को चिन्हित कर मतदान हेतु आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने बताया जिले में अधिक संख्या में अनिवार्य सेवायुक्त कर्मी हैं।

सांसद ने अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन को दिखायी हरी झंडी, 1332 यात्री हुए रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। देश के कोने-कोने से श्री रामलला के दर्शन के लिए रामभक्त अयोध्या रवाना हो रहे है। सोमवार को टाटानगर स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन को सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के 1332 रामभक्त अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। मौके पर क्षेत्रीय रेल प्रबंधक अभिषेक सिंघल, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत कई अन्य नेतागण मौजूद रहे।वही श्रीरामलला के दर्शन के लिए रामभक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। पूरा स्टेशन परिसर जय श्रीराम और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे से गूंज उठा। इस दौरान अयोध्या जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष सभी का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। रेलवे की ओर से सभी श्रद्धालुओं को लाल तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद विद्युत वरण महतो ने 20 बोगी वाली आस्था स्पेशल ट्रेन में यात्रा कर रहे सभी श्रद्धालुओं से मुलाकात की और बोगी की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का जायजा लिया। ट्रेन में श्रद्धालुओं की सुख-सुविधाओं का ख्याल रखते हुए उनके खान-पान और अन्य चीजों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। दर्शन करने वाले जत्थे में भजन-कीर्तन मंडली भी शामिल हैं। आस्था स्पेशल ट्रेन में पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा भी अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। 21 फरवरी को आस्था स्पेशल ट्रेन सभी श्रद्धालुओं को लेकर रात्रि 11 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। मौके पर सांसद विद्युत महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा देश भर के राम भक्तों को रामलला के दर्शन के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। वह अतुलनीय और और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने पूरे विश्व के राम भक्तों के 500 साल के इंतजार को खत्म कर दिया। जमशेदपुर के सभी रामभक्तों के लिए यह वह पहला मौका है। एक साथ सभी रामलला के दर्शन कर सकेंगे। सांसद विद्युत महतो ने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को देश के प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसात करना चाहिए। भाजपा सरकार द्वारा श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भारत को पुनः विश्व गुरू के रूप में स्थापित करने की ओर एक बड़ा कदम है। उन्होंने अयोध्याधाम दर्शन यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुगम और सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, गुंजन पासवान, अजय सिंह, पवन सिंह, त्रिदेव चट्टराज, मंटू चरण दत्ता, सुशील पांडेय, राकेश लोधी, संजीत चौरसिया, सूरज सिंह, समेत अन्य मौजूद रहे।

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का महा रक्तदान शिविर 3 मार्च को

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में आफिस बेयरर की एक महत्वपूर्ण बैठक समपन्न हुई। सोमवार को बैठक में मार्च फाउंडर्स डे के उपलक्ष्य में होने वाली महा रक्तदान शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यूनियन के महामंत्री से गोपेश्वर लाल जयंती के अवसर पर होने वाले रक्तदान शिविर 3 मार्च को जमशेदपुर ब्लड बैंक में कराने के लिए आग्रह करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए तैयारी समिति का गठन करने पर चर्चा हुई। ताकि रक्तदाताओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई ना हो। रक्तदान शिविर को लेकर मंगलवार को आर के सिंह फैंस क्लब के द्वारा टाटा मोटर्स के ब्लड को-ऑर्डिनेटर, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के सभी आफिस बेयरर,कमिटी मेम्बर के साथ बैठक रखा गया है। सभी को शामिल होने के लिए आग्रह किया गया।

जेवर बरामदगी पर एसपी को दी बधाई

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता और अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) ने कहा है कि गढ़वा शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में हुई जेवर लूट कांड का उद्भेदन करते हुए गढ़वा पुलिस द्वारा कम समय में लुटेरों को गिरफ्तार कर जेवर बरामदगी का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि गढ़वा पुलिस अधीक्षक सहित पूरी टीम को ओबीसी मंच इस सराहनीय कार्य के लिए आभार प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि वे युवा पुलिस अधीक्षक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से आग्रह करते हुए कहा है कि व्यवसायियों को सुरक्षा हेतु गश्ती दल को जिम्मेवारी देने का कार्य किया जाये। इस प्रकार की अन्य घटना घटित न हो इसके लिए व्यवसायियों से आग्रह है कि वे अपने प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगा कर रखें।

प्रधानमंत्री आज बहुद्देशीय भवन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अनराज नवाडीह स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के बहुउद्देशीय भवन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे ऑन लाइन शिलान्यास करेंगे। उक्त कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के वरिष्ठ नेता लोक सभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्र ने बताया कि कार्यक्रम में काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क फिजिकल प्रशिक्षण कल

गढ़वा(आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस सेवा ही लक्ष्य के तहत, झारखंड पुलिस के लिए फॉर्म भरे अभियार्थियों के लिए नि:शुल्क फिजिकल प्रशिक्षण 21 फरवरी से सुबह समय 05:00 से 07:00 बजे तक पुलिस केंद्र, गढ़वा के मैदान में दिया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए ए एस आई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण उनके द्वारा ही दिया जायेगा। इक्षुक अभ्यार्थी अपना आधार कार्ड के साथ समय से पहुंच कर अपना बहाली की तैयारी कर सकते है। मोबाईल न० 7004663812 पर विशेष जानकारी के लिए संपर्क कर सकते है।

संजीव कुमार सिंह बने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। संजीव कुमार सिंह (झायोसे) ने 19 फरवरी 2024 को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, गढ़वा के रूप में प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी, लिपिक प्रियंका और कंप्यूटर ऑपरेटर सुनील कुमार समेत अन्य कार्यालय कर्मियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नए पदाधिकारी का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री सिंह द्वारा कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी से परिचय लेते हुए आगे एक टीम भावना के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की बात कही।

धरना पर बैठे बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मी पुरे वेतन की मांग और प्राचार्य के मनमानी को लेकर महाविद्यालय के मुख्य गेट पर धरना पर बैठ गये। हालांकि दो घंटे तक धरने पर बैठने के बाद प्राचार्य आरपी शुक्ला के आश्वासन एक घंटे में पुरा वेतन देने के वादा के साथ धरना समाप्त किया। कर्मियों ने कहा कि आपने कई बार वादा कर मुकर गये हैं, अब भरोसा नहीं है। हालांकि कुछ देर के बाद प्राचार्य को कर्मियों के समक्ष झुकना पड़ा और कर्मियों को पूरा वेतन दिया, तब जाकर धरना समाप्त हुआ। प्रोफेसर अनय सिंह, बिनोद मिश्रा, सुरेंद्र चंद्रवंशी, एसके प्रसाद, गुलाब चंद यादव, विनोदानंद पाठक ने बताया कि महाविद्यालय की लचर व्यवस्था को देखते हुए सभी तरह के शिक्षकेत्तर तथा ननशिक्षकेतर कर्मीयों को वित्तीय व्यवस्था सुधार होने तक जीबी कि बैठक में आधा वेतन देने का निर्णय लिया गया था, लेकिन प्राचार्य आरपी शुक्ला ने जीबी बैठक के निर्णय को दरकिनार कर मनमाफिक तरीके से ननशिक्षकेतर कर्मीयों को पुरा वेतन दिया। जबकि शिक्षकेत्तर कर्मी को आधा वेतन दिया। शिक्षकेत्तर कर्मी ने प्राचार्य पर कई गंभीर आरोप भी लगाया। कहा की पिछले चार माह से महाविद्यालय का संचालन नगद कैश से किया जा रहा है। एसबीआई का खाता इपीएफ ने फ्रीज करवा दिया है। बताया कि शिक्षकेत्तर कर्मी का इपीएफ का पैसा 2020 से 2021 तक काटने के बाद इपीएफ खाते में पैसा प्राचार्य ने जमा नहीं किया। जिसका नतीजा 60 लाख का जूमार्ना लगा है। कहा कि प्राचार्य वह राशि क्या किया पता नहीं। हालांकि प्राचार्य आरपी शुक्ला ने इस विषय पर कुछ भी कहने से इंकार किया।

ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल को मिली मान्यता

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में चल रहे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल को मिली मान्यता विद्यालय परिवार में खुशी की लहर। बताते चले की प्रखंड अंतर्गत के बीरबल गांव मे चल रहे निजी विद्यालय ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल की झारखंड राज्य सरकार के द्वारा मान्यता प्रमाण पत्र जारी किया गया है इसे लेकर विद्यालय परिवार ने झारखंड सरकार की शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताया है।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला में सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा थाना के द्वारा बिना हेलमेट मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले लोगो को यातायात नियमो का पाठ पढ़ाया गया। इस अवसर पर यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी और सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी और आईटी नीरज पांडेय आदि उपस्थित थें।

पब्लिक हाइ स्कूल का 16वां स्थापना दिवस मना

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी में 16वीं स्थापना दिवस रविवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने कहा कि विद्यालय की स्थापना 18 फरवरी 2008 में स्व. उदयशंकर दुबे के द्वारा किया गया था, तब से लेकर अभी तक विद्यालय उनके आशीर्वाद से, शिक्षकों व विद्यार्थियों की मेहनत से सदा जिले व प्रमंडल स्तर पर नाम कमा रहा है। आगे उन्होंने ने कहा कि श्री दुबे जी का विद्यालय को 10+2 बनाने का सपना था उसके साथ कई अन्य संकल्प थे जिन्हें पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। मौके पर शिक्षक अभिषेक दुबे, सिधेश्वर दुबे, महेंद्र मिश्रा शिक्षिका नगमा, रोजाना, अनिता सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

रेलवे ट्रैक से लोहा चोरी

भवनाथपुर से मेराल तक बिछायी गयी रेलवे लाइन में शिवाडोंडा के पास से चोरी

4 वर्षो से लगातार उक्त ट्रैक से लोहा चोरी हो रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। सेल द्वारा भवनाथपुर से मेराल तक बिछायी गयी रेलवे लाइन में शिवाडोंडा से लगभग दो किलोमीटर तक रेलवे लाइन के सिस्टीन, नाइन, लॉक, स्लीपर सहित अन्य लौह सामग्री को पुनः चोरी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चोर बीते 4 वर्षो से लगातार उक्त ट्रैक से लाखों रुपये का लोहा चोरी कर ले रहे हैं। वहीं सेल प्रबंधन केवल अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। उल्लेखनीय है कि इतने बड़े पैमाने पर ट्रैक से लोहा चोरी का काम रात में ही चलता होगा। ट्रैक से लोहा निकलने का कार्य बिना घन के नहीं हो सकता। उक्त सामग्री की ढुलाई भी बड़े वाहनों से किया जाता होगा। ताज्जुब की बात है कि सेल सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ और प्रशासन को इसकी भनक भी नहीं लगती है।

बताते चले कि वर्ष 2020 में तुलसीदामर डोलोमाइट खदान बंद होने के बाद भवनाथपुर से मालगाड़ी का परिचालन पूर्ण रूप से बंद हो गया। सेल द्वारा ट्रैक सुरक्षा में कमी कर दी गयी और चोरों की पैनी नजर लाईन में लगे उपकरणों पर पड़ी। भवनाथपुर से मेराल तक 34 किलोमीटर लाइन बिछाई गयी रेलवे ट्रैक में भवनाथपुर से बरडीहा तक करीब 10 किलोमीटर तक लाईन में लगे उपकरण को चोरों ने पहले ही चोरी कर ली है। उक्त मामले को लेकर सेल द्वारा अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। बीते दो वर्ष पूर्व चोरी की घटना के बाद तत्कालीन एसपी ने क्षेत्र का निरीक्षण कर सेल प्रबंधन को भी गार्ड रखने का सलाह दिया था, लेकिन सेल प्रबंधन द्वारा गार्ड नहीं रखा गया, जिसका नतीजा है की रेलवे लाइन से उपकरणों के चोरी का सिलसिला जारी है।

सेल के कार्मिक प्रबंधक सह संपदा पदाधिकारी बुल्लू दिगल ने उक्त मामले में अज्ञात चोरो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही।

एकजुटता से ही समाज का विकास संभव : राम बहादुर

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ का पारिवारिक मिलन समारोह स्थानीय आशीर्वाद मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत गढ़वा जिला के साथ पलामू, लातेहार, चंदवा, लोहरदगा और निकटवर्ती राज्य उत्तरप्रदेश से भी कानू समाज के लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कानूवंशियों के कुलगुरु संत शिरोमणि कंकाली बाबा के तस्वीर पर पुष्पार्चन के उपरांत गढ़वा जिला कानू वैश्य संघ द्वारा प्रकाशित 'अरुणोदय' नामक स्मारिका का विमोचन मंचासीन अतिथियों के द्वारा किया गया। पारिवारिक मिलन समारोह पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष राम बहादुर साह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द और भाईचारा बढ़ता है। तथा वर-वधुओं की तलाश का रास्ता भी सुगम होता है। इनके अतिरिक्त दूर दराज से आये वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार प्रोफेसर ज्योति कुमारी, रिंकू कुमारी, वार्ड पार्षद, कोमल देवी, समाजसेविका और रामजी प्रसाद, अंचल अधिकारी, शिव प्रसाद साहू, से०नि० दारोगा, कृष्णा साहू, एएसआई, रामाश्रय साहू, शिक्षक, दशरथ साहू और गंगा साहू, रेलवे गार्ड, जगन्नाथ प्रसाद जैसे सम्मानित व्यक्तियों के अतिरिक्त हजारों की संख्या में महिला और पुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

63वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–18)

क्र0	आवेदनकर्त्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका
	विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री मो0 महमूद आलम, मोलाना मोबीन रिजवी एवं मेघलाल साव द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।	
857.	1. आवेदन क्र0–1160/24 2. आवेदक–मो0 निजाम सिदीकी , पिता–मुस्तकीम मियाँ 3. ग्राम–विष्णुगढ़ , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
858.	1. आवेदन क्र0–1161/24 2. आवेदक–कुलदीप रविदास , पिता–बैजनाथ रविदास 3. ग्राम–नरकी कला , पोस्ट–नरकी , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
859.	1. आवेदन क्र0–1162/24 2. आवेदक–अयोध्या महतो , पिता–बुटन महतो 3. ग्राम–चानो , पोस्ट–उच्चाघाना , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
860.	1. आवेदन क्र0–1163/24 2. आवेदक–नुनु गोपाल , पिता–मेघु राम 3. ग्राम–गोंदलीटांड , पोस्ट–कोनार डैम , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
861.	1. आवेदन क्र0–1164/24 2. आवेदक–खलील अंसारी , पिता–रेहमान मियाँ 3. ग्राम–नरकी कला , पोस्ट–नरकी , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
862.	1. आवेदन क्र0–1165/24 2. आवेदक–तुलसी राम , पिता–स्व0 चौधरी राम 3. ग्राम–चरनखिया , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
863.	1. आवेदन क्र0–1166/24 2. आवेदक–कौशल कुमार , पिता–स्व0 बालेश्वर महतो 3. ग्राम–नावाटांड , पोस्ट–बनासो , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
864.	1. आवेदन क्र0–1167/24 2. आवेदक–दशरथ राय , पिता–जगन्नाथ राय 3. ग्राम–विष्णुगढ़ , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल।	कंडिका–2(ix)
865.	1. आवेदन क्र0–1168/24 2. आवेदक–सेराजउद्दीन खाँ , पिता–वली मोहम्मद खाँ 3. ग्राम–चेड़रा , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
866.	1. आवेदन क्र0–1169/24 2. आवेदक–मो0 नासीर , पिता–इसुफ अली 3. ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
867.	1. आवेदन क्र0–1170/24 2. आवेदक–गुलाम नबी , पिता–स्व0 बबुनी अंसारी 3. ग्राम–चरनखिया , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में लहशन।	कंडिका–2(ix)
868.	1. आवेदन क्र0–1171/24 2. आवेदक–अब्दुल हमीद , पिता–स्व0 असगर अली 3. ग्राम–अंसारीनगर , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
869.	1. आवेदन क्र0–1172/24 2. आवेदक–जागेश्वर महतो , पिता–विपत महतो 3. ग्राम–जमनीजारा , पोस्ट–कोनार डैम , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
870.	1. आवेदन क्र0–1173/24 2. आवेदक–महमूद आलम , पिता–अली हुसैन 3. ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
871.	1. आवेदन क्र0–1174/24 2. आवेदक–डेगलाल साव , पिता–जालो साव 3. ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के सामने तिल।	कंडिका–2(ix)
872.	1. आवेदन क्र0–1175/24 2. आवेदक–सुभानी राय , पिता–मदारी राय 3. ग्राम–चानो , पोस्ट–उचाघाना , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
873.	1. आवेदन क्र0–1176/24 2. आवेदक–संजय कुमार , पिता–स्व0 चमन राम 3. ग्राम–विष्णुगढ़ , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल।	कंडिका–2(ix)
874.	1. आवेदन क्र0–1177/24 2. आवेदक–बहादुर पटेल , पिता–जीवाधन महतो 3. ग्राम–चानो , पोस्ट–चानो , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के उपर कटिंग।	कंडिका–2(ix)
875.	1. आवेदन क्र0–1178/24 2. आवेदक–गणेश प्रसाद , पिता–भोला प्रसाद 3. ग्राम–विष्णुगढ़ , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
876.	1. आवेदन क्र0–1179/24 2. आवेदक–जलील अंसारी , पिता–स्व0 ताजमुल अंसारी 3. ग्राम–नरकीखुर्द , पोस्ट–नरकी , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
877.	1. आवेदन क्र0–1180/24 2. आवेदक–इसुफ अंसारी , पिता–मौला मियाँ 3. ग्राम–चानो , पोस्ट–उचाघाना , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
878	1. आवेदन क्र0–1181/24 2. आवेदक–सबीर अंसारी , पिता–स्व0 मनिरउद्दीन अंसारी 3. ग्राम–चरनखिया , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
879.	1. आवेदन क्र0–1182/24 2. आवेदक–मोहन तुरी , पिता–रितलाल तुरी 3. ग्राम–सारूकुदर , पोस्ट–उचाघाना , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
880.	1. आवेदन क्र0–1183/24 2. आवेदक–मो0 सराफत अंसारी , पिता–लेयाकत अंसारी 3. ग्राम–चरनखिया , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
881.	1. आवेदन क्र0–1184/24 2. आवेदक–शब्बीर अंसारी , पिता–स्व0 चुरामनी अंसारी 3. ग्राम–चानो , पोस्ट–उचाघाना , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
882.	1. आवेदन क्र0–1185/24 2. आवेदक–मो0 मेराज अंसारी , पिता–मो0 शमसुद्दीन अंसारी 3. ग्राम–नवादा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
883.	1. आवेदन क्र0–1186/24 2. आवेदक–मो0 युनुस दिल मुहमद अंसारी , पिता–दिल मुहमद अंसारी 3. ग्राम–चरनखिया , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
884.	1. आवेदन क्र0–1187/24 2. आवेदक–शेख आसीन , पिता–शेख जुमाई 3. ग्राम–बनासो , पोस्ट–बनासो , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
885.	1. आवेदन क्र0–1188/24 2. आवेदक–शंकर महतो , पिता–विशुन महतो 3. ग्राम–बकसपुरा , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कान के नीये माशा।	कंडिका–2(ix)
886.	1. आवेदन क्र0–1189/24 2. आवेदक–मेघलाल महतो , पिता–स्व0 रेवा महतो 3. ग्राम–हेरूली मुरगाँवा , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा मार्क।	कंडिका–2(ix)
887.	1. आवेदन क्र0–1190/24 2. आवेदक–भेखलाल तुरी , पिता–गणेश तुरी 3. ग्राम–सारूकुदर , पोस्ट–उचाघाना , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
888.	1. आवेदन क्र0–1191/24 2. आवेदक–बैजनाथ प्रसाद महतो , पिता–ज्ञानी महतो 3. ग्राम–चेड़रा , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा मार्क।	कंडिका–2(ix)
889.	1. आवेदन क्र0–1192/24 2. आवेदक–मिश्री लाल साव , पिता–स्व0 बाबुलाल साव 3. ग्राम–रमुँआ (7 मील) , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ जला हुआ।	कंडिका–2(ix)
890.	1. आवेदन क्र0–1193/24 2. आवेदक–सेवक राम (सेवा महतो) , पिता–स्व0 तालो महतो 3. ग्राम–हेरूली मुरगाँवा , पोस्ट–विष्णुगढ़ , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आँख के नीचे तिल।	कंडिका–2(ix)
891.	1. आवेदन क्र0–1194/24 2. आवेदक–अमिबया देवी , पति–गेंदो महतो 3. ग्राम–करगालो , पोस्ट–अचलजामु , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–महिला , आयु– वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
892.	1. आवेदन क्र0–1195/24 2. आवेदक–शादाल हासमी , पिता–मो0 हासिम 3. ग्राम–लोहसिंघना , पोस्ट–लोहसिंघना , थाना–हजारीबाग , प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
893.	1. आवेदन क्र0–1196/24 2. आवेदक–शेर मोहम्मद खान , पिता–अमानुल खान 3. ग्राम–हाशमिया कॉलोनी , पोस्ट–पगमील , थाना–लोहसिघना , प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
894.	1. आवेदन क्र0–1197/24 2. आवेदक–मोहम्मद काजिम , पिता–मोहम्मद वली 3. ग्राम–ओरिया , पोस्ट–ओरिया , थाना–मुफ्फसिल , प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
895.	1. आवेदन क्र0–1198/24 2. आवेदक–गुलाम यजदानी , पिता–स्व0 मोजीबुर रहमान 3. ग्राम–433 मण्डे कला, मिल्लत कॉलोनी , पोस्ट–पगमील , थाना–लोहसिघना , प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
896.	1. आवेदन क्र0–1199/24 2. आवेदक–मो0 खलील , पिता–मो सफीक 3. ग्राम–मण्डईकला रोड़ , पोस्ट–कोलघाटी , थाना–लोहसिघना , प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन के दाहिने तरफ तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
897.	1. आवेदन क्र0–1200/24 2. आवेदक–डॉ0 निजामुद्दीन अंसारी , पिता–अली बक्श अंसारी 3. ग्राम–तारा बंगला , पोस्ट–बरही , थाना–बरही (कोनरा), प्रखण्ड–बरही 4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
898.	1. आवेदन क्र0–544/24 2. आवेदक–मो0 इशाक , पिता–दिल मोहम्मद मियाँ 3. ग्राम–रामनगर , पोस्ट–गलागी , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड–डुमरी 4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना में लहशन का निशान।	कंडिका–2(ix)
899.	1. आवेदन क्र0–545/24 2. आवेदक–मो0 सलीम खान , पिता–मोहम्मद अब्दुल खान 3. ग्राम–शंकरडीह , पोस्ट–गलागी , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड–डुमरी 4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
900.	1. आवेदन क्र0–546/24 2. आवेदक–मो0 जमालउद्दीन अंसारी , पिता–मो0 बशीर अंसारी 3. ग्राम–जामतारा , पोस्ट–जामतारा , थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी 4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया साईड के पेट में लहशन।	कंडिका–2(ix)
901.	1. आवेदन क्र0–547/24 2. आवेदक–मो0 रेयासत हुसैन , पिता–मो0 रमजान अली 3. ग्राम–परसाबेड़ा , पोस्ट–चालमो बरमसिया , थाना–डुमरी , प्रखण्ड–डुमरी 4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
902.	1. आवेदन क्र0–548/24 2. आवेदक–अब्दुल क्यूम अंसारी , पिता–चान्दो अंसारी 3. ग्राम–करम्बा , पोस्ट–बन्दखारो , थाना–बगोदर, सरिया, प्रखण्ड–बगोदर 4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल।	कंडिका–2(ix)
903.	1. आवेदन क्र0–549/24 2. आवेदक–डॉ0 मो0 कलीम अंसारी , पिता–स्व0 जहीर अंसारी 3. ग्राम–अलकापुरी वार्ड नं0–07 , पोस्ट–पचम्बा , थाना–पचम्बा , प्रखण्ड–गिरिडीह 4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
904.	1. आवेदन क्र0–550/24 2. आवेदक–मो0 इसराफील , पिता–स्व0 इस्माईल मियाँ 3. ग्राम–पेशरा गढ़हा , पोस्ट–पचम्बा , थाना–पचम्बा , प्रखण्ड–गिरिडीह 4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
905.	1. आवेदन क्र0–448/24 2. आवेदक–शाह मोहम्मद अंसारी , पिता–स्व0 गुलजार अंसारी 3. ग्राम–सुरही , पोस्ट–सुरही , थाना–नावाडीह , प्रखण्ड–नावाडीह 4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
906.	1. आवेदन क्र0–449/24 2. आवेदक–कमरूद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 मकसुद अंसारी 3. ग्राम–बारू , पोस्ट–बारू , थाना–जरीडीह , प्रखण्ड–जरीडीह 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
907.	1. आवेदन क्र0–450/24 2. आवेदक–प्रयाग ठाकुर , पिता–जागो ठाकुर 3. ग्राम–नरकंडी , पोस्ट–ढुरलूंग , थाना–गोमिया, चतरोचट्टी , प्रखण्ड–गोमिया 4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल, भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं बद्री सिंह द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।	
908.	1. आवेदन क्र0–841/24 2. आवेदक–रामलखन महतो , पिता–स्व0 किशुन महतो 3. ग्राम–बड़कागाँव , पोस्ट–बड़कागाँव , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अँगूठा के उपर तिल।	कंडिका–2(ix)
909.	1. आवेदन क्र0–842/24 2. आवेदक–मनोहर प्रसाद दाँगी , पिता–स्व0 निक महतो 3. ग्राम–सांढ , पोस्ट–सांढ , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा हुआ चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
910.	1. आवेदन क्र0–843/24 2. आवेदक–खिरोधर प्रसाद मेहता , पिता–स्व0 रामेश्वर महतो 3. ग्राम–सांढ , पोस्ट–सांढ , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
911.	1. आवेदन क्र0–844/24 2. आवेदक–विनय कुमार दाँगी , पिता–गलू महतो 3. ग्राम–हरली , पोस्ट–हरली , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
912.	1. आवेदन क्र0–845/24 2. आवेदक–राम दुलारी देवी , पति–खिरोधर प्रसाद मेहता 3. ग्राम–सांढ , पोस्ट–सांढ , थाना–बड़कागाँव , प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
913.	1. आवेदन क्र0–846/24 2. आवेदक–ब्रज भूषण गुरू , पिता–स्व0 सुदामा गुरू 3. ग्राम–गुरूबारा , पोस्ट–गुरूबारा , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण 4. लिंग–पुरूष ,आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें हाथ अँगूठा के पास गोदना का चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
914.	1. आवेदन क्र0–532/24 2. आवेदक–संगीता देवी , पति–स्व0 मनोज महतो 3. ग्राम–तिगरा बांध मुडी , पोस्ट–गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु 4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का छोटा उँगली छोटा है।	कंडिका–2(ix)
915.	1. आवेदन क्र0–533/24 2. आवेदक–महेन्द्र महतो , पिता–स्व0 पुरन महतो 3. ग्राम–तिगरा बांध मुडी , पोस्ट–गुडू , थाना–रातु , प्रखण्ड–रातु 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही।	कंडिका–2(ix)
916.	1. आवेदन क्र0–1201/24 2. आवेदक–ध्रुव नारायण पासवान , पिता–चुरामन पासवान 3. ग्राम–गंगपाचो , पोस्ट–गंगपाचो , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया कमर में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
917.	1. आवेदन क्र0–1202/24 2. आवेदक–चिन्तामनी पासवान , पिता–धर्म चन्दी पासवान 3. ग्राम–गंगपाचो , पोस्ट–गंगपाचो , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांय पैर में कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
918.	1. आवेदन क्र0–1203/24 2. आवेदक–निरंजन प्रसाद , पिता–एकामनी प्रसाद 3. ग्राम–गयपहाड़ी , पोस्ट–कल्हाबाद , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में माशा।	कंडिका–2(ix)
919.	1. आवेदन क्र0–1204/24 2. आवेदक–हिरालाल प्रसाद , पिता–जयनाथ महतो 3. ग्राम–सलैया , पोस्ट–वरवां , थाना–बरकट्ठा , प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटा निशान।	कंडिका–2(ix)

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य	(नरसिंह मुर्मू) सदस्य	(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 319447 Home(23-24).D

रोजगार मेला में 267 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

खूंटी (आजाद सिपाही)। जेएसएलपीएस द्वारा सोमवार को जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान और जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसएलपीएस द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में भाग लें और योजना का लाभ उठाएं। अधिक से अधिक लोग नौकरी में जायें, ताकि खूंटी जिले का कोई भी युवा बेरोजगार न रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सेक्टर के अलग-अलग राज्यों से 18 कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कुल 537 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें से 267 लोगों को मेला में आई कंपनियों द्वारा जॉब आफर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा डीडीयूजीकेवाइ के माध्यम से प्रशिक्षित 10 उम्मीदवारों को ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किया गया।

झामुमो ने खलारी में निकाला न्याय मार्च

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कमिटि की ओर से पियारटांड और अंबाटोगरी से न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च के माध्यम से ग्रामीणों को बताया गया कि झारखंड के लोकप्रिय नेता झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा किस तरह प्रताड़ित कर रहे हैं और उन्हें फसाने का काम कर रहे हैं जो कि यहां की जनता जाने और आने वाले चुनाव में भाजपा को सबक सिखायें। इस न्याय यात्रा में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अनील पासवान, कलाम रिजवी, चितरंजन सिंह, शभुदास, दिनेस्वर सिंह, राजकुमार गंझू कमलेश, प्रवीण, सुधीर आदि शामिल थे।

आजसू पार्टी 24 को बुंडू में धरना देगी

बुंडू (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में सोमवार को बुंडू नगर पंचायत के कार्यपालक को सुचनार्थ पत्र दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि एक सप्ताह पहले आजसू पार्टी द्वारा आपको एक मांग पत्र दिया गया था, जिसमें बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र के बीपीएल परिवारों को पेयजल के नये कन्केशन निःशुल्क करने की मांग की गयी थी। 24 फरवरी को एकदिवसीय शांतिपूर्ण धरना देगी, तत्पश्चात भी अगर 10 दिनों में समाधान नहीं होती है तो आजसू पार्टी बुंडू नगर पंचायत कार्यालय के समीप अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल में बैठेगी और आजसू कार्यकर्ताओं की स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसकी संवैधानिक जिम्मेवारी बुंडू नगर पंचायत के सक्षम पदाधिकारी की होगी। आजसू पार्टी द्वारा बुंडू प्रखंड पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें अबुवा आवास में ग्राम सभा द्वारा भेजे गये सुची में उपायुक्त लाभुकों को सुचीनुसार न देकर जहां तहां से दिया गया है, जो कि भारी अनियमितता दर्शाती है। धरना को त्रिलोकी, सुखदेव मुंडा, ठाकुरा मुंडा, सिमैला मुंडा, लखिमनी मुंडा, जोगेन मुंडा, पूर्णचंद्र मुंडा, गुरुवा मुंडा, मंगल ने संबोधित किया।

ओपन ट्रायल में 296 प्रतिभागी हुए शामिल

खूंटी (आजाद सिपाही)। बच्चों के बीच खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खूंटी जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट उत्कर्ष सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स खेल परियोजना का सफल संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जिला के विभिन्न प्रखंडों में खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों के चयन के लिए ओपन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को अड़की प्रखंड अंतर्गत इंदीपीड़ी मैदान, बीरबांकी में लगाये गये चयन शिविर में कुल 296 प्रतिभागियों ने ओपन ट्रायल में भाग लिया। परियोजना का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में अधिक से अधिक संख्या में जिले के बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। जिससे उन्हें व्यापक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का मौका मिल सके।फोटो

बैंक ऑफ इंडिया शाखा बचरा की लचर व्यवस्था से ग्राहक परेशान

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया शाखा बचरा की लचर व्यवस्था से ग्राहको को इन दिनों काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध मे युनाईटेड कोल वर्क्स युनियन डकरा शाखा सचिव दिनेश कुमार भुईयां ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैंक में ग्राहकों का काम समय पर नही हो रहा है, जिसके कारण ग्राहक बैंक का चक्कर लगा रहे है। एक ही काम के लिए ग्राहकों को बार-बार बैंक का चक्कर लगाया जा रहा है। बैंक प्रबंधक ग्राहकों की सुविधा के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पैसे की लेनदेन पासबुक अपडेट सहित कागजी कामों के प्रति बैंक कर्मियों का रवैया काफी खराब है। उन्होंने बैंक प्रबंधक के लचर व्यवस्था का विरोध करते हुए उच्च अधिकारियो से शिकायत करने की बात कही।

असामाजिक तत्वों ने कुंदी विद्यालय में की तोड़फोड़

इटकी (आजाद सिपाही)। कुंदी गांव कू रेल लाइन के पास स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अज्ञात असमाजित तत्वों द्वारा तोड़ फोड़ करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर प्रधानाध्यापिका शीला सिंह ने थाना में लिखित सूचना देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। रविवार की रात विद्यालय भवन के दो खिड़कियों को असमाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर लोहे के छड़ों को ले गये। शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि अज्ञात लोगों द्वारा विद्यालय भवन को लगातार क्षति पहुंचाया जा रहा है। इससे पहले भी दो बार इस तरह की घटना विद्यालय के भवन में हो चुका है।

कोयलांचल के राय बाजार में दो मार्च को जलसा सह दस्तारबंदी का होगा आयोजन

जलसा को लेकर बैठक करते कमेटी के लोग।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के जामिया गोसिया रिजविया मदरसा राय के द्वारा दो मार्च को जमाले तैयब कॉन्फ्रेंस सह दस्तारबंदी (जलसा) का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमें राय मदरसा के सात बच्चों को हाफिज ए कुरान की उपाधि दिलायी जायेगी। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के भी कई उलेमा और मौलाना शामिल होंगे, जिसमें प्रमुख रूप से यूपी के बरेली शरीफ से पीर ऐ तरीकत हजरत उमर राजा खान और साउथ अफ्रीका के मशहूर नात खां शब्बीर बरकाती सहित कई उलेमा मौलाना और नात खां शामिल होंगे। उन्होंने कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोगों से जलसा कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों की हड़ताल लगातार चौथे दिन भी रही जारी

बचरा साइडिंग में रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य बंद होने से सीसीएल को हो रहा नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। वेतन कटौती के खिलाफ और न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग में कार्यरत सभी असंगठित मजदूर 16 फरवरी से ही हड़ताल पर चले गए हैं। साईडिंग के ऑपरेटर, मुंशी, लेबलिंग और हेल्पर मजदूर हड़ताल मे शामिल है, जिसके कारण बचरा साइडिंग में पिछले चार दिनों से रैक लोडिंग व डिस्पैच का कार्य पुरी तरह से बंद है। साइडिंग में रैक लोडिंग और डिस्पैच का काम बंद होने से देश के विभिन्न पावर प्लांट में कोयले की कमी हो गयी है, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति पर संकट मंडरा रहा है। वहीं सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन और रेलवे प्रबंधन को करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इधर हड़ताल में शामिल सभी असंगठित मजदूर बचरा साईडिंग में चौथे दिन भी जमकर विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी किया। इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि पिछले चार दिनों से बचरा साईडिंग के मजदूर हड़ताल पर है, लेकिन अभी तक प्रबंधन और कंपनी का कोई भी प्रतिनिधि मजदूरों के साथ वार्ता के लिए सामने नही आया है। प्रबंधन द्वारा वार्ता में देरी किये जाने से मजदूरों में आक्रोश देखा जा रहा है। मजदुरो ने कहा कि हेम्स नामक कम्पनी के आने के बाद सभी मजदूरों के वेतन में कटौती कर दी गयी। वहीं हाई पावर कमेटी के अनुशंसा को अभी तक लागू नहीं किया गया है,जिसके कारण मजदूरों को काफी परेशानियों हो रही है। मजदूरों ने कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक बचरा साइडिंग में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। मौके पर चमन महतो, बिजली महतो, दिलीप कुमार चौधरी, मुंशी महतों, सुरेश गोप, लटन महतो, चंद्रदेव, मुनेशर, मानकू, सहित काफी संख्या में असंगठित मजदूर मौजूद थे।

18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग पंजीकरण करायें और जागरूक मतदाता बनें: डीसी

मानव श्रृंखला बना कर छात्र-छात्राओं ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी में हजारों छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हरेक मतदाता को उनके दायित्वों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है, इसे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। मौके पर उपायुक्त ने युवा मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोग अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक मतदाता बनें। हम सभी को अपने स्तर से मतदाता जागरूकता के इस महाभियान में भागीदारी सुनिश्चित करनी है। मानव श्रृंखला बनाकर हर वोट है जरूरी, मतदाता के रूप में आज ही पंजीकरण करायें का संदेश छात्र-छात्राओं ने दिया। साथ ही युवा मतदाताओं को मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए मानव श्रृंखला बनाकर इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आइटीडीए, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, बिरसा कॉलेज की प्राचार्या सहित शिक्षा विभाग के जिला अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं को दिलायी शपथ : मौके पर उपायुक्त ने छात्र- छात्राओं को शपथ दिलाई, हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

निंद्रा कारीटॉड़ में मनायी गयी भोला टाना भगत और थोलवा टाना भगत की जयंती

मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। निंद्रा कारीटाड में स्वतंत्रता सेनानी भोला टाना भगत की 148वां और थोलवा टानाभगत की 128वीं जयंती मनायी गयी। इसके अलावा डुमारो पंचायत के अन्य सात टानाभगत स्वतंत्रता सेनानियों को भी नमन कर याद किया गया। जयंती की शुरूआत गोवर्द्धन टाना भगत, चरित्र टाना भगत, छोटेया टाना भगत द्वारा विधिवत पारंपरिक तरीके से स्मारक स्थल पर पूजा किया गया। इससे पूर्व जयंती को लेकर टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी के परिवार की महिलाओं द्वारा नदी से नौ कलश में जल भरकर स्मारक स्थल तक लाया गया। जहां सभी कलश में दीप जलाकर किया गया। पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुखिया सुनीता खलखो ने कहा कि डुमारो पंचायत में भोला और थोलवा टाना भगत सहित कुल नौ टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी पैदा हुए जो गौरव की बात है। इन सेनानियों ने देश की आजादी की आदोलन में अहम भूमिका निभायी थी। इन स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन संघर्ष सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर इस मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि रोहित यादव, रामदेव टाना भगत, राजेश टाना भगत, सुखराम टाना भगत, हरि कुमार भगत, जितेंद्र सिंह, संपति टाना भगत, बसंत लोहरा, रॉकी पहन सहित रांची, गुमला, चतरा, लोहरदगा, लातेहार के टाना भगत उपस्थित थे।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत वित्त सखियों का छह दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

खूंटी (आजाद सिपाही)। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीनस्थ बीओआई, स्टार आर-सेटी संस्थान में उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ई.डी.पी.) का छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता फैलाने के लिए आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 वित्त सखियां शामिल हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य सुशील सांगा सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। मौके पर सुशील सांगा ने कहा कि महिलाओं को जब भी अवसर मिलता है, तो वे यह सिद्ध कर देती हैं कि बुद्धिमानी और योग्यता में वे किसी से कम नहीं है। उन्होंने स्व-रोजगार के लाभ एवं ग्रामीण भारत में स्वरोजगार की जरूरत को रेखांकित किया। संस्थान के निदेशक मिथिलेश कुमार ने बताया कि यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम वित्त सखियों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों मे वित्तीय साक्षारता फैलाने के लिए आयोजित किया गया है। संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य सुशील कुमार ने एक सफल उद्यमी के गुण, बाजार प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, टावर बिल्डिंग,आइसीई ब्रेकिंग, रिंग टॉस जैसे प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं में उद्यमिता का विकास किया, ताकि वापस जाकर सभी महिलाएं एक सफल व आत्मनिर्भर उद्यमी बन सके। सभी 35 महिलाओं ने मुद्रा लोन के तहत ऋण के लिए आवेदन दिया है, जिसे विभिन्न बैंको को भेज दिया गया।

योजनाओं के प्रति जागरूक होकर उनका लाभ लें: रवि वर्मा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कर्रा और खूंटी में शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। जिले के कर्रा प्रखंड के लोधमा, हाकाजांग और खूंटी के तिरला और बारूरुडीह पंचायत भवन में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कर्रा के लोधमा और खूंटी के तिरला में आयोजित शिविर का दौरा कर विकसित भारत संकल्प यात्रा के खूंटी जिला प्रभारी पदाधिकारी रवि कुमार वर्मा ने शिविर की गतिविधियों का जायजा लिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शिविर में खूंटी जिला प्रभारी ने सरकार द्वारा संचालित विविध योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि योजनाओं के प्रति जागरूक होकर वांछित कागजात को प्रस्तुत कर योजनाओं से लाभ प्राप्त करें। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के स्टॉल लगाये गये थे। इन स्टॉलों पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई और लाभ प्राप्त करने की अपील गयी। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित पंपलेटों के साथ कैलेंडर का वितरण किया गया। एलईडी वैन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान धरती कहे पुकार विषयक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर हडिया-दारू की बिक्री बंद कर फुलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। लोधमा में आयोजित शिविर में मेरी जुबानी मेरी कहानी कार्यक्रम के तहत जेएसएलपीएस से जुड़ी तुलसी देवी ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि किस तरह वह टीकाकरण द्वारा बकरी और मुर्गी पालकों को सहयोग करती हैं। बैंक सखी सरिता देवी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं लोन लेकर किस तरह अपनी व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सफलता हासिल कर रहीं हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी पदाधिकारी ने लोधमा के महतो टोली ग्राम में किसानों द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चार एकड़ भूखंड में की गयी आम की बागवानी का अवलोकन किया। मौके पर उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नागेशिया को किसानों को नींबू एवं अमरूद की बागवानी के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। मौके पर लोधमा मुखिया मंजुला उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

झामुमो ने हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए मां देवड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा मां देवडी मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई हेतु पूजा अर्चना कर कहा गया कि हेमंत सोरेन को एक षड़यंत्र के तहत फसाकर जेल भेजा गया है। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो जिला संयुक्त सचिव सुखुवा महतो, परमेश्वर यादव, लखीमनी देवी पूरन उरांव, शिवचरण मुंडा के साथ सोनाहातू प्रखंड अध्यक्ष हलधर महतो सचिव कृष्णा मुंडा कोषाध्यक्ष कार्तिक महतो कोलेवर अहीर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एसटी-एसी की 50 वर्ष से अधिक सभी महिलाओं को मिलेगी पेंशन: अरुण साबू

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड के पड़हा राजा सभागार में प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका, प्रखंड के मुखिया, पंचायत सचिव, कर्मचारी और अधिकारियों के साथ सरकार की पेंशन योजना को लेकर सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी ने कहा कि आप अपने स्तर से प्रत्येक घर की लिस्ट बनायें कि 50 वर्ष से ऊपर की महिलाएं कितनी हैं और इसके लोगों महिलाओं को जागरूक करें। उप प्रमुख अरूण कुमार साबू ने कहा कि सरकार द्वारा पहले 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को पेंशन मिलती थी, लेकिन अब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की सभी महिलाओं को पेंशन मिलेगी। उप प्रमुख ने कहा कि आज एक भी महिला या पुरुष जो 60 वर्ष से अधिक उम्र के हैं, कोई भी पेंशन से वंचित नहीं है। प्रत्येक वार्ड पार्षद, वार्ड सदस्य, मुखिया, आपकी मदद ली जायेगी।

एसएसबी जवानों ने लगाया जागरूकता शिविर

राहे (आजाद सिपाही)। एसएसबी 26वीं बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देशानुसार प्रखंड के अंबाझारिया गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एसएसबी 26 वीं बटालियन के वाहिनी ए कंपनी सताकी कैम्प के द्वारा किया गया। स्कूल में जाकर बालिका शिक्षा पर जोर देकर उन्हें मुर्गी पालन, सिलाई प्रशिक्षण, मोटर ड्राइविंग जैसे स्वरोजगार का कार्यक्रम से जोड़ने को कहा गया। शिविर में ए कंपनी के कमांडर शशि कुमार, सहायक उपनिरीक्षक दीपक सिंह, हरदीप सिंह, स्कूल के शिक्षक, बच्चे और जवान मौजूद थे।

राहे में भाजपा ने चलाया गांव चलो अभियान

राहे (आजाद सिपाही)। भाजपा राहे मंडल अंतर्गत,अंबाझारिया पंचायत के बूथ संख्या 150, 151,149 बसंतपुर पंचायत के बूथ संख्या 161,164 और लोवाहातु पंचायत के बूथ संख्या 185, 187,188, 189, 190, में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान चलाया। इसके तहत 9 साल में किए गये मोदी सरकार द्वारा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गयी। तथा इन योजनाओं को आम लोगों तक कैसे पहुंचे ओर लाभ कैसे मिले विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में भाजपा के डॉ राजाराम महतो प्रताप कुशवाहा, मनीष मेहता, कृष्ण चरण महतो, नरोत्तम महतो, ज्योति प्रसाद कोईरी, सीतानाथ महतो, मुकेश महतो, माधव महतो आदि मौजूद थे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने किया कंबल का वितरण

सिकिदिरी (आजाद सिपाही) । भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा के सौजन्य से आज कुच्चू पंचायत के डिमरा और कामता गांव में 150 वृद्ध एवं विधवाओं के बीच सिकिदिरी मंडल महामंत्री सोहरैया बेदिया, मंडल उपाध्यक्ष नरेश बेदिया एवं संजय महतो के संयुक्त नेतृत्व में कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पहान का भी अहम योगदान है। मंडल महामंत्री सोहरैया बेदिया ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी।

पोक्सो एक्ट का फरार अभियुक्त गिरफ्तार

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी थाना पुलिस ने सोमवार को पोक्सो एक्ट के कांड संख्या 68/2023 के फरार अभियुक्त अयान खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिड़िता के पिता द्वारा अभियुक्त के खिलाफ 1,8,2023 को बलत्कार का एक मामला दर्ज कराया था। वारदात के वाद से अयान फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पुनदाग रांची में छापामारी कर अयान खान को धरदबोचा। छापामारी में प्रशिक्षु डीएसपी दशरू बान सिंह, एएसआई ऐनूल हक सहित अन्य शस्त्र बल शामिल थे।

पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में हुई कुड़मी विकास मंच की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में कुड़मी विकास मंच की बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता कुड़मी विकास मंच पिपरवार के अध्यक्ष नागेश्वर महतो और संचालन मनीलाल महतो ने किया। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और अपने हक और अधिकार के लिए सभी को जागरूक होने की अपील की गयी। बैठक मे 25 फरवरी को रांची के मोरहाबादी मैदान मे होने वाले हुंकार महारैली कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में सरस्वती से सभी लोग एक साथ वाहनों से रांची जाने का निर्णय लिया। बैठक में नागेश्वर महतो, चिंतामन महतो, देवनाथ महतो, तुलसीदास, अंगद, प्रितम, पुरन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बचरा में दोस्ताना क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में रविवार की रात सीसीएल अधिकारियों की टीम के बीच रात्रि दोस्ताना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमे पिपरवार नाईटस बनाम पिपरवार स्पार्टन के बीच मैच खेला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक तकनीकी योजना और परियोजना बी साईराम और निर्देशक वित्त पवन कुमार मिश्रा मौजुद थे। पिपरवार नाईटस की टीम निर्धारित 12 ओवर मे तीन विकेट खोकर 109 रन बनाया, जिसके बाद जवाबी पारी खेलने उतरी पिपरवार स्पार्टन की पुरी टीम 100 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। अतिथियों के द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के दो छात्रों का हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। गांधीनगर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने सोमवार को झारखंड गवर्नमेंट टूलरुम रांची के दो छात्रों का चयन इंटर्नशीप के लिये किया। चयनित छात्रों में आकाश कुमार महतो एवं सौरव कुमार शामिल है। इस दौरान एक पत्र के माध्यम से सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग के सीनियर साईंटिस्ट द्वारा भेजे गये छात्रों के अच्छे योगदान को सराहा गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग ने भविष्य में झारखंड सरकार टूलरुम से और अधिक इंटर्नस का स्वागत करने के संभावना से उत्साह दिखाया है। टूलरुम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर से प्राप्त पत्र से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि युवा प्रतिभा को पोषित करने और उन्हें विकसित करने के लिये समर्पित है।

साथ ही संस्थान की ओर से निर्णय लिया गया कि भविष्य में इसी तरह इच्छुक छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर के सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग में इंटरर्नशीप करने के लिये भेजा जायेगा। अंत में झारखंड गवर्नमेंट टूलरुम के दौरा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर सेंटर के फॉर क्रिएटिव लर्निंग के समर्थन को लेकर आभार जताया।

कांके सीएचसी में सहियायों के आंदोलन का दिखा असर

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पद से हटाये गये डॉ अजीत

डॉ अजीत कुमार के पद से हटाने के बाद धरना भी समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

कांके। स्वास्थ्य चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की कांके शाखा के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्यकर्मी सहिया साथियों का प्रदर्शन सोमवार को सातवें दिन भी जारी रहा। इस दिन आंदोलन को लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, आजसू नेता सह समाजसेवी तनवीर आलम ने भी अपना समर्थन दिया। बढ़ते दबाव के चलते शाम पांच बजे के बाद सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने अपने कार्यालय से आदेश देते हुए डॉ अजीत कुमार को कांके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी पद से हटाते हुए इसे राजकीय औषधालय डोरंडा विरमित कर दिया। डॉ अजीत कुमार के हटाए जाने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने खुशी जाहिर की। कहा कि भ्रष्टाचारी अफसर का हटाया जाना खुशी की बात है। बतातें चलें की विगत 11 फरवरी से डॉ अजीत स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं आ रहे थे। रांची सिविल सर्जन ने डॉ पर्ल मिंज को केंद्र का नया प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया है। वहीं, लोकहित अधिकार पार्टी के हरिनाथ साहू, आजसू नेता तनवीर आलम, संघ के सचिव अखिलेश प्रसाद सहित सहिया स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि कांके स्वास्थ्य केंद्र में भ्रष्टाचार हो रहा है और छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई हो रही है। डॉ अजीत की भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और उनके कार्यकाल में हुए अनियमितता की भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की भी जाए। जिससे भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम लग सके।

डॉ पर्ल मिंज बनाये गये नये चिकित्सा पदाधिकारी

चिकित्सा प्रभारी डॉ अजीत को हटाने जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करती सहियाएं।

पूर्व डीडीसी ने दीपक बिरुवा को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने सोमवार को नव चयनित आदिवासी कल्याण सह परिवाहन मंत्री सह चाईबासा विधायक दीपक बिरुवा को बुके देकर मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। परमेश्वर भगत ने बताया कि 1984 से 1986 तक वे दीपक बिरुवा के साथ पढ़ाई की थी। साथ ही आजसू की शुरूआती आंदोलन में भी साथ-साथ भाग लिया था।

नये थाना प्रभारी का अभिनंदन

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नामकुम थाना के नये थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान नये थाना प्रभारी को बुके भेंट कर स्वागत किया। इसका आयोजन विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रुप से किया। जबकि संचालन राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने किया। प्रतिनिधिमंडल की ओर से लोगों को हर संभव मदद एवं क्षेत्र में शांति बहाल रखने की बात कही गई। इस पर थाना प्रभारी ने भी उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि उनका भरपूर प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में सभी लोग अमन चैन के साथ रहे। पुलिस हर जरूरतमंदों की सहायता करेंगी। मौके पर भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, वार्ड 47 के पूर्व पार्षद किरण सांगा, आजसू के केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, कांग्रेसी नेता रमेश पांडेय, बिरसा पाहन, अनिल वर्मा, प्रभु दयाल बड़ाईक, प्रकाश लकड़ा, रमाशंकर तिवारी, राजू लकड़ा, थीमा पाहन, अनिल कुमार, पिंटू सिंह, मंटू राय, विनीत सिंह, मो. सज्जाद, अधीर श्रीवास्तव, नितेश सिन्हा और कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के ब्रजपुर स्थित वैष्णवी पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में सोमवार की दोपहर एक बजे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान मखमन्द्रों निवासी स्व सुनील भगत के 22 वर्षीय पुत्र निखिल भगत रूप में में हुई है। इसी हादसे में एक अन्य युवक

सुशांत उरांव भी बुरी तरह घायल हो गया। उसे मांडर के रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया था। उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक एक बाइक पर सवार होकर काठीटांड से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही ब्रजपुर वैष्णवी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे पीछे से आ रहे एक पिकअप वैन बाइक को कुचलते हुए डालटनगंज की ओर फरार हो गया। उधर, घटना की सूचना पाते ही थाना प्रभारी शशिभूषण चौधरी व सीआई संतोष उरांव घटना स्थल पहुंच गए। जहां लोगों ने हादसे में मृत युवक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। सीआई संतोष उरांव ने बताया कि सरकारी प्रावधान के मुताबिक मुआवजा दिया जायेगा। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के प्रतिवाद में झामुमो ने रातू में निकाला न्याय मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। इंडी द्वारा विगत दिनों हेमंत सोरेन की गिरफ्तार के लिए केंद्र की मोदी सरकार को दोषी ठहराते हुए सोमवार को झामुमो प्रखंड समिति की ओर से कार्यकर्ताओं ने न्याय मार्च निकाला गया। प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी के नेतृत्व में निकाली गई न्याय मार्च यात्रा विभिन्न रास्तों से होते हुए उतरी पंचायत प्रखंड मुख्यालय तक गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जिला अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष समीम मंसूरी, रामनंदन महतो, पाविरुष तिग्गा, कमरुल हक, असलम अंसारी, जाबिर अंसारी, प्रदीप किस्पोटा, बबलू मिंज, आसिफ मंसूरी, अजय साहू, कृष्ण कुमार, खेदु महली, शकुंतला देवी, जीतनंदन महतो, कुर्बान अंसारी आदि शामिल थे।

ओरमांझी के ग्रामीण डाक कर्मियों ने लिया एआइजीडीएसयू की सदस्यता त्यागने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। ओरमांझी उपडाकघर अंर्तगत कार्यरत सभी ग्रामीण डाककर्मियों की ने सोमवार जरूरी बैठक की। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार महतो ने की। बैठक में अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के क्रियाकलापों पर असंतोष व्यक्त किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से संगठन की सदस्यता से खुद को अलग रखने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि यह संगठन ग्रामीण डाक सेवकों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने में अबतक विफल रही है। वर्षों से जीडीएस कर्मी अपनी मांगों को लेकर संगठन के माध्यम से आंदोलनरत रहे हैं। पर शीर्ष अधिकारियों ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया और मुखर होकर कभी उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखने की कोशिश नहीं की। इस कारण जीडीएस कर्मियों की समस्या यथावत बनी हुई है। निर्णय लिया कि सभी जीडीएस कर्मी यूनियन की सदस्यता का त्याग करते हुए अब स्वतंत्र रुप से डाक सेवा का कार्य करेंगे। मौके पर शंभू कुमार श्रीवास्तव, हीरालाल महतो, राजेश महतो, सुरेश महतो, रामानंद महतो, पुष्पा देवी, तुलसी दास पाहन, आसिफ अंसारी, विजय महतो, अनीता देवी, बालेश्वर महतो, राजेश साहू, मंजू बेदिया, रोहित महतो, पुनीत कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

बेड़ो महादानी मैदान में मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक आज

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में मंगलवार को मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वाधान में आवश्यक बैठक होगी। बैठक केंद्रीय मोर्चा द्वारा आहूत की गई है। जिसमें 27 फरवरी को रांची के मोराबादी मैदान से संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में राजभवन तक पैदल मार्च निकाले जाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मूलवासी सदान मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, आकाशवाणी के शकुंतला मिश्रा, मुख्य सलाहकार क्षितिज कुमार राय समेत मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इधर, धनंजय कुमार राय व विश्वनाथ गोप ने मूलवासी के सभी प्रबुद्ध जनों, समाज सेवियों शिक्षाविदों, छात्रों, युवाओं से इस बैठक में शामिल होकर सफल बनाने का आह्वान किया है।

डहु मध्य विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

ओरमांझी। डहु राजकीयकृत मध्य विद्यालय में सोमवार को प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें वर्षा सूचक यंत्र, जल शोधक यंत्र, सोलर लाइट सिस्टम सहित दर्जनों आकर्षक मॉडलों की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। निर्णायक की भूमिका बीपीओ रीना यादव, चकला विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाइक, विषय विशेषज्ञ राजेश दास ने किया। इस दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रथम स्थान राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिस्का, द्वितीय राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाडु, तथा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहु एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायापुर को दिया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पिस्का उच्च विद्यालय पिस्का का चयन

जिले के लिए किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बेहतरीन विज्ञान प्रदर्शनी के लिए भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को काफी सराहना की। मौके पर डहु मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधेश प्रसाद, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, मध्य विद्यालय चकला के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, राजेश दास, संकुल साधन सेवी राजदीप कुमार, शिक्षक बृजेश कुमार मिश्र, उमेश चंद्र वर्मा, सहित प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

जैक बोर्ड परीक्षा : हिंदी पेपर में अनुपस्थित रहे 18 छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा में सोमवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में से हिंदी की परीक्षा में 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसमें प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल पांच परीक्षा केंद्रों में राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 310 में दो अनुपस्थित, राजकीय मध्य विद्यालय बालिका में 161 में पांच, अनुपस्थित, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 377 में तीन अनुपस्थित, एसएस प्लस टू उच्च

विद्यालय में 345 में पांच अनुपस्थित, सरस्वती विद्या मंदिर में 349 में 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं छात्र-छात्राओं ने सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा लिखा। परीक्षा पुर्णतः शांति पूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक नियुक्त किए गए है। वहीं, करम सिंह महतो को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो, हेंनरीता मिंज को एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, तरुण कुजूर को राजकीय मध्य विद्यालय, बेड़ो बालक मुक्ति रानी खलखो को राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालिका व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शेखर कुमार को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा अगले 26 फरवरी तक ली जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन में दंडाधिकारी के रूप में बासुदेव बड़ाईक को नियुक्त किया गया है। साथ ही पुलिस प्रशासन की ओर से एएसआई अक्षय कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ मौजूद रहे।

पुलिस, शांति समिति के सदस्यों ने निकाला शांति मार्च, अमन-चैन से रहने की अपील

नगड़ी में शांति, खुली दुकानें, हटी धारा-144

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। सरस्वती पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन कर वापस लौट रहे जुलूस पर विगत शुक्रवार को हुए पथराव के बाद से क्षेत्र में तनाव था। हालांकि पुलिस और शांति समिति की पहल से घटना के तीन दिन बाद सोमवार को क्षेत्र में शांति दिखी। इसके बाद सुबह 10 बजे के बाद वहां जारी धारा-144 को समाप्त कर दिया गया। जिसके बाद दुकानें आम दिनों की तरह खुल गई। दोपहर 12 बजे क्षेत्र में अमन-चैन की बहाली को लेकर नगड़ी थाना से लेकर मेन रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय तक शांति मार्च निकाली गयी, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों सहित

शांति मार्च में शामिल शांति समिति के सदस्य और पुलिस।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए। सद्भावना मार्च में शामिल अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लोगों से शांति और अमन चैन बनाए रखने की अपील की। मौके पर डीएसपी अरविंद कुमार, डीएसपी राजकुमार यादव, जिप सदस्य पूनम देवी, प्रमुख मदुवा कच्छप, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ दीपाली भगत, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, जिला परिषद सदस्य पुनम देवी, उप प्रमुख अफसाना परवीन पसस शीला देवी, अनिता देवी, गुलरेज अंसारी गुलरेज अंसारी, मुखिया जय गोपाल उरांव, ऐनुल हक, विजय महतो, अब्दुल कुद्दुस, दौलत राम केसरी, केदार महतो, बजरंग महतो, चुडामणी महतो, दिलरुबा हुसैन, ऐनुल हक, हासिम अंसारी, शहीद अहमद, दिनेश केसरी, हेमंत केसरी, बालकरण महतो, कमलेश केशरी, हेमंत केशरी, विनोद तिर्की, मोबिन अंसारी, मनोज महतो, फिरोज अंसारी, राखी देवी, वीरेंद्र महतो, बिशू कच्छप, गिरधारी गोप, सफीक अंसारी, सरफराज अहमद, आंनद साहू, बजरंग साहू, सवैश भगत, वीरेंद्र मेहता, तसलीम अंसारी, विलियम एक्का, फिरोज अंसारी, मुख्तार अंसारी व अख्तर अंसारी आदि शामिल थे।

गुप्ता ट्रेडिंग से एक करोड़ रंगदारी मांगने का मामला

संलिप्तता से अमन साहू गिरोह ने किया इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अपर बाजार के रहनेवाले व्यवसायी से एक करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में अमन साहू गैंग की ओर से सोमवार को सोशल मीडिया पर कहा गया कि हमारी ओर से कोई रंगदारी नहीं मांगी गयी है। कोई छुटभैये अपराधी या आसामाजिक तत्व के जरिये बॉस के नाम पर रंगदारी की मांग की गयी होगी।

यह भी कहा गया कि हमारा गैंग कोयला व्यापारी, जमीन कारोबारी, कोल ट्रांसपोर्टर, रेलवे कंस्ट्रक्शन, ठेकेदार, बालू माफिया, इंडस्ट्री संचालक से ही रंगदारी की डिमांड करता है। इसके अलावा किसी भी प्रकार के व्यवसाय से जुड़े किसी व्यवसायी से रंगदारी की डिमांड नहीं करता है। गैंग अपने स्तर से इस तरह के कृत्य करनेवाले को चिह्नित कर कार्रवाई करेगा।

क्या है मामला

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित अपर बाजार के कारोबारी और मेसर्स गुप्ता ट्रेडिंग के संचालक प्रज्ज्वल गुप्ता से एक करोड़ की रंगदारी गैंगस्टर अमन साहू के नाम पर मांगी गयी। इस मामले में कारोबारी ने कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। शनिवार की सुबह अनजान नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आया और खुद को अमन साहू बताया। एक करोड़ रंगदारी नहीं देने के एवज में उसके और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गयी है। मामले में डीएसपी कोतवाली प्रकाश सोय ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

पांच मंदिरों से त्रिशूल सहित अन्य सामान की चोरी

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी में एक साथ दुर्गा मंदिर सहित आसपास के चार अन्य मंदिरों में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। चोर मंदिरों की घंटी और त्रिशूल तक निकाल ले गए। एक साथ पांच मंदिरों में हुई चोरी की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी बीच एक युवक देवरी में कबाड़ी वाले के पास स्कूटी की डिक्की में रखकर चोरी की घंटी और त्रिशूल को बेचने के लिए पहुंचा था। तब कबाड़ी दुकानदार ने उस युवक को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। उसकी पहचान नगड़ी निवासी विनित राम के रूप में हुई। पुलिस ने चोरी के समान के साथ स्कूटी को भी जब्त कर लिया है।

सभी संबंधित अधिकारी को अपने-अपने विभाग में राजस्व वसूली में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत

हर हाल में राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करें : डीसी

कम राजस्व की वसूली पर समीक्षा कर तेजी लाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में राजस्व संग्रहण की वर्तमान स्थिति पर विभागीय प्रमुखों के साथ समीक्षा। राजस्व से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व उगाही में सभी रुकावटों को दूर करते हुए लक्ष्य के प्रति केंद्रीत रहें। सभी संबंधित अधिकारी को अपने-अपने विभाग में राजस्व वसूलने के लिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की बात कही। कहा कि राजस्व संग्रहण जिले की कार्यप्रणाली का अहम हिस्सा है। इस कार्य में पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने पदाधिकारियों को लोगों को कर भुगतान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

खनन क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लायें

डीसी ने खनन विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि वार्षिक लक्ष्य 30534.00 लाख रुपये का है। वहीं जनवरी तक 18370.28 लाख रुपए की वसूली की गयी है जो वार्षिक लक्ष्य का 60.16 प्रतिशत है। उन्होंने खनन पदाधिकारी को खनन के क्षेत्र में राजस्व वसूली में तेजी लाने की बात कही। कहा कि इसमें जो भी कारक बाधक हैं, उन्हें यथाशीघ्र दूर कर लक्ष्य प्राप्त करें। इसी तरह परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि विभाग को 5907.79 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य दिया गया था। जिसके विरुद्ध परिहवन विभाग द्वारा अबतक 4576.11 लाख रुपये की राजस्व वसूली कर ली गयी है। इस दौरान कम राजस्व वसूली होने के कारणों की समीक्षा करते हुए तेजी लाने का निर्देश दिया।

उत्पाद अधीक्षक को लगातार छापामारी का निर्देश

उत्पाद विभाग की समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक ने डीसी को बताया कि उत्पाद विभाग को 12100 लाख रुपए वसूली का वार्षिक लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध जनवरी तक 9091.17 लाख रुपये के राजस्व वसूली कर ली गयी है जो 75.13 प्रतिशत है। इसी तरह अवर निबंधन, राष्ट्रीय बचत विभाग, नगर निगम, विद्युत आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गयी। डीसी ने जिले में लंबित दाखिल-खारिज मामलों की भी समीक्षा की। 30 और 90 दिनों के लंबित म्यूटेशन के मामले में डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने को कहा। इस दौरान उन्होंने 90 दिनों से अधिक म्यूटेशन के लंबित मामले में डीसी ने पाटन, लेस्लीगंज, विश्रामपुर सहित अन्य अंचल अधिकारियों को ज्यादा मामले लंबित होने पर कारण पूछते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। भूमि सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों की अंचलवार समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को मामलों का जल्द निष्पादन करने को कहा। इस दौरान बैठक में वन प्रमंडल अधिकारी सौमित्र शुक्ल, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

कॉलेज प्रबंधक ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

एलसीएम में शांतिपूर्ण संचालित हो रही परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्यालय में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संचालित हो रही है। सोमवार को महाविद्यालय की प्रबंधक नूतन रानी ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी परीक्षा कक्षा में घूम-घूम कर स्थिति का जायजा लिया और परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त बताया। नूतन रानी ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक में एचएन-ए में 823 में 816 और एचएन-बी में 213 में 212 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की बायोलॉजी में 1264 में 1249, सोशल साइंस में 26 में 25 व बिजनेस स्टडी में चार में सभी चार परीक्षार्थी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान केंद्राधीक्षक विकास पटेल, स्टेटिक मजिस्ट्रेट पप्पू कुमार रवि, पुलिस पदाधिकारी सहदेव कपड़दार आदि मौजूद थे। परीक्षा का सफल संचालन बीडीओ सह उड़न दस्ता प्रभारी संदीप कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। परीक्षा के सफल संचालन में सुनील सिंह, शिक्षक आलोक सिंह, धीरज कुमार, तारकेश्वर विश्वकर्मा, नीरज मिश्रा, प्रभाकर कुमार, अरुण सिंह, अनिल कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, मनोज कुमार, सुनील कुमार, अनुराग सिंह, जुमाल हेंब्रम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती प्रबंधक व केंद्रधीक्षक।

इंटर की परीक्षा देने जा रहे तीन छात्र सड़क हादसे में घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। थाना क्षेत्र के पुरानी सीएससी समीप एनएच-98 पर एक बाइक पर सवार होकर पराक्षी देने दा रहे तीन परीक्षार्थियों को एक अज्ञात हाइवा ने धक्का मार दिया, जिससे तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें सीएससी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। तीनों परीक्षार्थियों की पहचान हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत बरवाडीह निवासी अरविंद कुमार यादव (18), अमरेश कुमार यादव (17) और विशाल कुमार मेहता (17) के रूप में हुई है। चिकित्सकों ने बताया कि अरविंद यादव को सिर में चोट लगी है। जबकि अमरेश यादव का दाहिना जांघ और घुटना पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। जबकि विशाल मेहता का दाहिना हाथ टूट गया है। तीनों की स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर रेफर किया गया है। वहीं, परिजनों ने बताया कि तीनों युवक इंटर साइंस के परीक्षार्थी हैं और आरके सीता प्लस टू हाई स्कूल हरिहरगंज ध्वितीय पाली में परीक्षा देने जा रहे थे। परिजनों ने बताया कि तीनों का आधार कार्ड सुधार करवाना था इस लिए समय से पहले घर से निकले थे।

मेहदीनगर में सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति, झामुमो नेता ने उपायुक्त का जताया आभार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में हुसैनाबाद शहर के वार्ड-2 स्थित मेहदीनगर में नबीनगर मुख्य पथ से सूरजदेव सिंह के घर तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस बाबत झामुमो के केंद्रीय सदस्य वशिष्ट कुमार उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि गांव में सड़क नहीं होने से आम जनता को भारी कठिनाई हो रही थी। जिसे लेकर पलामू डीसी को पत्र के माध्यम से सड़क निर्माण कराने का आग्रह किया था। सोमवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक में उक्त सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इसी लिए उन्होंने पलामू डीसी शशि रंजन व जिला कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। वहीं, सुशील सिंह, रंजीत सिंह, अशोक चंद्रवंशी, श्याम नारायण राम, तेजू सिंह, छोटू सिंह, उदय सिंह, संतोष सिंह, विजय सिंह, प्रदीप सिंह, विनोद सिंह और सीताराम आदि ने भी डीसी का आभार जताया है।

मुखिया ने बीडीओ को पत्र देकर की अबुआ आवास में योग्य लाभुक के चयन की मांग

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झरगड़ा के मुखिया अशोक चौधरी ने बीडीओ रोशन कुमार को पत्र देकर अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुक के चयन के बाज ही खाते में राशि भेजने की मांग की है। बीडीओ को दिए गए पत्र में उन्होंने बताया कि उनके निर्देशानुसार रोजगार सेवक द्वारा जियो टैग करने के बाद रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है उसमें अयोग्य लाभुक और एक घर से एक से अधिक सदस्यों का चयन किया जा रहा है। जिन लाभुक को तत्काल आवास की आवश्यकता है उनका नाम सूची में निचले पायदान पर है। उन्होंने लाभुकों का चयन जिला स्तरीय या बीडीओ द्वारा गठित टीम की ओर से जांच के बाद ही लाभुक के खाते में अग्रिम राशि भेजने का अनुरोध किया है।

वार्ड सदस्य के दाह संस्कार में शामिल हुए लोग

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। कुलहिया पंचायत अंतर्गत कारीलेबुडा वार्ड नंबर एक के वार्ड सदस्य सीताराम भुइंया (50) का रविवार की देर शाम निधन हो गया। इसकी सूचना पाकर क्षेत्र के राजद के कई नेता सोमवार को दाह संस्कार में शामिल होकर दुख प्रकट किये। इसमें मुखिया प्रतिनिधि सह राजद नेता सतेंद्र भुइंया, दीपक यादव, वीरेंद्र यादव, मथुरा रजक, सुजीत भुइयां, उपेंद्र भुइयां, रामाधार मेहता, बृहसपत भुइयां, रोजगार सेवक मिथिलेश पासवान आदि शामिल थे।

आदिम जनजाति बहुल गांव नावाडीह पहुंचे शशि रंजन, किया मतदाता सूची में नामों का सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन सोमवार को चैनपुर अंचल अंतर्गत आदमी जनजाति बहुल गांव नावाडीह पहुंचे। उन्होंने अहर्ता प्राप्त पीविटीजी लोगों का मतदाता सूची में नाम जुड़ा है या नहीं इससे अवगत हुए। घर-घर जाकर मतदाता सूची के कार्यों का सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि अधिकांश योग्य लोगों का मतदाता सूची में नाम जुड़ गया है। कई लोग गांव से बाहर थे लेकिन वैसे लोगों का भी नाम जुड़ा हुआ पाया गया। वहीं एक आदिम जनजाति समूह की युवती जिनका उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी थी का नाम मतदाता सूची में नहीं होने पर मौके पर ही वीएचए के माध्यम से फॉर्म-6 भरा गया। डीसी ने मौके पर उपस्थित बीडीओ को कई बच्चियों को सावित्री बाईफुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ने की बात कही। इसके बाद प्रखंड कार्यालय में आयोजित ग्राम पंचायत विकास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिये। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी से पेंशन के शिविर में अधिकाधिक योग्य लाभुकों को पेंशन से लाभान्वित करने की बात कही।

पत्रकार अजय सिन्हा की मौत की हो सीआइजी जांच, आश्रितों को मुआवजा और नौकरी दे सरकार : गणेश

धनबाद(आजाद सिपाही)। एआइएसएमजेडब्ल्यूए के बैनर तले सोमवार को जिले के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम डीसी वरूण रंजन को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें लातेहार के युवा पत्रकार और ऐसोसिएशन के पलामू प्रमंडल प्रभारी अजय सिन्हा की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत की सीआइडी जांच की मांग की गई। इसके अलावा दिवंगत पत्रकार अजय के आश्रितों को मुआवजा, पत्नी को एक नौकरी और दो बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की भी मांग की गई है। इस पर डीसी ने मांग पत्र अग्रसारित करने की बात कही है। इस संदर्भ में ऐसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी गणेश मिश्रा और शैलेंद्र जायसवाल उर्फ बंटी ने कहा कि राज्य में पत्रकारों को बीमा और पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए बीते 15 सालों से झारखंड के पत्रकार मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार का ओर ध्यान ही नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में न तो पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो रहा है और ना ही राज्य सरकार द्वारा बीमा या पेंशन दिया जा रहा है। आज झारखंड में बीमा योजना लागू हुई होती तो अजय के आश्रितों को थोड़ा सहारा मिल गया होता। वहीं, ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र जायसवाल ने कहा कि अजय के आश्रितों को मुआवजा और नौकरी के साथ ही मामले की सीआइडी जांच जरूरी है। वहीं, ऐसोसिएशन के धनबाद जिलाध्यक्ष योगेश सोनी और महासचिव सतेंद्र चौहान ने कहा कि देश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने में सक्षम केंद्र सरकार को ऐसे गंभीर मुद्दे पर रुचि लेनी चाहिए। डीसी को ज्ञापन सौंपने वालों में बब्बन झा, संजय सिंह, अभिमन्यु प्रसाद, मनोज शर्मा, करण प्रसाद, अजय प्रसाद, रोबिन दत्ता आदि शामिल थे।

कुमारधुबी में गुम बच्ची गलफरबाड़ी की महिला को मिली, लौटाया

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। कुमारधुबी बाजार में रविवार की शाम मां के साथ गयी आईरा (4) नामक बच्ची गुम हो गयी थी। वह रोती हुई गलफरबाड़ी की महिला पूनम देवी को मिली गई। जिसे महिला गलफरबाड़ी ओपी ले गई। पुलिस से बच्ची को मां से मिलाने की गुहार लगायी। पुलिस ने पता लगाया तो पता चला कि बच्ची निरसा के कंचनडीह की है। बच्ची की मां से संपर्क किया और ओपी बुलाकर बच्ची को उसे सौंप दिया। वहीं, महिला के इस नेक काम के लिए सोमवार को सादे समारोह में बच्ची को मां से मिलाने वाली उस महिला को गलफरबाड़ी ओपी में निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने सम्मानित किया। कहा कि महिला पूनम देवी ने जो नेक काम किया है वो प्रेरणा दायक है। वहीं, बच्ची की मां जाईवा परवीन ने बताया कि वह बच्ची को लेकर कुमारधुबी बाजार गयी थी। एक दुकान से कुछ सामान लेने लगी। थोड़ी देर बाद पीछे मुड़ी तो देखा कि बच्ची गायब है। बाजार में माइक से एनाउंस भी कराया। लेकिन तब उसका कुछ पता नहीं चला था।

मुख्यमंत्री के गिरिडीह आगमन को लेकर एसपी ने की बैठक, दिये आवश्यक निर्देश

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मंगलवार को गिरिडीह आगमन को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें एसडीपीओ सुमित प्रसाद, धनंजय राम, डीएसपी कोशर अली, साजिद जफर आदि शामिल हुए। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की निगरानी एसडीपीओ बिनोद रवानी करेंगे। वहीं कार्यक्रम स्थल में पुलिस अधिकारियों की तैनाती के साथ ही सख्त व्यवस्था रहेगी। जिले से तबादला के बाद अब तक 95 पुलिस अधिकारियों को विरमित किया गया है और अब नए अधिकारी भी आने लगे है। ऐसे में जल्द ही नए अधिकारियों को उनके योग्यता के अनुसार थाने की जिम्मेवारी सौंपी जाएगी।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नये थाना प्रभारी चंदन कुमार का किया स्वागत

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जय मां भावानी एचपी गैस एजेंसी संचालक सह सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद सिंह और मुखिया उमेश साव ने सोमवार को नए थाना प्रभारी चंदन कुमार को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सभी ने थाना प्रभारी चंदन कुमार से परिचय प्राप्त किया। वहीं, नये थाना प्रभारी चन्दन कुमार ने क्षेत्र में प्रेम, सौहार्द्र एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक में भाईचारा बनाए रखने की बात कही। कहा कि आम लोगों के सहयोग के बिना पुलिस प्रशासन अधूरा है। इसलिए लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। मौके पर विजय मिश्रा, हरेंद्र प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपिनयशिप में सोमवार को उज्बेकिस्तान को 3-0 से करारी शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अरने मुकाबले जीते।

विश्व टेबल टेनिस में बेटियों की लगातार दूसरी जीत

उज्बेकिस्तान को 3-0 से हराया, पुरुष टीम को मिली दूसरी हार

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम ने विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप में सोमवार को यहां उज्बेकिस्तान को हराया। अयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला को आराम दिए जाने के बावजूद भारत ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से शिकस्त दी। अर्चना कामत और दिया चितले ने मौके का फायदा उठाते हुए अपने मुकाबले जीते जबकि टीम की सीनियर साथी मनिका बत्रा ने भी जीत दर्ज करते हुए भारत को 3-0 से जीत दिलाई। अर्चना ने रिमा गुफ्रानोव को 11-7, 11-3, 11-6 से शिकस्त दी जबकि मनिका ने मारखाबो मेगदिएवा को 11-7, 11-4, 11-1 से हराया। दिया ने कड़े मुकाबले में रोजालिना खादजिएवा को 11-6, 10-12, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। चीन के खिलाफ 2-3 की हार के साथ अपना अभियान शुरू करने वाली भारतीय महिला टीम लगातार दो जीत के बाद ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर चल रही है। ग्रुप एक के अपने अंतिम मुकाबले में टीम मंगलवार को स्पेन से भिड़ेगी। टीम ने पिछले मैच में हंगरी को 3-2 से हराया था।

पुरुष वर्ग में कोरिया से मिली 0-3 से हार

वहीं, पुरुष वर्ग में अनुभवी शरत कमल, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान अपने-अपने एकल मुकाबले हार गए। इससे भारत को तीसरे वरीय कोरिया के खिलाफ ग्रुप चरण के अपने तीसरे मुकाबले में 0-3 से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 67वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष खिलाड़ी हरमीत को दुनिया के 14वें नंबर के जैंग वूजिन के खिलाफ 4-11, 10-12, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद साथियान दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लिम जोंगहून के खिलाफ 5-11, 7-11, 7-11 से हार गए जिससे भारत 0-2 से पिछड़ गया। शरत ने ली सैन सु के खिलाफ दूसरा गेम जीता लेकिन लय बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें 9-11, 11-8, 6-11, 5-11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। चिली के खिलाफ शुरूआती मुकाबला जीतने के बाद भारतीय टीम पोलैंड से 1-3 से हार गई थी।

मैनचेस्टर यूनाइटेड की लगातार चौथी जीत, लूटन टाउन को हराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेसमस के दोहरे गोल की मदद से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लूटन टाउन को 2-1 से हराकर लगातार अपनी चौथी जीत दर्ज की। रेसमस ने पहले और सातवें मिनट में गोल किए। पहला गोल तो उन्होंने 37 सेकंड में ही कर दिया था। यह यूनाइटेड का गैर-घरेलू मैदान में सबसे तेज गोल है। 21 साल के डेनमार्क के रेसमस ने प्रीमियर लीग में लगातार छठे मैच में गोल किया। वह ऐसा करने वाले सबसे युवा फुटबालर हैं। वहीं, लूटन ने 14वें मिनट में कार्लटन मोरिस की मदद से एक गोल कर वापसी का प्रयास किया लेकिन टीम हार न टाल सकी। यह यूनाइटेड की लीग में लगातार चौथी जीत है।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 54/2023–24

दिनांक 19/02/2024

मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेश ट्रस्ट

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	अग्रधन की राशि	योजना पूर्ण करने की तिथि
1	2	3	4	5	6	7
1	सदर	शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग परिसर में अवस्थित स्टॉफ क्वार्टर का उन्नयन कार्य।	4537100.00	5000.00	91000.00	छः माह
2	बड़कागांव	ग्राम नापोखुर्द में रोहन साव के घर से श्मशान घाट होते हुए हाई स्कूल की और पथ एवं पुलिया निर्माण।	4994200.00	5000.00	100000.00	चार माह
3	बरही	ग्राम कोनरा में नसीम अंसारी के घर से एन0एच0 2 पी0डब्लू0डी0 सड़क भाया मक्का मस्जिद नहर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	3229500.00	5000.00	65000.00	तीन माह
4	डाड़ी	उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुरकुटटा में चाहरदिवारी का निर्माण।	1664800.00	5000.00	34000.00	तीन माह
5	बरही	ग्राम गौरियाकरमा में कुमरन स्थान से निचितपुर नावा आहर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण।	1412400.00	2500.00	29000.00	तीन माह

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 23.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 24.02.24 से 02.03.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 04.03.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 319486 District(23-24).D

कतरास में छात्रा का अपहरण, थाने में मामला दर्ज

कतरास (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के श्यामडीह में कंप्यूटर जोन इंस्टीच्यूट में पढ़ने गयी 19 वर्षीय छात्रा का कथित रूप से दो युवकों द्वारा अपहरण कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के पिता ने कतरास पुलिस को लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटे ने सोमवार की सुबह 10 बजे श्यामडीह स्थित कंप्यूटर जोन में पढ़ने के लिए बेटी को छोड़कर वापस आया था। ट्यूशन पढ़ने के बाद दोपहर 2.30 बजे उनकी बेटी टोटो से घर आ रही थी। इसी बीच उने फोन पर 9798313992 नंबर से फोन आया। बेटी ने रोते हुए बताया कि दो व्यक्तियों ने उसका अपहरण कर लिया है। उसे अज्ञात स्थान पर ले गए हैं। दूसरी ओर, कतरास थानेदार असीत कुमार सिंह ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी गई है। फोन नंबर के आधार पर आरोपितों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही मामले का पटाक्षेप हो जाएगा और आरोपित सलाखों के पीछे होंगें।

शिकंजा : बोकारो पुलिस ने बंगाल के पश्चिम बर्दमान में की कार्रवाई

सीआइएसएफ जवान बनकर बंगाल झारखंड में ठगी, आरोपित गिरफ्तार

स्थानांतरण की बात कह कर टीवी, फ्रिज व कुलर सस्ते दर पर बेचने के नाम पर करता था ठगी

सब्जी विक्रेता को लगाया था 20 हजार रुपये का चूना, 11 जनवरी को हुई थी शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। खुद को सीआइएसएफ जवान का बॉडीगार्ड बताकर पश्चिम बंगाल और झारखंड के लोगों से ठगी करने के आरोति को बोकारो की सेक्टर-12 की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान राजेश रंजन झा (47) के रूप में हुई है। वह बिहार के बांका जिले के बाउसी गांव का रहने वाला है। उसके पास से चार खाकी पैंट, एक बेल्ट, सीआइएसएफ लोगों वाली तीन टोपी, तीन कैमोफ्लाईज टी शर्ट, चार खाकी मोजा, 1800 रुपये नकद, मोबाइल फोन-चार्जर आदि जब्त किया गया है। इसकी जानकारी सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने दी। वे सोमवार को सेक्टर 12 थाना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उनके साथ सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह भी मौजूद थे। सिटी डीएसपी ने बताया कि राजेश बारी कोऑपरेटिव के सब्जी विक्रेता अरुण कुमार प्रसाद ने विगत 11 जनवरी को राजेश रंजन के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि राजेश खुद को सीआइएसएफ का जवान बताकर उससे मिला था। कार से उसके पास पहुंचे राजेश ने उसे बताया कि उसकी पोस्टिंग बोकारो से अन्यत्र हो गयी है। इस लिए वह अपना सामान (फर्नीचर, फ्रीज, कूलर आदि) महज 20 हजार रुपये में ही बेचना चाह रहा है। इतना सस्ता डील सुनकर अरुण राजेश के झांसे में आ गया और उसे तुरंत 20 हजार रुपये दे दिया। पैसे लेने के बाद राजेश ने उसे एक पता दिया, जहां से सामान ले सकता है और वह खुद कार से वहां से तेज रफ्तार में निकल गया। वहीं, अरुण जब राजेश के दिए पते पर पहुंचा, तो वह फर्जी निकला। इसके बाद से राजेश से उसका कोई संपर्क है। खुद को ठगा महसूस होने पर वह सेक्टर-12 पहुंचा और आपबीति सुनाते हुए राजेश रंजन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भी राजेश के खिलाफ भादवि की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी क्रम में पुलिस को पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्दमान जिले के हीरापुर में राजेश के छिपे होने की सूचना मिली। बोकारो पुलिस वे तुरंत बर्दमान पुलिस से संपर्क कर राजेश को दबोच लिया। पुलिस की मानें तो आरोपित ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है। यह भी पता चला कि वह झारखंड-बंगाल में विभिन्न जगहों पर इस तरह की ठगी के कारनामे को अंजाम दे चुका है। पुलिस उससे पूछताछ कर पता लगाने में जुटी है कि उससे साथ और कौन-कौन लोग इस ठगी के खेल में शामिल हैं। वहीं, छापामारी दल में सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चंद्र सिंह, सिकेश कुमार यादव, जावेद इकबाल, प्रवीण सांगा, भागीरथ महतो आदि शामिल थे।

सेक्टर-12 थाने में पत्रकारों से बातें करते सिटी डीएसपी आलोक रंजन व अन्य।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

बोकारो (आजाद सिपाही)। जिला जनसंपर्क कार्यालय में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने कार्यभार संभाल लिया। पूर्व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती ने उन्हें पदभार सौंपा। प्रभार ग्रहण करने के बाद साकेत कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिले के सुदूर क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी।

कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी,कोडरमा

मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना

जिले के सभी मत्स्य कृषकों/मत्स्यजीवी सहयोग समिति/मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहयोग समिति लिमिटेड के सभी सचिव/अध्यक्ष/सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विभाग द्वारा संचालित वैसी योजनाएँ जिसमें लाभुक का अंशदान सम्मिलित है, वे अपना अंशदान बार–बार अनुरोध किए जाने के बावजूद नहीं लगा रहे है, जिस कारण वर्तमान वित्तीय वर्ष की बहुत सारी योजनाएँ अपूर्ण की स्थिति में है यथा गिलनेट, लाईफ जैकेट, केज रिमॉडलिंग, महाझींगा पालन, मछली–सह–बत्तख पालन, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत संचालित योजनाएँ इत्यादि।

अतः, सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि वैसे मत्स्य कृषक जो अपना अंशदान लगाने में आना–कानी कर रहे है उन्हें चिन्हित कर आगत वित्तीय वर्ष में उन्हें सभी योजनाओं से लाभान्वित होने से वंचित कर दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 319411 Fish(23-24).D

कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

जिला के सभी मत्स्य कृषकों/मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए आवश्यक सूचना

मात्स्यिकी गतिविधियों में मत्स्य बीज उत्पादन एक प्रमुख कार्यक्रम है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु मात्स्यिकी गतिविधियाँ काफी सहायक हैं। स्थानीय स्तर पर मत्स्य बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य स्पॉन, फीड तथा फ्राई कैचिंग जाल प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को उपलब्ध कराया जाता है।

सरकार द्वारा प्रदत्त अनुदान के सम्यक लाभ हेतु योग्य मत्स्य बीज उत्पादकों को तैयार करने के उद्देश्य से जिला के वैसे सभी मत्स्य कृषक, जो मत्स्य बीज उत्पादन के कार्य से जुड़े है या जुड़ना चाहते है, को एतद्–सह सूचित किया जाता है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र में सम्मिलित होने के लिए निम्न विहित प्रपत्र में निःशुल्क वांछित सूचना अपने जिला मत्स्य कार्यालय में जमा करें।

–:प्रपत्र:–

जिला का नामः

क्र0	आवेदक का नाम	तालाब का नाम	ग्राम	पंचायत	प्रखण्ड	खाता सं0	खेसरा सं0	जलक्षेत्र (एकड़ में)	तालाब का प्रकार (निजी/लीज/सामुदायिक/साझा)	लैंडमार्क	मोबाईल नं0

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 319416 (Fish)23-24*D

सुदेश महतो 6 मार्च को चंदनकियारी में करेंगे जनसभा : उमाकांत रजक

बोकारो (आजाद सिपाही)। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो चंदनकियारी की तरक्की, सामाजिक सौहार्द और सरकारी कार्यालयों में बढ़ती रिश्वत खोरी आदि को लेकर आम जनमानस से सीधा संवाद करने के लिए छह मार्च को चंदनकियारी आएंगे। वहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा। वहीं, चंदनकियारी में विकास की पहिया में गति देना, सामाजिक सौहार्द को मजबूती प्रदान करना और सरकारी कार्यालयों को रिश्वत मुक्त करने के विषय पर पूर्व मंत्री उमाकांत रजक के साथ जिला 20 सूत्री सदस्य विश्वनाथ महतो, महाराज महतो, नेमचांद महतो ने सोमवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो से उनके रांची स्थित आवास जाकर मुलाकात करते हुए विस्तृत चर्चा की। इस पर सुदेश महतो ने भी गंभीरता दिखाई है। कहा कि विकास की प्राथमिकता में सिल्ली मेरी मां है तो चंदनकियारी मौसी है। हमने चंदनकियारी में विकास की संरचना तैयार किया है। उसे किसी भी हालात में ढहने नहीं देंगे। वहीं, उमाकांत रजक ने कहा कि आजसू सुप्रीमो का वैज्ञानिक दृष्टिकोण लोगों को पसंद है। सुदेश समस्या नहीं समाधान पर चर्चा करते हैं।

विधायक सुदिव्य कुमार ने किया फोरलेन सड़क चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। गिरिडीह से पचम्बा तक करीब 39 करोड़ रुपये की लागत से होने वाली सड़क चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास सोमवार को विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष संजय सिंह, वार्ड पार्षद आदि मौजूद थे।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह सड़क 21 मीटर चौड़ी होगी। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि सड़क के किनारे जिन्होंने एनक्रोचमेंट किया है उन्हें थोड़ा बहुत नुकसान उठाना पड़े। विधायक ने कहा कि इस योजना से गिरिडीह पचम्बा के लोगों को लाभ होगा। कहा कि गिरिडीह में ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण की समस्या के निराकरण के लिए सड़क चौड़ीकरण की मांग अरसे से लोगों द्वारा की जा रही थी, जो आज पूरा हुआ। बताया कि गिरिडीह टावर चौक से लेकर कल्याणडीह तक करीब 5.7 किलोमीटर रोड का चौड़ीकरण किया जाएगा।

जिप सदस ने किया शेड निर्माण का शिलान्यास

गोमिया (आजाद सिपाही)। पंचायत के मध्य दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार को 15वें वित्त आयोग के जिला परिषद अंतर्गत अनाबद्ध अनुदान योजना मद से चबूतरा के ऊपर शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य डॉ सुरेंद्र राज ने किया। इस अवसर पर मुखिया बलराम रजक, पंसस जनकदेव यादव भी उपस्थित थे। जिप सदस्य ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे वक्त से मनांग थी कि गोमिया मध्य दुर्गा मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के लिए स्थाई शेड का निर्माण किया जाय। जिसे पूरा करने की पहल की गई है। जल्द ही इस जगह पर शेड का निर्माण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोमिया क्षेत्र में इसी प्रकार अन्य विकास के कार्य प्राथमिकता के साथ कराई जा रही है। गोमिया एवं पलिहरी गुरुडीह पंचायत में कोनार नदी से जल्द ही जलापूर्ति की जाएगी। इसी प्रकार बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के लिए भी कार्य जारी है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ जिप सदस्य का स्वागत किया। मौके पर दुलाल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, ओम किंकर वर्मा, रोहित यादव, मदन यादव, बिंदेश्वर यादव, जानकी यादव, शिवशंकर रवानी, अनूप अग्रवाल, रघुनाथ चौधरी, सुधीर ठाकुर, चितरंजन सिंह, संतोष हलदर और विनय साव आदि उपस्थित थे।

20-22 तक कोयलांचल की विभिन्न जगहों पर लगेंगे शिविर

मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देने की कवायद

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। झारखंड के 50 वर्ष से ऊपर की महिला एवं अनुसूचित जाति/जनजाति पुरुष को प्रति महीने 1000 रुपए पेंशन देने के लिए मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन की शुरूआत की गई है। इसके लिए जिले के सभी 256 पंचायत, नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में 20 से 22 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी, सीएससी, प्रज्ञा केंद्र, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि मौजूद रहेंगे। इस संबंध में सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक नियाज अहमद ने बताया कि शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर सभी प्रखंड कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायकों को पुराने समाहरणालय सभागार में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस लाभुक के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है और बनने के लिए दिया है, उनका रिसीविंग दिखाने पर आवेदन स्वीकार किया जाएगा। पर जब जाति प्रमाण पत्र बनेगा तब उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा। पेंशन योजना से योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने के लिए 20 से 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों और वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। लाभुकों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज दो फोटो अपने साथ रखने होंगे। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के रंजीत कुमार शर्मा, मोहम्मद कादीर अंसारी ने सभी प्रखंड कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, सहायकों को प्रशिक्षण दिया।

नव निर्मित समाहरणालय में रागिनी सिंह ने डीसी व एसएसपी से की मुलाकात

सरकार व जन प्रतिनिधि की विफलता के कारण झरिया मूलभूत सुविधाओं से वंचितः रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। झरिया समेत पूरे धनबाद जिले में चिन्हित जगहों पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं, बच्चो के स्कूल टाइमिंग पर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था, झरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रदूषण और उनसे हो रही गंभीर बीमारियों एवं डिगवाडीह टाटा कंपनी द्वारा वहां बसे लोगों को बिना समय दिए हटाए जाने संबंधी मुद्दों को लेकर सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने बरवाअड्डा स्थित नव निर्मित समाहरणालय पहुंच कर डीसी वरूण रंजन से मिली और उनका ध्यान आकर्षित करते हुए पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। लगे हाथ झरिया समेत जिले के सभी स्कूल के बच्चों की छुट्टियों के टाइमिंग के समय भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के साथ ही डिगवाडीह टाटा कंपनी द्वारा वहां बसे लोगों को समय दे उन्हें उचित स्थान पर विस्थापित करने को लेकर डीसी के साथ चर्चा की। इस पर डीसी ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक विचार कर जल्द समाधान करने की बात कही। वहीं, उन्होंने जिले के नए एसएसपी एचपी जनार्दन से उनके कार्यालय में पहली बार जाकर मुलाकात की। शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए उनके धनबाद आने के बाद प्रशासनिक प्रणाली और अपराधिक मामलों में कमी आने पर उन्हें विशेष बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उनसे भी झरिया समेत कोयलांचल में पूर्व में हुए घटनाओं समेत ट्रैफिक यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद करने को लेकर चर्चा की। रागिनी सिंह ने बताया कि झरिया में आए दिन सड़क संबंधित घटनाएं होती है जिससे कई लोगों की जिंदगी सड़क दुर्घटना में चली गई है। लोग एक-दूसरे के प्रियजनों को खो रहे है और सरकार एवं प्रशासन से इसकी व्यवस्था सुधारने को लेकर वो प्रयासरत है। झरिया में हो रही पानी की समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि यह सरकार और जनप्रतिनी की विफलता है कि फंड होने के बावजूद भी पूर्व विधायक संजीव सिंह द्वारा अनुसंशा पर भाजपा की पूर्व सरकार में पारित फंड का उपयोग कर यहां के लोगों को पानी की सुविधा मुहैया नहीं करा पाई। केंद्रीय सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर नल जल योजना का लाभ झरिया वासियों को अभी तक नहीं मिल पाया है, जिसके लिए मैं आगे भी प्रयासरत रहूंगी। ताकि झरिया वासियों को इसका लाभ मिल सके और लोगो को समस्याओं का सामना न करना पड़े। बताया कि पानी की घोर समस्या को देखते हुए खुद के मद से टैंकरों से झरिया के विभिन्न क्षेत्र में रोजाना पानी की आपूर्ति करा रही है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Very Short e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-21/2023-24

Letter no - 211 **Date :- 19 /02/2024**

Group No	Scheme Name	Estimated Cost (In Rs.)	Time of Completion
1.	Construction of Checkdam on Barsoti river in Village- Salaiya Block- Barkatha, District- Hazaribag	1,35,20,400.00	11 Months
2.	Construction of Lift Irrigation scheme on Badmahi River in Village- Bhaduli Pipradih Block- Barkagaon, District- Hazaribag	1,30,44,000.00	11 Months
3.	Construction of Bridge on Golodhab Nala Between Sudan and Salaiyadih Road in Panchayat- Salaiyadih Block- Chalkusha, District- Hazaribag	1,49,43,400.00	11 Months

1.	Date of Publication of e-Tender on website	23.02.2024 at 3:00 P.M
2.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	29.02.2024 up to 5:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)
3.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	29.02.2024 up to 5:00 P.M
4.	Date of opening of e-Tender	02.03.2024 at 03:00 P.M
5.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag
6.	Contact no. of e-Procurement officer	06546-270485
7.	E-mail of e- Procurement officer	eemidhbg-cemr-jhr@nic.in

Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.
2.) Published Estimated Cost may be increased or decreased.
3.) Further details can be seen and Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 319465 Minor Irrigation(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

अति अल्पकालीन ई निविदा सूचना

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या -22/JMT/2023-24 (2nd Call)

दिनांक – 17-02-2024

1 **Name of Work: - Construction of 125/115 mm dia with. 70m/90m/120 m mtrs deep drilled** tube well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine/ DTH RIG Machine with 125 mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform un der D.W. & S. Division, Jhumritelaiya for the Year 2023-24.

ग्रुप संख्या	ड्रिल्ड न0 की संख्या	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
KOD/DT/70 mtr / 03	100	89.17700	1.79000	10000.00	180 दिन
KOD/DT/70 mtr / 04	100	89.17700	1.79000	10000.00	180 दिन
KOD/DT/70 mtr / 05	50	44.58850	0.90000	5000.00	90 दिन
KOD/DT/70 mtr / 06	50	44.58850	0.90000	5000.00	90 दिन

2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	21.02.2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक
3	निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय	28.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक
4	सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	28.02.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् तक
5	तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय	29.02.2024 समय 5.00 बजे अपराहन्
6	तकनीकी बिड खोलने का स्थान	कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।
7	निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :-	ई0 अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया
8	निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0	08987463859, Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com
9	ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0	0651-2480345

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अभय टोप्पो),
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

PR.NO.319503 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

कांग्रेस पीइसी कमेटी की बैठक

पहले चरण में 70 सीटों के लिए टिकटों की घोषणा की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। चुनावी बिगुल बजने से पहले सभी राजनीतिक पार्टियां तैयार हैं। सभी राजनीतिक दल यह पता लगाने में लगे हुए हैं कि किस सीट पर किसे उम्मीदवार बनाया जायेगा। हालांकि, कांग्रेस ने सोमवार को टिकट बंटवारे को लेकर बड़ी जानकारी दी है। कांग्रेस मार्च में पहले चरण के टिकटों की घोषणा करेगी। पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक ने आज प्रांतीय चुनाव समिति की बैठक के मौके पर कहा, पहले चरण में लगभग 70 सीटों पर टिकटों की घोषणा की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक आम चुनाव के लिए अग्रिम टिकट जारी करने को लेकर कांग्रेस पीइसी कमेटी की बैठक हुई, जिसमें चुनाव कमिटि के 23 सदस्य मौजूद रहे। हालांकि इस बार कांग्रेस ने टिकट वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए नया तरीका अपनाया है। पहली बार, पार्टी ने उम्मीदवारों से टिकट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा। सभी उम्मीदवारों को 'प्रगमन' नामक ऐप में आवेदन करने के लिए कहा गया था, जिसमें विधायक के लिए 3 हजार और एमपी के लिए 700 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

ट्रांसफार्मर का लक्ष्मण सिंह ने किया उद्घाटन

कर्माटांड़ में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन करते लक्ष्मण सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

धनवार। भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह ने श्रीरामडीह पंचायथे पंचायत ग्राम कर्माटांड़ में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर पिछले दो तीन माह से खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने बरजो गांव स्थित हमारे कार्यालय में आकर दिया। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था। इसके बाद दो दिनों में गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुःख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण को किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बतायें। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे।

पीएम मोदी आज 1661 करोड़ से बने एम्स जम्मू का शुभारंभ करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

जम्मू। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जम्मू का उद्घाटन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने जम्मू दौरे के दौरान करेंगे। एम्स जम्मू, जिला जम्मू के साथ लगते सांबा के विजयपुर में स्थित है, जो 226.84 एकड़ में फैला हुआ है। इसे 1661 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है। एम्स में 30 जनरल और 20 सुपर स्पेशियलिटी विभाग होंगे। पहले चरण में लगभग तीस से अधिक जनरल और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में ओपीडी सेवाएं शुरू की जानी हैं। इसके साथ ही जिला स्तर के मरीजों को उचित चिकित्सा सेवाएं देने के उद्देश्य से टेलीमेडिसिन सुविधा भी शुरू की जा रही है। इसमें चौबीस घंटे चिकित्सा सलाह देने का प्रावधान होगा। जो मरीज खुद चलकर एम्स तक पहुंचेंगे, उनकी स्क्रीनिंग के बाद उन्हें जरूरत के मुताबिक सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सा के लिए सिफारिश की जायेगी। इसके अलावा जो मरीज ऑनलाइन अप्यांटमेंट लेकर आयेंगे, उन्हें सीधे संबंधित डाक्टर के पास भेजा जायेगा। पहले चरण में एम्स में आपात सेवाएं शुरू नहीं की जायेंगी। सभी जरूरी उपकरण और पर्याप्त संकाय व अन्य स्टाफ की तैनाती के बाद अगले छह माह में एम्स पूरी तरह से काम करने लगेगा। एम्स की करीब 500 नर्सों को दिल्ली एम्स में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया है। 187 सृजित पदों में से 85 संकाय सदस्यों की नियुक्ति कर ली गई है और बाकी की भर्ती जारी है। एम्स में सुरक्षा के लिए सौ प्रतिशत स्थानीय एक्स सर्विसमैन की नियुक्ति की जाएगी। यदि जगह बची तो दूसरे प्रदेश के लोगों को मौका दिया जायेगा।

एम्स रेफरल अस्पताल के रूप में काम करेगा, जिसमें गंभीर मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी। संस्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को गोद लेगा, उसके डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के काम करेंगे। इसके लिए प्रदेश प्रशासन को लिखा गया है। हर जिले को टेलिमेडिसिन सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

पहले चरण में 750 बिस्तर स्थापित किये जायेंगे : पहले चरण में 750 बिस्तर स्थापित किए जायेंगे। बाद में इसे बढ़ाकर 900 से अधिक बिस्तर करने का प्रावधान रखा गया है। एम्स प्रमुख रूप से शोध गतिविधियों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगा। प्रदेश में जहरीले पदार्थों के निगलने के बढ़ते मामलों को देखते हुए एम्स प्रशासन प्वाइजिंग (जहर) सूचना व प्रबंधन प्रणाली स्थापित करेगा। इसमें सर्पदंश और दूसरे जहर के मामलों के लिए जिला स्तर पर टेलिमेडिसिन के माध्यम से एम्स विशेषज्ञों द्वारा तत्काल उचित चिकित्सा सलाह मुहैया करवाई जायेगी। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) विजयपुर के सभी 42 भवनों को जीआरसी क्लेडिंग प्रणाली से लैस किया जा रहा है।

कंटाबांजी विधायक संतोष सिंह सलूजा को 15 दिनों के अंदर जान से मारने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कंटाबांजी विधायक संतोष सिंह सालूजा को जान से मारने की धमकी दी गयी है। विधायक के परिवार और कांग्रेस कर्मियों ने थाने में एफआइआर दिया है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में 15 दिन के अंदर हत्या करने के बैनर लगाया गया है। दूसरी ओर संतोष सिंह सालूजा ने कहा कि राज्य में पहले मंत्री सुरक्षित नहीं थे, अब विधायक सुरक्षित नहीं, अगर वह मारा गया तो 100 सलूजा पैदा होंगे। यह बैनर सोमवार को सुबह कंटाबांजी गर्ल्स हाई स्कूल के बाहर एक दुकान के पास लगाया गया था।

इस बैनर में लाल रंग में लिखा गया था कि 15 दिनों के अंदर कंटाबांजी विधायक को मार दिया जायेगा। बैनर पर एक अज्ञात व्यक्ति की तस्वीर भी है। घटना स्थलों पर कंटाबांजी पुलिस ने बैनरों को जब्त कर जांच शुरू कर दी।

जुआ बंद कराने गये समुद्री थाना अधिकारी पर हमला

गिरफ्तारी के डर से गांव खाली

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पुलिस थाना अधिकारी की पिटाई की घटना में पुलिस ने 21 लोगों को उठाया। उनमें से 11 लोगों को कोर्ट फरुआड किया गया। दूसरी तरफ गिरफ्तारी के डर से उदयपुर गांव के पुरुष अव गांव छोड़ कर भाग गये है।

सूचना मुताबिक रविवार रात को बालेश्वर तालसारी समुद्री थाना अधिकारी चंपावती सोरेन को एक सूचना मिली की एक दुकान में जुआ का खेल चल रहा है। सूचना पाकर थाना अधिकारी जुए के अड्डे पर छापा मारा की। इसी दौरान दुकान बंद कराने को लेकर थाना अधिकारी और कुछ लोगों से विवाद हो गया। बाद में वे पुलिस अधिकारी को एक दुकान के अंदर खींच ले गये। कुछ असामाजिक लोगों ने तालसारी समुद्री थाना अधिकारी को पिटाई कर दी। हमले में पुलिस गाडि का ड्राइवर और 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए. सूचना पाकर चंदनेश्वर फांडी और वोगराई पुलिस वहां पहुंच कर थाना अधिकारी को बचाया।

मैट्रिक परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

- बोर्ड ने नकल रोकने के लिए 41 स्क्वाड का गठन
- परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन की अनुमति नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मैट्रिक परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। बोर्ड कर्तुपक्ष ने जानकारी दी है कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कुल 5 लाख 51 हजार 611 नियमित परीक्षार्थी इस बार 3047 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। अभ्यर्थी सुबह 7:30 से 8:15 बजे के बीच परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं से बचने के लिए काफी सावधानियां बरती गयी हैं। परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन की अनुमति नहीं होगी। सुबह साढ़े आठ बजे स्ट्रांग रूम खोला जायेगा। प्रश्नपत्रों के पहले सेट की सील सुबह 8.45 बजे और दूसरे सेट की सील सुबह 9 बजे खोली जायेंगी। मैट्रिक परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए इस वर्ष तीन समीक्षा बैठकें हो चुकी हैं। बोर्ड ने नकल रोकने के लिए 41 टीमें बनायी हैं।

डीइओ स्तर पर 72 स्क्वाड का गठन किया गया है। इसके अलावा स्थानीय प्रशासन और पर्यवेक्षकों के स्तर पर फ्लाइंग स्क्वाड का गठन किया गया है। इसके अलावा 313 नोडल सेंटरों पर सीसीटीवी लगे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अति संवेदनशील केंद्रों की सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की व्यवस्था की है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष डॉ निहार रंजन महांति ने इसकी जानकारी दी है।

सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर हुआ लीक!

रद्द करो पेपर, वरना होगा आंदोलन : परीक्षार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

मथुरा। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा लीक होने की खबर आने के बाद अभ्यर्थियों में आक्रोश है। उत्तर प्रदेश के मथुरा में सोमवार को अभ्यर्थियों ने पेपर रद्द करने की मांग की है। अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। अभ्यर्थियों ने एकत्र होकर डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

इसके अलावा सभी अभ्यर्थी हाथों में तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। ऐसे में जालसाजी करने वाले नौकरी पा जाएंगे। जो अभ्यर्थी वर्षों से मेहनत कर रहे हैं, उनकी मेहनत पर पानी फिर जायेगा। इस दौरान अभ्यर्थी श्याम, राहुल, दुष्यंत सिंह, राजू, हरवीर, धीरज, राजकुमार, अजय धनगर, लक्ष्मीनारायण सहित कई छात्र शामिल रहे।

सभी ने एक सुर में कहा कि सोशल मीडिया पर लीक पेपर वायरल हो रहा है। मामले की सरकार जांच कराये। साथ ही परीक्षा को रद्द किया जाये, नहीं तो हम लोग आंदोलन करेंगे।

दोबारा करायी जाये परीक्षा : उन्होंने कहा कि परीक्षा पुनः आयोजित की जाये, ताकि मेहनत करने वाले अभ्यर्थी नौकरी पायें। जालसाजी करने वालों के मंसूबों पर पानी फिरे। डीएम ने अभ्यर्थियों को समझाते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फेक पेपर वायरल हो रहा है। उनकी मांग संबंधी ज्ञापन को शासन को भेज दिया जायेगा।

बसपा छोड़ फिर सपा में शामिल हुए अफजाल

आजाद सिपाही संवाददाता

गाजीपुर। सांसद अफजाल अंसारी बसपा का साथ छोड़कर फिर से समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। साथ ही उन्हें गाजीपुर संसदीय सीट से सपा ने अपना प्रत्याशी भी घोषित कर दिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से सरजू पांडेय सरीखे नेता के मार्गदर्शन में राजनीतिक करियर शुरू करने वाले अफजाल अंसारी पांच बार विधायक और दो बार सांसद चुने गये। वह 1985 में मुहम्मदाबाद से पहली बार भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी से विधायक बने। उसके बाद वर्ष 1996 तक लगातार पांच बार विधानसभा में पहुंचते रहे।

संसदीय कार्यकाल के अंतिम वर्ष में उन्हें गैंगस्टर के मुकदमे में 29 अप्रैल को एमपी-एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी को सजा सुनायी गयी थी, जिसके बाद अफजाल अंसारी जिला कारागार में भेज दिये गये। बाद में वे सुप्रीम कोर्ट गये, जहां से उनकी लोकसभा की सदस्यता बहाल कर दी गयी।

सीएम ने सुबर्णपुर, कटक, झारसुगुड़ा, कंधमाल और संबलपुर जिलों में लक्ष्मी बस योजना का शुभारंभ किया

- पांच जिलों की 700 पंचायतों में 205 बसें संचालित, 44 लाख से अधिक लाभान्वित होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुबर्णपुर, कटक, झारसुगुड़ा, कंधमाल और संबलपुर जिलों में लक्ष्मी बस योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मी बस का उपयोग कर गांव के लोग अपना रोजमर्रा का काम आसानी से और कम खर्च में कर सकते हैं। लक्ष्मी बस हमारी जीवन यात्रा को आसान बनायेगी। हमारे घरों में समृद्धि लायेगी। उन्होंने कहा कि मैं लोगों की इच्छाओं का सम्मान करता हूं, मो सरकार के सभी कार्यक्रम लोगों की राय पर आधारित हैं, लक्ष्मी योजना भी लोगों की इच्छाओं से लागू होती है। मुख्यमंत्री ने कहा, 5टी अधक्ष और मुख्यमंत्री के जिला गश्ती के बाद हमने लोगों की समस्याओं को महसूस किया और लोगों के सुझावों के बाद गांव के लोगों की संचार समस्या को हल करने के लिए लक्ष्मी बस योजना तैयार की गयी। शुभारंभ के बाद 5 जिलों की 700 पंचायतों में 205 बसें चल रही हैं। इससे 44 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा हुआ। सुवर्णपुर 102 पंचायतों में 58 बसें चलीं और 5 लाख 73 हजार लोगों को फायदा हुआ। कटक की 261 पंचायतों में 48 बसें चलीं और 18 लाख 37 हजार लोगों को फायदा हुआ। झारसुगुड़ा की 76 पंचायतों में 16 बसें चलीं और 5 लाख 62 हजार लोगों को फायदा हुआ। कंधमाल की 164 पंचायतों में 52 बसें चलीं और 7 लाख 3 हजार लोगों को फायदा हुआ। इसी तरह संबलपुर की 97 पंचायतों में 31 बसें चलीं और 7 लाख 28 हजार लोगों को फायदा हुआ।

कार्यक्रम में संबलपुर में मौजूद परिवहन मंत्री टुकुनी साहू ने कहा कि लक्ष्मी बस सिर्फ एक बस सेवा नहीं है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री के सबसे सफल प्रयासों में से एक है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री निरंजन पुजारी, विधायक पद्मनाव बेहेरा, कटक विधायक देवी प्रसाद मिश्र, विधायक चंद्रसारथी बेहेरा, झारसुगुड़ा विधायिका दीपाली दास, विधायिका अलका महांति, कंधमाल सांसद अच्युत सामंत और कार्यक्रम में विधायक चक्रमणि कहंर उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज राज्य में न केवल परिवहन, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है।

कार्यक्रम का समन्वयन कर रहे थे 5टी एवं नवीन ओडिशा के अध्यक्ष वी कार्तिक पांडियन ने कहा कि नंबर एक पर स्थापित होने के लिए कड़ी मेहनत और त्याग की आवश्यकता होती है। मुख्यमंत्री उनके आदर्श उदाहरण हैं। हमारे मुख्यमंत्री पिछले 24 वर्षों से देश के नंबर एक मुख्यमंत्री हैं। इसके लिए उनकी मेहनत और त्याग की कोई तुलना नहीं है। साथ ही उन्होंने संबलपुर जिले के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संबलपुर से पुरी तक सप्ताह में दो दिन चलने वाली श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस 25 फरवरी से हर दिन चलेगी।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**